सुप्रभात
रांची, सोमवार
14.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 269 | 06 | अंबेडकर और उनके अनुयायी

## न्यूज डायरी

### हादसे में शादी के 27 दिन पहले दूल्हे की मौत

**गढ़वा।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में एक बाइक के अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गयी। एक गंभीर रूप से जख्मी है। मृतक की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा निवासी मनराखन सिंह का पुत्र दयानंद (26) के रूप में हुई है। 27 दिनों के बाद उसकी शादी होनी थी। दोनों बाइक से भंडरिया जा रहे थे। इसी क्रम में नौका स्थित परभन मंदिर के पास उन्होंने एक अज्ञात ट्रैक्टर में टक्कर मार दी।

### फल व्यवसायी को दिनदहाड़े मारी गोली

**बोकारो।** अपराधियों ने एक फल विक्रेता को दिनदहाड़े गोली मार फरार हो गये। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका नाम विवेक साव बताया जा रहा है। यह मामला सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट स्थित फल गोदाम के पास की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### पटाखा फैक्टरी में धमाका, आठ की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ले जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट से आठ लोगों की मौत हो गयी। छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। रविवार दोपहर हुए हादसे में मारे गये अधिकांश लोग और घायल होने वाले पूर्वी गोदावरी जिले के समरलाकोटा के हैं। शादी-ब्याह का सीजन होने से बड़ी संख्या में कर्मचारी काम कर रहे थे।

### शहीद जवान सुनील को राज्यपाल-सीएम ने दी श्रद्धांजलि

# बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा : हेमंत

- नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आइइडी ब्लास्ट में शहीद हो गये थे सुनील
- पैतृक गांव कर्रा के कांटी पोहरा टोली में नम आंखों से दी गयी मिट्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, खूंटी।** चाईबासा में नक्सलियों से मुठभेड़ और आइइडी ब्लास्ट में शहीद जवान सुनील धान को राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड जगुआर मुख्यालय जाकर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि देश और राज्य के लिए यह बलिदान कभी ना भूलने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की घटना पीड़ा देती है। देश और राज्य शहीद जवान का हमेशा ऋणी रहेगा। राज्य सरकार शहीद जवान के परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगी। उन्होंने कहा, हमारे जवानों की आहुति कभी व्यर्थ नहीं जायेगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। नक्सलवाद पूरे देश की समस्या है, जो अब समाप्ति की ओर है। शहीद जवान के पार्शिव शव पर मुख्य सचिव, डीजीपी के साथ आइजी अभियान, आइजी सीआरपीएफ, आइजी रांची, डीआइजी सह रांची एसएसपी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। (शेष पेज 11 पर)



शहीद को अंतिम सलामी देते राज्यपाल, सीएम व अन्य।

### झामुमो का 13वां महाधिवेशन आज से, सभी तैयारी पूरी

# गुजरात तक पार्टी विस्तार की तैयारी

- सात राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं रांची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन का शुभारंभ सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित शहीद हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में बने बाबा साहेब भीमराव अंबेडर प्रांगण में होगा। महाधिवेशन को लेकर झामुमो की ओर से पुख्ता तैयारी कर ली गयी है। महाधिवेशन में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, असम, तमिलनाडु, गुजरात समेत अन्य राज्यों से भी झामुमो के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन की जानकारी देते हुए केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि महाधिवेशन हम सबके लिए उत्सव की तरह है। अबतक 3500 से अधिक प्रतिनिधियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास पार्टी को गुजरात तक ले जाने का है। गुजरात के आदिवासी और मूल निवासी सबसे अधिक शोषित और उत्पीड़ित हैं। यही कारण है कि गुजरात जाकर उनकी आवाज बनना, उनकी लड़ाई लड़ना बहुत महत्वपूर्ण होगा। (शेष पेज 11 पर)



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री व अन्य।

#### 15 को नयी कमेटी का गठन

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि दूसरे दिन 15 को नयी केंद्रीय कमेटी का गठन किया जायेगा। नयी कमेटी द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में भाग लेने के लिए गुजरात से प्रतिनिधि पहुंच चुके हैं। अधिवेशन के दौरान उनका परिचय भी कराया जायेगा।

## वक्फ कानून के विरोध में जल रहा है बंगाल, हाईकोर्ट सख्त

- मुर्शिदाबाद में अर्द्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च

**एजेंसी**

**कोलकाता।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कई इलाकों में हुई हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी है। अर्धसैनिक बलों ने रविवार को हिंसा प्रभावित समसेरगंज, धुलियान समेत कई इलाकों में रूट मार्च किया। रविवार को भी समसेरगंज में स्थिति गंभीर बनी रही। केंद्रीय गृह सचिव ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। पूरा इलाका दहशत में है। हिंसा से कई लोग बेघर हैं। पलायन को विवश हैं। मुर्शिदाबाद समेत कई इलाकों में हुई हिंसा में अबतक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा मामलों में 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलायीं। ईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गयी।



# राष्ट्र सेवा की पहली सीढ़ी है मतदान: ज्ञानेश कुमार

- दशम जलप्रपात की बीएलओ प्रेरणा स्रोत
- दिल्ली ट्रेनिंग प्रोग्राम में बनेंगी ट्रेनर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसीआई) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के हर घर तक अपनी पहुंच बनायी। मतदान प्रतिशत भी बेहतर किया। उन्होंने कहा- जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे बीएलओ दीदी। वह रविवार को दशम जलप्रपात के प्रांगण में बीएलओ से संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। बाद में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को दिल्ली में होनेवाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में ट्रेनर के रूप में भाग लेने बुलाया जायेगा। देश के अन्य बीएलओ भी इनकी कार्यशैली को जान सकें एवं इनसे प्रेरित हो सकें। भारत निर्वाचन आयोग देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग दे रहा है। (शेष पेज 11 पर)





## बरकट्ठा में हिंसक झड़प पथराव और आगजनी


- इलाका छावनी में तब्दील, स्थिति काबू में : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। साथ ही उपद्रवियों ने घर में रखे पुआल और अन्य सामान में आग लगा दी है। जानकारी के अनुसार आधा दर्जन जगहों पर आगजनी की घटना हुई है। हालात को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि दो पक्षों के बीच पथराव और आगजनी के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। स्थिति नियंत्रण में है। जानकारी के मुताबिक, हजारीबाग के बरकट्ठा के झुरझुरी में यज्ञ को लेकर रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार नगर भ्रमण का आयोजन किया गया था। नगर भ्रमण के दौरान लोगों पर पथराव की घटना हुई। जिसके बाद लोगों ने जीटी रोड को जाम कर दिया है।





## टूरिज्म के क्षेत्र में संभावनाएं तलाशने कोलकाता पहुंचे पर्यटन मंत्री

# कोलकाता में झारखंड पर्यटन रोड शो ने खोले साझेदारी और संभावनाओं के द्वार

सुधीर

**रांची।** पर्यटन विभाग की ओर से कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो न केवल निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के लिए एक मंच बना, बल्कि यह झारखंड और बंगाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक रिश्ते का जीवंत प्रमाण भी बना। झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कोलकाता को रोड शो के लिए चुने जाने के पीछे का कारण साझा करते हुए कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं हैं, बल्कि हम साझी विरासत के दो पन्ने हैं। चैतन्य महाप्रभु की यात्राओं से लेकर ब्रिटिश बंगाल प्रेसिडेंसी तक, हमारी परंपराएं, स्वाद और संस्कार गहराई से जुड़े हुए हैं।

### झारखंड से जुड़िये, हमारी परंपराएं, स्वाद और संस्कार गहराई से जुड़े हैं...



### बंगाल से झारखंड आनेवाले पर्यटक को कहते हैं चेंजर

झारखंड के गांवों में जब कोई पर्यटक बंगाल से आता है, तो लोग उन्हें चेंजर कहते हैं। यह सिर्फ एक शब्द नहीं, हमारी सांस्कृतिक निकटता की पहचान है। मंत्री ने कहा कि झारखंड आने वाले पर्यटकों में से ज्यादातर पर्यटक पश्चिम बंगाल से होते हैं। इसलिए हमने टूरिज्म की इस नई यात्रा की शुरूआत कोलकाता से की है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की परंपरा रही है, शुरूआत चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हम अंततः विजय प्राप्त करते हैं। झारखंड सरकार का यह रोड शो केवल एक प्रस्तुति नहीं था, यह एक आमंत्रण था।

### झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं हैं, बल्कि हम साझी विरासत के दो पन्ने

**आइये, झारखंड जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत भी बहाते हैं :** आइये, झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते हैं। जहां पहाड़ केवल ऊंचाई नहीं, कहानियां समेटे हैं और जहां हर यात्रा एक अनुभव है। इस अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ मंत्री ने कई प्रतिष्ठित समूहों अंबुजा नेओटिया, पोलो चायर्स, श्रीराम ओजोन, पीयरलेस होटल्स, होटल सोनार बंगला, कनवेयर एंड रोपवे सविर्सेस तथा सुमी यशश्री होटल्स एंड रिसोर्ट्स के साथ उच्च स्तरीय बी-2जी बैठकें कीं, जिनमें झारखंड में पर्यटन निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और साझेदारी के पहलुओं पर सार्थक संवाद हुआ।

**झारखंड का पर्यटन विकास सरकार की प्राथमिकता :** सरकार सजग है, समर्पित है और आपके स्वागत को आतुर है। हमारा राज्य, आपकी अगली डेस्टिनेशन बन सकता है, अंत में उन्होंने कहा की झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व वाली सरकार झारखंड में पर्यटन विकास प्राथमिकता में है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम झारखंड में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया, जहां उन्होंने झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं एवं सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रोत्साहन के बारे में सभी को अवगत कराया।

## हाईकोर्ट ने पिछले साल दिया था त्वरित सुनवाई करने का निर्देश

# करोड़ों के घोटाला मामले में कोर्ट नहीं पहुंच रहा गवाह

- जाली दस्तावेजों पर बैंक से 6.23 करोड़ रुपये ऋण लेने से जुड़े मुकदमे की त्वरित सुनवाई का निर्देश



उदय चौहान

**रांची।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों घोटाला करने के मामले में गवाह कोर्ट नहीं पहुंच रहा है। झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया से 6.23 करोड़ रुपये की राशि ऋण स्वीकृत करवा लेने के जुर्म में ढाई साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी बोंगरा कुमार सिंह की मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह आदेश उसकी ओर से हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका को खारिज करते हुये दिया है। इसकी अवधि जल्द ही पूरी होने वाली है। हाईकोर्ट ने अधिमानतः नौ महीने के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया है लेकिन, मामले में सीबीआई को गवाह लाने में परेशानी हो रही है। पिछले दो महीने से मामले में एक भी गवाही दर्ज नहीं की जा सकी है। मामले में सीबीआई ने 69 गवाहों की सूची के साथ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने आरोपी को उक्त आरोप में 30 जून 2022 को जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। निचली अदालत ने दो बार और हाईकोर्ट एक बार जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मामले में 29 मार्च 2023 को आरोप गठित किया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** आरोपी बोंगरा कुमार सिंह ओड़िशा के मयूरभंज के बारीपदा थाना क्षेत्र के भंजपुर गांव निवासी है। आरोपी ने मुकेश शाह, संजय शाह और रविकांत प्रसाद के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया, रामगढ़ शाखा से बेईमानी के इरादे से आपराधिक षड्यंत्र कर दिसंबर 2016 से मई 2017 के बीच 6.23 करोड़ रुपये की राशि वाहन ऋण स्वीकृत करवा लिया था। यह वाहन ऋण तेल टैंकरों की बॉडी के निर्माण के लिए गैर मौजूद फर्म मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज के खाते में स्थानांतरित की गई थी। ऋण लेने के बाद आरोपी ने किस्त का भुगतान नहीं किया। इसके कारण ऋण एनपीए हो गया। इसके बाद सीबीआई ने 19 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी।

## भाजपा ने झामुमो के महाधिवेशन पर साधा निशाना

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालने का भी संकल्प पारित हो : प्रतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो अपने चुनाव घोषणा पत्र के वादों को लागू करने का संकल्प पारित करे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने चुनाव से पहले वादों की झड़ी लगा दी थी, लेकिन धरातल पर वो वादे मूर्त रूप नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा विवाद मंईयां सम्मान योजना को लेकर हो रहा है। सरकार अपने मन मुताबिक इसकी संख्या में कटौती कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया था, लेकिन अब उसको वह भूल गई है। पांच वर्षों में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का भी वादा था। महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने का भी वादा था। किसानों को बिना गारंटी के लोन भी उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि झामुमो को अपने केंद्रीय अधिवेशन में उक्त वादों पर संकल्प पारित करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगे सीमावर्ती जिलों में लगातार आदिवासियों की संख्या घट रही है और मुसलमानों की जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। महाधिवेशन में इस मुद्दे पर गहन चिंतन करना चाहिये और सभी अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने का संकल्प पारित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों को हो रहा है।

उन्होंने कहा कि झामुमो पर हमेशा परिवारवाद का आरोप लगता है। लोग मानकर चल रहे हैं कि अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष का पद सोरेन परिवार के पास ही रहेगा। झामुमो को पारदर्शिता दिखाते हुये अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी परिवार से बाहर के समर्पित कार्यकर्ता को देना चाहिये। पार्टी के पदों पर चुनाव में झामुमो को आईवॉश नहीं करना चाहिये।

# भूईंहरी जमीन की हेराफेरी में सीएमओ की भी संलिप्तता संभव : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- मामले की हो जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने भूईंहरी जमीन की हेराफेरी में सीएमओ और मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि रांची में आदिवासी भुईंहरी जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेचे जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। कांके के चामा गांव में उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से मिलकर जमीन की हेराफेरी की जानकारी ली थी और इसे प्रशासन के संज्ञान में लाया था। उन्होंने कहा कि कांके अंचल की कई जमीनों पर इंडी गठबंधन के नेताओं और



जमीन माफियाओं की नजर है। सत्ता के संरक्षण में रैयती, पहनाई, भुईंहरी और गैरमजरुआ जमीनों पर माफिया तत्व जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरियातू में भुईंहरी जमीन पर कब्जे के मामले में हेमंत सोरेन की भूमिका किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर के बूते 200 एकड़ जमीन की हेराफेरी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस खेल में सीओ से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक मिली-भगत होगी। इसमें मुख्यमंत्री की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच होनी चाहिये।

# झामुमो वक्फ संशोधन कानून पर धमकी वाली भाषा बोलना बंद करे : प्रदीप वर्मा

- भाजपा सांसद ने कहा कि दोनों सदन में बहुमत से पारित बिल पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना है कानून

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने रविवार को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबा झामुमो ने अपने आंख कान बंद कर लिया है। उसकी जुबान से असंवैधानिक, असंसदीय और उकसाने वाले शब्द निकल रहे हैं। झामुमो को मालूम होना चाहिये कि झारखंड में भी भारत का संविधान लागू होता है। झामुमो के संविधान से झारखंड का शासन नहीं चल सकता है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित वक्फ संशोधन और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बने कानून के संबंध में दिया गया झामुमो का बयान राष्ट्र विरोधी है। इस मुद्दे पर झामुमो को माफी मांगनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून से गरीब, वंचित मुस्लिम समाज को बड़ा लाभ मिलने वाला है। वक्फ संपत्ति से होने वाली आय को उनके विकास में खर्च करने केलिये संवैधानिक प्रावधान मजबूत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वक्फ की संपत्ति से गरीबों को लाभान्वित करने की दिशा में कानून बनाये हैं। इसे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विरोध कर रहे हैं। ऐसा ही इंडी गठबंधन ने तीन तलाक कानून, सीएए के संबंध में भी फैलाये थे। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून में आदिवासी जमीन को भी सुरक्षित किया गया है। इस कानून के तहत शेड्यूल-5 के तहत आने वाले झारखंड में आदिवासी समाज की जमीन को वक्फ की संपत्ति में नहीं शामिल करने का कड़ा प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो विद्रोह वाली भाषा बोल रहा है, जबकि संसद में उनके सांसदों को बिल पर बोलने का पूरा मौका मिला था। उन्होंने कहा कि झामुमो का दोहरा चरित्र जनता जानती है।

## डीजीपी ने बुलायी हाई लेवल मीटिंग

# सारंडा के क्षेत्र में बड़े अभियान की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ एवं आइइडी ब्लास्ट में जगुआर के एक जवान की शहादत के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में हाई लेवल मीटिंग की। पुलिस मुख्यालय में हुई मीटिंग में पुलिस के सीनियर अफसरों के अलावा सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। चाईबासा के पुलिस अधिकारी वीसी के जरिये जुड़े थे। इस मीटिंग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक के बाद पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होगा। सारंडा में कई बड़े नक्सली अपने दस्ते के साथ जमे हैं। वहां चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा और बड़े स्तर पर चलाया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता सोमवार को चाइबासा जाकर अभियान की तैयारी को अंतिम रुप दे सकते है।

**सारंडा में मौजूद हैं कई बड़े नक्सली :** जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत कई अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा के जंगल में मौजूद हैं। इसी सूचना पर चाइबासा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान में झारखंड पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के अधिकारी व जवान शामिल हैं।

# विधानसभा के विशेष सत्र में वक्फ कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को सिफारिश भेजे सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यालय के सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवम मजलिसे उलेमा झारखंड के संयुक्त बैठक मौलाना उजैर कासमी की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में वक्फ बोर्ड के सदस्य अबरार अहमद, कलाम रशीदी बुद्धिस्ट सोसाइटी, भाकपा माले, टीएमसी, सहित कई संगठनों के पदाधिकारी, वक्फ संशोधित कानून के विरोध में एकजुट हुए।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून कर केंद्र की सरकार ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला किया है। वक्फ बोर्ड की जमीन को अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को देने के लिए सरकार योजना बना रही है। देश में सेना की जमीन, गैरमजरूआ, केशर हिंद की जमीन या भूदान की जमीन हो इन सारे जमीनों पर कॉर्पोरेट घराने की नजर है। यही कारण है कि अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को खुश रखने के लिए मोदी की सरकार ने सबसे पहले निशाना अल्पसंख्यकों पर करते हुए वक्फ संशोधन कानून लाकर रातों-रात राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा लिया। ऐसे कई बिल राष्ट्रपति के पास बिना हस्ताक्षर के वर्षों तक पड़ा रहा है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट को टिप्पणी करना पड़ा कि 3 महीने के अंदर उसके कारण बताएं।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अल्पसंख्यक अधिकार मंच झारखंड की ओर से 11 मई को रांची में विशाल सेमिनार का आयोजन कर आगे का आंदोलन तय किया जाएगा। नेताओं ने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि विधानसभा के विशेष सत्र बुलाकर इस कानून को निरस्त करने की अपील राष्ट्रपति से करें।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कामरेड डी राजा एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए के रशीदी के द्वारा सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट में अर्जी लगायी गयी है कि कानून को निरस्त किया जाए। सभी संगठनों के नेताओं ने सभी धर्म के मानने वाले लोगों से अपील की कि एक मंच पर आकर नये वक्फ कानून को निरस्त करने के लिए एक मंच पर आयें और लड़ाई को तेज करें।

बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, बुद्धिस्ट सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र तथागत, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य सचिव इम्तियाज खान, मौलाना अजहर कासमी, भाकपा माले के भुबनेश्वर केवट, टीएमसी के राज्य सचिव दयानंद सिंह, मोहम्मद गुलरेज अंसारी, कलाम रशीदी, इम्तियाज भाई, अजय सिंह,जुबेर भाई, इबरार, जॉन मोहमद अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# तंजानिया पहुंचने पर संजय सेठ का गर्मजोशी से स्वागत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का दार तंजानिया के एस सलाम पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री सेठ का स्वागत तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने टीपीडीएफ के अधिकारियों के साथ किया। राज्य रक्षा मंत्री ने चामा चा मापिन्दुजी के महासचिव और इस वर्ष के चुनावों के लिए तंजानिया के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ इमैनुएल नचिंबी से भी मुलाकात की। उनका दार एस सलाम के जूलियस न्येरेरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर एडमिरल डी के त्रिपाठी सीएनएस और तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह भारत-तंजानिया संयुक्त सैन्य अभ्यास एक्स एकेवाईएमई के हार्बर चरण का उद्घाटन करने के लिए 13-14 अप्रैल 2025 तक तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। तंजानिया की रक्षा मंत्री स्टगोर्मेना लॉरेंस टैक्स ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ 13 अप्रैल 2025 को होटल किलिमंजारो हयात में प्रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। तंजानिया में अपने रक्षा क्षेत्र की उपस्थिति का विस्तार करने के लिए भारत की यह तीसरी प्रदर्शनी है।


### शपथ पत्र

मैं रीगा उरांव, पिता मंगना उरांव ग्राम- मलगो, पोस्ट-आदर, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक कहता हूं। कि मैं उक्त ग्राम का स्थाई निवासी हूं। यह है कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा आदर में मेरा बचत बैंक खाता संख्या 22014 670466 है। जिसमें गलती से मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज हो गया है। यह है कि मेरा फोटो पहचान पत्र में मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज है। और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम REEGA ORAON एवं पैन कार्ड में मेरा नाम RIGA ORAON दर्ज है। जो मेरा ही है। यह है कि मेरा सही नाम REEGA ORAOM है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। शपथ पत्र में अपने दोनों नाम की सत्यता की पुष्टि करते हुए उपरोक्त खाता में अपना नाम रीगा उरांव REEGA ORAON करवाने हेतु कर रहा हूं।
शपथ नंबर 696/2025


# मुस्लिम संगठनों ने वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ दिया धरना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वक्फ कानून में हुए बदलाव के खिलाफ विभिान्न मुस्लिम संगठनों ने रविवार को रांची में ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन के बैनर तले राजभवन के समक्ष धरना दिया और केंद्र सरकार से संशोधित वक्फ एक्ट को वापस लेने की मांग की। महाधरना में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ कानून में किया गया संशोधन भारतीय मुसलमानों की धार्मिक स्वायत्तता और मौलिक अधिकारों का हनन है। महाधरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश और झारखंड में वक्फ की जमीन पर मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, कब्रिस्तान, मजार, खानकाह, मकबरा, मुसाफिरखाना के अलावा दुकान-मकान, संस्थान, खेल के



मैदान हैं। जो हमारे पूर्वजों द्वारा अपनी निजी जमीन को वक्फ को दी है। वक्ताओं ने कहा कि वक्फ में संशोधन के खिलाफ पहले जामताड़ा में विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को रांची में प्रदर्शन किया गया है। सोमवार को हजारीबाग में प्रदर्शन होगा। इसके बाद दूसरे जिलों में भी इसी तरह के प्रदर्शन होगा।

राजभवन के समक्ष धरना दे रहे मुस्लिम संगठनों से मौलाना मो. असगर मिस्बाही ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार मुस्लिम और इस्लाम विरोधी होने के साथ साथ देश विरोधी भी है। पहले इन्होंने शरीयत के खिलाफ जाकर तीन तलाक पर कानून बनाया और अब वक्फ कानून में संशोधन किया है जो संविधान के भी खिलाफ है। इसके विरोध में हमें शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर वक्फ कानून को रद्द कराना होगा। हाथ में तिरंगा और वक्फ कानून वापस लो की तख्तियां लिये अलग-अलग हिस्सों से प्रदर्शन में आये लोगों ने कहा कि यह न सिर्फ मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन है बल्कि वक्फ की संपत्तियों में सरकारी दखल को बढ़ाने वाला भी है। मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को जगह दिए जाने से कई समस्याएं बढ़ेंगी। एस. अली ने कहा कि बहुमत के बल पर वक्फ कानून में संशोधन किया गया है। ये धार्मिक स्वतंत्रता और समता के अधिकार का हनन है। इसके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

# राज्यपाल से मिले रघुवर



**रांची।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज भवन में दोनों की हुई इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

स्पीड न्यूज

### बिष्टुपुर गोपाल मैदान में कंज्यूमर एक्सपो 19 अप्रैल से

**जमशेदपुर।** आगामी 19 अप्रैल को 11 दिवसीय कंज्यूमर एक्सपो 'जमशेदपुर समर ट्रेड फेयर 2025' का आगाज बिष्टुपुर गोपाल मैदान में होने जा रहा है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी आयोजकों के द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन में दिया गया। बताया गया कि लंबे अंतराल के बाद इस तरह का कार्यक्रम शहर में फिर से आयोजित होने जा रहा है। इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ स्थानीय 250 स्टाल लगेंगे। मुख्य आयोजकों में संतोष गुप्ता, प्रमोद भिंडे, मनोज सिंह, श्रीकांत सिंह एवं कायजन एसोसिएट्स के मुख्य संचालक आमोद मिश्रा ने बताया कि मेला में छोटे बड़े हर प्रकार के उद्यमी को जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए उनके आवश्यकता की वस्तुएं किफायती एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना इस मेले की आकर्षण होगी। गर्मी को देखते हुए प्रतिदिन 3 बजे से रात 9.30 तक मेला का संचालन होगा। मेला में स्टॉल बुकिंग के लिए 7004041958 पर संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा विशिष्ट लोगों में समाजसेवी बीबी सिंह, स्वदेशी केंद्र के संचालक अशोक जी, आकाश यादव, महबूब, कैफी, सत्या प्रामाणिक, दीपशिखा, रिशु सिंह आदि उपस्थित थे।

### केशव प्रसाद जायसवाल को पत्नी शोक

**जमशेदपुर।** वैश्य एकता मंच सह अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य हौसला प्रसाद जायसवाल जी के अनुज केशव प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी पुष्पा जायसवाल का कोलकाता में इलाज के दौरान निधन हो गया। मानगो टीचर्स कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय पुष्पा जयसवाल के पार्थिव शरीर को कोलकाता से जमशेदपुर दर्शनार्थ लाया गया। तत्पश्चात दाह संस्कार के लिए सड़क मार्ग से वाराणसी ले जाया गया। पुष्पा जायसवाल पतिदेव केशव प्रसाद जायसवाल के साथ दो पुत्री एवं दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गयी हैं। पुष्पा जी के निधन पर वैश्य एकता मंच के बैजनाथ प्रसाद, हलधर नारायण साह, उत्तम कुमार गुप्ता, श्रीकांत देव, गोपाल प्रसाद, जायसवाल, प्यारेलाल साह, किशोर वर्मा, राजेश्वर साहू, मीरा शर्मा सहित तमाम पदाधिकारियों ने हार्दिक संवेदना प्रकट की है।

### पावर सब स्टेशन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गम्हरिया।** अखिल भारतीय आदिवासी मूलवासी रक्षा मोर्चा समिति के बैनर तले स्थानीय ग्रामीणों की बैठक कांड्रा पंचायत के धातकीडीह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष संग्राम मार्डी ने किया। इस दौरान धातकीडीह ग्राम में वन विभाग की भूमि पर झारखंड राज्य सरकार द्वारा झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे पावर ग्रीड के निर्माण का विरोध किया गया। पूर्व में इसके विरोध में ग्रामीण ग्राम सभा के माध्यम से संविधानिक तरीका से राज्य व केंद्र सरकार तथा केंद्रीय वन मंत्रालय, भारत सरकार के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था। किंतु, उक्त मांग पत्र पर अबतक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ग्राम सभा के माध्यम से निर्णय लिया गया कि इसके विरोध में अब जनहित याचिका दायर किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ सदस्य विमल कुमार महतो, विश्वजीत महतो, सुनील महतो, संध्या रानी महतो, मंजू महतो, धुंधी देवी, उष्मा देवी, सुशीला महतो, जोबा देवी, बबिता देवी, आरती महतो, सरिता महतो, निमाई महतो, मनोज महतो, रोहित महतो, सरला देवी, ममता महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### संथाली फिल्म 'किसांड बोंगा' का निर्माण कार्य पूर्ण, जल्द होगी रिलीज



**गम्हरिया।** आदिम खेलोण्ड आखड़ा के बैनर तले निर्माण किया जा रहा संथाली फिल्म 'किसांड बोंगा' का पोस्ट प्रोडक्शन लगभग पूरा कर लिया गया है। जल्द ही यह फिल्म रिलीज होगी। इसके रिलीज किए जाने तथा ट्रेलर व पोस्टर निर्माण को लेकर कलाकारों के साथ फिल्म निर्देशक जागरण मुर्मू ने गम्हरिया के रांगामटिया में बैठक आहूत की गई। इस मौके पर फिल्म के लेखक सह निर्देशक जागरण मुर्मू ने बताया कि यह फिल्म पुराने जमाने के ग्रामीण जीवन पर आधारित है, जो कृषि और लोक कथाओं से प्रेरित एक मनोरंजन से भरपूर कहानी प्रस्तुत करती है। फिल्म की शूटिंग ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वर्ष भर चली है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और बहुत जल्द इसका पोस्टर और ट्रेलर दर्शकों के लिए रिलीज किया जाएगा। फिल्म के संपादक बोसेन मार्डी ने कहा कि शूटिंग और संपादन के दौरान नई तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे फिल्म में ताजगी और रोचकता का समावेश होगा जो आज के युवा वर्ग को भी खूब पसंद आएगी। फिल्म में नए चेहरों को भी मौका दिया गया है जिसमें मुख्य किरदार में सावन हांसदा और मोनिका मुर्मू हैं। इसमें थिएटर आर्टिस्ट मनसा मुर्मू का भी एक महत्वपूर्ण रोल है तथा सेट डिजाइनर के रूप में भी उन्होंने अपना योगदान दिया है।

# कहवॉ के पीअर माटी, कहॉ के कोदार हो,कहवॉ के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...

## अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में ब्रम्हर्षि विकास मंच का सामूहिक उपनयन संस्कार शुरू

- **आज 10 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार,समारोह की शोभा बढ़ाने जुटेंगे ब्रम्हर्षि**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मटकोर का दृश्य



सामूहिक उपनयन संस्कार के लिए बना भव्य मंडप।

**जमशेदपुर।** कहवॉ के पीअर माटी, कहॉ के कोदार हो,कहवॉ के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...ऐसी पारंपरिक लोकगीत के साथ ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के द्वारा अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में सप्तम सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन पूजा मटकोड़ के साथ शुरू हो गया है। इस वर्ष कुल 10 बरूआ का उपनयन कराया जा रहा है। पूरे देश में लगातार ६ वर्ष सामूहिक उपनयन संस्कार सिर्फ ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है।

इस आयोजन को हुलासगंज से आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनके 5 आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया जा रहा है। आज स्वस्तिवाचन, संकल्प, मृतिकाहरण, स्तंभ पूजन, प्रधान कलश स्थापना, गौरी गणपति पूजन, सर्वतोभद्र सहित सभी वेदियों का पूजन, सत्यनारायण भगवान का पूजन, हल्दी, गोबर जनेऊ का आयोजन संपन्न किया गया।

मटकोर के समय सभी बटुकों की मां अपने दुलारे को आँचल ओढाकर साथ में दादी, फुआ, चाची के संग लोकगीत गाती हुई माटी कोड़ रही थी तब पूरे क्षेत्र से बिहार की माटी की खुशबू आ रही थी।

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह , अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, रामनारायण शर्मा, हरेन्दर पांडे, देवप्रसाद सिंह उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि समाज मे ऐसे परिवर्तन के कार्य होने चाहिए। ब्रह्मर्षि समाज पूरे देश की राजनीति में अपनी अहम भूमिका सदैव अदा करती रही है। यह समाज अपने संस्कारों एवं विचार के द्वारा अलग पहचान बनाई रहती है।

संध्या 7:00 बजे से रंगेश शर्मा द्वारा संस्कार पर प्रवचन दिया गया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के 16 संस्कार में उपनयन संस्कार भी शामिल है। बच्चों का उपनयन 10 वर्ष के भीतर ही करना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए।इसी से व्यक्ति का विकास होता है।इसके उपरांत भगवान की आरती उतारी गई।

रात्रि में भतखई का आयोजन किया गया।


कल यानी 14 अप्रैल को सभी बरूआ का उपनयन प्रातः 8:00 बजे से कराया जाएगा जबकि संध्या 7.00 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, गंगा मेमोरियल अस्पताल के प्रबंधक एवं प्रसिद्ध चिकित्सक नागेन्द्र सिंह , उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय नारायण, संजीव ओझा, कृष्णनंदन सिंह, कामेश्वर तिवारी, ब्रजेश कुमार, कृष्णकांत, श्री निवास ठाकुर, गोपाल सिंह, प्रमोद ठाकुर, संजय सिंह, कुंदन ,अमरेन्द्र, मुकेश, प्रमोद ठाकुर, मनोज ठाकुर की अहम भूमिका निभा रहे है।

# डीसी के नाम फेसबुक पर बना दिया फेक आइडी

- **फ्रेंड रिक्वेस्ट और पैसे की डिमांड पूरी न करें, प्रशासन को करें सूचित**
- **संबंधित फेक फेसबुक आईडी को लेकर बिष्टुपुर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के नाम से फेसबुक पर आइएएस (अनन्य मित्तल)डब्लुडब्लुडब्लु.फेसबुक.कॉम पर एक फेक आईडी बनाया गया है। इस आलोक में डीसी अनन्य मित्तल ने जिलावासियों को सतर्क किया है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा है कि इस फेक आइडी को लेकर जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है।

डीसी ने कहा है कि उक्त फेक आईडी से किसी को फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त होता है या किसी प्रकार का असमान्य मैसेज प्राप्त होता है तो उस आईडी को रिपोर्ट करते हुए तत्काल ब्लॉक कर दें तथा किसी भी प्रकार से आर्थिक सहयोग आदि की मांग की जाती हो तो नहीं करें। संबंधित फेक फेसबुक आईडी को लेकर बिष्टुपुर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा साइबर सेल को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है, साथ ही लोगों को सचेत भी किया जा रहा है। दोषियों को चिन्हित करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त फेक फेसबुक प्रोफाइल में उपायुक्त की तस्वीर भी लगायी गयी है, इसके लिए फेक आइडी को लेकर सचेत रहने की अपील है।

## संजीव नेत्रालय के छठे स्थापना दिवस पर लाइव सर्जरी सह नेत्र देखभाल पर सीएमई संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** डिमना रोड, मानगो स्थित प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सा संस्थान संजीव नेत्रालय के 6वां स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर लाइव सर्जरी तथा नेत्र देखभाल पर सीएमई का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डॉ. साहिल पाल, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम जिला, झारखंड, द्वारा शुभारंभ किया गया। इसमें कई जटिल एवं आधुनिक नेत्र शल्य चिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया गया जिसमें निम्नलिखित विशेषज्ञ डॉ. डी. के. सिंघल (जमशेदपुर) , डॉ. संजीव कुमार तिरिया (निदेशक संजीव नेत्रालय), डॉ. कुमार साकेत (जमशेदपुर), डॉ. रवि दौलत बरहाबिया (जमशेदपुर), डॉ. राजीव प्रियदर्शी (विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय), डॉ. राहुल बाहेकर (विट्रियो रेटिना व मोतियाबिंद सर्जन, संजीवनी नेत्रालय, महाराष्ट्र), डॉ. सुबोध सिंह (विट्रियो रेटिना सर्जन, रांची) द्वारा कइ जटिल आँखों का ओपरेशन लाइव किया गया।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नेत्र रोगों के उपचार, नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और अनुसंधान पर देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रकाश डाला गया। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. पार्था बिस्वास, अध्यक्ष (ऑल इंडिया ऑपथामोलोजिकल सोसाईटी) व निदेशक, त्रिनेत्रालय, कोलकाता, डॉ. रुपक कांति बिस्वास, वरिष्ठ परामर्शदाता, विट्रियो रेटिना, नेत्रालयम, कोलकाता, डॉ. अनिरुद्ध मैती, वरिष्ठ परामर्शदाता, विट्रियो रेटिना, ग्लोबल आई हॉस्पिटल, कोलकाता, डॉ. मनीष सिंह, वरिष्ठ परामर्शदाता, ग्लूकोमा, नेत्रालयम, कोलकाता, डॉ. कृष्णेंदु नंदी, विट्रियो रेटिना विशेषज्ञ, कोलकाता डॉ. शाहिद आलम, निदेशक झ अकादमिक एवं प्रमुख झ ऑक्यूलोप्लास्टी, शंकरा नेत्रालय, कोलकाता, डॉ. भारती शर्मा, वरिष्ठ परामर्शदाता, कैटरैक्ट व कॉर्निया, प्रमुख झ नेत्र विभाग, टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर, डॉ. मिहिर कुमार साहू, कॉर्निया विशेषज्ञ, एएमआरआई हॉस्पिटल, भुवनेश्वर, डॉ. सुबोध सिंह, विट्रियो रेटिना विशेषज्ञ, रांची, डॉ. राजीव प्रियदर्शी, विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर। इस भव्य समारोह में जमशेदपुर के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों की विशेष प्रस्तूती रही। ज्ञात रहे किसमाज सेवा में अग्रणी भूमिका संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर कोल्हान प्रमंडल में अपनी उत्कृष्ट विट्रियो रेटिना सेवाएं एवं समग्र नेत्र देखभाल के लिए जाना जाता है।

### नीलकंठ होटल,जुगसलाई में हुआ फ्री हेल्थ चेकअप

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था मानवता एक समाजिक प्रयास संस्था द्वारा जुगसलाई के होटल नीलकंठ में एक फ्री हेढ़ चेकअप का आयोजन किया जिसमे आँख के साथ साथ फ्री ब्लड शुगर, प्रेशर, थाराइड, यूरिक एसिड, जैसे बीमारियों का चेकअप हुआ और उनके बेहतर स्वस्थ्य लाभ हेतु उपाय के साथ साथ उनके निदान हेतु घरेलू नुस्खे भी बताया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अरुप मल्लिक ने बताया कि यह संस्था सदैव गरीब गुरबे लोगो को राहत उनके स्वस्थ्य के प्रति सजग है इसलिए करीब 400 लोगो ने आवेदन के साथ अपना अपना सेम्पल देकर जाँचा कराया। जांच के दौरान अधिकतर लोग शुगर और ब्लड प्रेशर जैसे बीमारियो से ग्रसित पाये गए। कार्यक्रम मे बतौर अतिथी आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिँह जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, कांग्रेसी नेत्री अपर्णा गुहा समाजसेवी शिवाजी सिंह श्रीमती रितिका श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष अरूप मल्लिक,संरक्षक शुभंकर चटर्जी, विभाष सिंह राय के साथ-साथ संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आशियाना आदित्य रेसिडेंट वेल्फेयर सोसायटी का गठन, मेजर के.सत्यनारायण अध्यक्ष निर्वाचित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आशियाना आदित्य परिवार, आदित्यपुर में आज एक महत्वपूर्ण आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी का गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सोसाइटी संचालन को अधिक व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से पूर्व कमिटी को भंग कर बायलॉ का अनुमोदन किया गया और एक अंतरिम कमिटी का गठन किया गया। बायलॉज निर्माण और कानूनी प्रक्रिया का संपादन अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। कुल 140 फ्लैट मालिकों की उपस्थिति में हाथ उठाकर निर्विरोध रूप से मेजर के. सत्यनारायण को अध्यक्ष, राजीव नंदन को उपाध्यक्ष, दीपेन सरकार को महासचिव, पी. के. सिंह एवं रेणु झा को सहायक सचिव, निकिता पेरीवाल को कोषाध्यक्ष और पुष्कर कुमार को उपकोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि कार्यकारी सदस्य के रूप में सुप्रभा पति, सुनीता वर्मा, डॉ. विजया महंती, पुष्पा सिंह, स्नेहा विश्वास, प्रीतम कुमार सिंह, अनुपम, नियति राय, नेहा सिंह, डॉ. पूनम, डॉ. सिकंदर प्रसाद और चाणक्य रिशु को शामिल किया गया। निर्वाचन मंडली में सुरेश चौधरी, शशिभूषण कुमार और मोहन कुमार ठाकुर ने भूमिका निभाई और पूरी प्रक्रिया का संचालन संजीव मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार वर्मा ने किया। सभा में गुरुस्वामी शंकरण, प्रमोद कुमार सिंह, उषा रानी, इंदु देवी, अजीत शर्मा, विभा चौधरी, रेखा, रीटा ठाकुर, सुमन, गणेश सिंह, बी. के. सिंह, डॉ. कुंदन सिंह समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सोसाइटी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना, कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करना, सभी फ्लैट मालिकों को बेहतर सुविधाएं देना तथा मेंटेनेंस चार्ज को कम करना था।

# देश के कॉमन मैन के सपने को सच कर रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी : कालीचरण सिंह

- **चतरा के सांसद ने जुगसलाई विस क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को किया संबोधित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलनों की कड़ी में रविवार को जमशेदपुर पश्चिम एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने की। पश्चिम विधानसभा के कदमा स्थित तरुण संघ में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाग लिया, जबकि जुगसलाई विधानसभा के पटमदा स्थित ग्राम सांसद भवन में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह की मौजूदगी रही। इन सम्मेलनों में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी सक्रिय सदस्य, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों एवं विचारधारा से प्रेरित होकर संगठन के विस्तार हेतु समर्पित भाव से कार्य करने वाले सभी सक्रिय सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया गया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अपने स्वागत संबोधन में में सभी सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जनसंपर्क, संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन को मजबूत करें। साथ ही राज्य की हेमंत सरकार की विफलताओं और वादाखिलाफी को जन-जन तक पहुंचाएं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर ले जाएं। जुगसलाई विधानसभा के सम्मेलन में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे अब कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में परेशान न रहे। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अपने घर का सपना साकार करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं का उद्देश्य जन-जन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाकर उन्हें एक सम्मानजनक, सुरक्षित और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर करना है। इसके साथ ही, उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार, अवैध खनन, बेरोजगारी समेत ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर भी हमला बोला और लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं, जमशेदपुर पश्चिम के सम्मेलन में मुख्य वक्ता शशांक राज ने राज्य सरकार की विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं का भविष्य खतरे में है। परीक्षा के नाम पर पेपर लीक हो रहे हैं और सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है। हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ सिर्फ खोखले वादे किए हैं।

## एक नजर में

### बंदगांव प्रखंड के पिछड़ेपन को करेंगे दूर: जोबा माझी

**बंदगांव, प सिंहभूम।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने रविवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंदगांव प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो किमी बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। यह सड़क बंदगांव प्रखंड के सिंदूरीबेड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम सियांकेल के चुटिया टोली से लतर टोला तक जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से बनेगी। इसके अलावा एक हजार फीट नाली का भी निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद और विधायक का ग्रामीणों ने फूल माला एवं पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। शिलान्यास के पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा बंदगांव प्रखंड विकास के मामले में पिछड़ा जरूर है, लेकिन यहां के पिछड़ेपन को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि यहां दो नये पुल का निर्माण कराया जाएगा, इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही डिग्री कॉलेज का भी निर्माण किया जाएगा ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाना नहीं पड़े। विधायक जगत माझी ने कहा विधायक निर्वाचित होने के बाद कई बार क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। जब भी यहां आना हुआ है यहां के विकास के लिए कुछ न कुछ दिए हैं। विधायक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा आपकी जो भी समस्या हो उससे अवगत कराते रहे, ताकि समय पर उसका निदान किया जा सके। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद और विधायक को क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया।

### हिंदू पीठ,बिष्टुपुर में गणेश वंदना व आरती संपन्न

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 13 अप्रैल को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं भारतीय जीवन बीमा निगम, जमशेदपुर मंडल के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार ने अपने पूरे टीम के साथ बिष्टुपुर स्थित हिंदू पीठ में गणेश वंदना आरती की । धर्मेंद्र ने कहा कि विगत वर्ष 2023- 24 काफी अच्छा कार्य पूर्ण हुआ । उसके पश्चात अपने पूरी टीम को लेकर मैं गणेश जी के सम्मुख उपस्थित होने का प्रण लिया था, जिसके तहत आज यह कार्यक्रम रखा गया और हिंदू पीठ में गणेश भगवान विघ्नहर्ता की शरण में आकर उन्होंने अपनी पत्नी माला कुमारी के साथ गणेश वंदना की जिसमें उनकी टीम के सभी अभिकर्ता गण उपस्थित थे । इस अवसर पर हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे । धर्मेंद्र कुमार ने हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह को अंग वस्त्र एवं पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया और उन्हें अनंत शुभकामनाएं दी कि जिस तरह से वह समाज के लिए अपना परिश्रम करते रहें। आज मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में टीम लीडर धर्मेंद्र कुमार, सीमा देवी, विनीता कुमारी,अंजली सिंह ,माला कुमारी ,रीना देवी, मुनीमा देवी, रोशनी साव ,मामोनी गोराई, नीतू शर्मा ,अर्चना शर्मा ,सुरभि लता, गौतम शर्मा , बिनोद कुमार शर्मा,उषा कुमारी , उमाशंकर श्रीवास्तव, निर्मल राउत व अंश के साथ अन्य अभिकर्ता गण उपस्थित थे। सभी ने भगवान गणेश की प्रतिमा की आरती की आशीर्वाद लिया एवं प्रश्न मन से प्रसाद ग्रहण कर उनका धन्यवाद दिया ।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मनी अंबेडकर जयंती

जमशेदपुर। हमारे देश के संविधान के संस्थापक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए शेन इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष सभा आयोजित की गई। छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन इतिहास पर जानकारीपूर्ण भाषण दिए। छात्रों द्वारा एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें संविधान निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर द्वारा समय की रेत पर छोड़ी गई अमिट छाप को खूबसूरती से दशार्या गया और उसके बाद उनके जीवन और कार्यों पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। छात्रों में अच्छे मूल्यों को विकसित करने के लिए उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को सुनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. ( श्रीमती ) केया अदक ने स्कूल को अपने संबोधन में इस यादगार अवसर पर सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिया कि किसी को महान और प्रभावशाली परिवारों में जन्म लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत और जिम्मेदारियां लेने से कोई भी महान बन सकता है। मुख्य अध्यापिका श्रीमती सिमरन सग्गू ने छात्रों को अम्बेडकर के नक्शे कदम पर चलने का आग्रह किया और अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी उपस्थित लोगों से डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने और समाज में एक आदर्श परिवर्तन लाने की अपील की।

### वर्षो की खामोशी के बाद जादूगोड़ा में सुर संगीत से महका जादूगोड़ा

जादूगोड़ा। वर्षों से खामोशी के बाद जादूगोड़ा के संगीत प्रेमियों की संस्था कराउके ग्रुप की पहल पर जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र में दो दिवसीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन यूसिल के उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार , खान प्रबंधक वी वी शेखरन बाबू इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद ,मुखिया मंजरी बांनरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व जमशेदपुर से आए कलाकारों शिव कुमार, व सुश्री लीना ने अपने गानों से लोगों को खूब झुमाया ।उनके गीत छू कर मेरे मन को तूने किया इशारा, बदला ये मौसम लगे प्यारा ,जग सारा। इसी तरह अन्य गीत.. सांसों की जरूरत है जैसे ,जिंदगी के लिए बस एक सनम चाहिए आशिकी के लिए, दर्दे दिल , दर्दे जिगर, दिल में जगाया आप ने । इन गानों पर लोगों ने खूब मस्ती की ।इस दौरान कुछ क्षण के बारिश व बिजली भी गुल हुई, लेकिन कलाकारों के हौसले डिगा नहीं पाए। चौथी कक्षा के छात्र संजीव पिंगुआ,अर्जुन लोहार ने नृत्य व संगीत में दर्शकों से खूब तालिया बटोरी। कार्यक्रम का संचालन की जिम्मेदारी बखूबी यूसिल अधिकारी काशी नाथ चौधरी ने निभाई व अपने रोचक अंदाजो से दर्शकों की खूब गुदगुदाया। इस कार्यक्रम की सफल बनने में जादूगोड़ा के कराउके ग्रुप की ओर से एम के साहू,संजय श्रेष्ठा,दिल बहादुर आले,संदीप गुप्ता,रंजन दास,चंद्र बहादुर, राकेश कुमार डमर बहादुर,समेत यूसिल कर्मी संजय सिंह, उमेश चंद्र कुमार, श्रीनिवास सिंह, जितेंद्र सिंह, ने अहम योगदान दिया।

### खिदमत ए मिल्लत का स्थापना दिवस व ईद मिलन समारोह संपन्न



जमशेदपुर । समाजिक संस्था खिदमत ए मिल्लत का स्थापना दिवस व ईद मिलन मानगो जवाहरनगर के अवैक कम्प्लेक्स मे शानदार ढंग से मनाया गया । समारोह का आगाज कुरान के पाठ से हुआ। अपने स्वागत भाषण मे संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सेराज शरीफ ने संस्था के कार्यों की चर्चा की । उन्हें संस्था के पदाधिकारियों ने शाल उढ़ा कर सम्मानित किया ।इस मौके पर नगर की 29 सामाजिक संस्थाओं के जिम्मेदारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिन मे दारैन अकेडमी के मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही , झारखंड हुमिनीटी फाउंडेशन के रेयाज शरीफ , हुमन वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्तार आलम खान , मदर राबिया इजुकेशन फाउंडेशन के मुमताज शारिक , एकता वेलफेयर सोसाइटी के शाहनवाज खान , मुस्कान ब्वायज क्लब के आदिल मलिक , जुनियर मोहम्मडन क्लब के अंसार हुसैन , आयटा के प्रो. जावेद अख्तर अंसारी , अल- हिरा लाइब्रेरी के शहनवाज कमर , प्रो. अब्दुल बारी मेमो . लाइब्रेरी के इरफान आलम , अंजुमन इस्लामिया के शाहिद रजा, आलम वेलफेयर फाउंडेशन के सैयद तारिक आलम, पिपुल्स फोरम के गौहर , दया सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के हाजी मुमताज अहमद, एम एस इंडस्ट्रीयुल टेकनिकल इंस्टीच्युट के खालिद इकबाल , हिन्द आईटीआयी के ताहिर हुसैन ,अल फैज कंसल्टेंसी के मो. फैज शरीफ , आजाद रिपोर्टर के फैजान आलम , डेली नेशन के सरफराज शाद , न्यूज 5 ए एम के सैयद सद्दमुल्लाह , जमशेदपुर अपडेट के आफताब हुसैन के नाम शामिल हैं । समारोह को संचालन प्रो. जावेद अख्तर अंसारी ने किया । समारोह के अंत मे मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही ने अपने देश मे अमन व शांति , भाईचारगी व तरक्की के लिए अल्लाह से दुआएं की । समारोह के सफल आयोजन मे नबील मोहम्मद , आफताब , हारून , जुनैद, इरफान नाजिश , फैज ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग : डॉ शशिभूषण मेहता

## रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा ने की विचार गोष्ठी

खबर मन्त्र टोली

**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के अटल स्मृति भवन में रामकृष्ण सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही इस अवसर पर महात्मा गांधी, बीर बाबा चौहरमल, राम बिलास पासवान, अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक वर्ग हो जो समय की मांग है।





दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और कार्यक्रम को संबोधित करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 से 1967 तक लोकसभा व विधानसभा का चुनाव एक साथ हुआ करता था लेकिन इंदिरा गांधी के चार शुभचिंतक कांग्रेसियों ने इस प्रणाली को बदल दिया। कारण कि उस समय दस राज्यों में कांग्रेस चुनाव हार गई थी। इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव पद्धति को बदल कर लोकसभा व विधानसभा का चुनाव अलग अलग कराया जाने लगा। उन्होंने कहा कि अलग अलग चुनाव कराये जाने से देश व राज्य एवं चुनाव आयोग का सैकड़ों हजार करोड़ रूपये जहां एक ओर बर्बाद हो रहा है वहीं दूसरी ओर आम जनता से लेकर पूरी व्यवस्था अस्त व्यस्त हो जाती है। इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव होने से हजारों करोड़ रूपये की बचत होगी। जो देश व राज्य के विकास में खर्च होगा। साथ ही लोग परेशानियों से बचेंगे। इसलिए जितना जल्द हो भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रक्रिया अविलंब बहाल हो।

इस मौके पर कृष्णकांत मिश्र ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा। जिससे विकास की पहिया तेजी से बढ़ेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता साधु मांझी ने कहा कि देश आजादी के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव को मैंने देखा है।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** मौके पर पंकज मिश्रा, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, निजी सचिव सरोज चटर्जी, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, मंच संचालनकर्ता अधिवक्ता लाला यादव, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, तरहसी विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ सिंह, चंदन सिंह, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, अजय उरांव, पूर्व मुखिया अजय पासवान, राजेंद्र सिंह चेरो, महेंद्र कुशवाहा, दिलीप मेहता, सतबरवा प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी महेश यादव, बेलास महतो, पांकी प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी कार्तिक सिंह, निर्मल मेहता, विरेन्द्र चंद्रवंशी, मुखिया रिंकी यादव, नीलम देवी, आशीष सिन्हा, पांकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, रंजय ठाकुर, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, प्रमेशवर साव, मुखिया सुजित राम, विरेन्द्र मेहता, मंटू शर्मा, बिगू साहु, मनातू मंडल अध्यक्ष अंतु यादव, अरविंद यादव, जसवंत कुमार, कमेश यादव, अशोक यादव, अरुण सिंह, सुधीर तिवारी, अनिल सिंह, डॉ सुरेन्द्र सिंह, धर्मदेव मेहता, चंचल यादव, हजारों लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### ईसाइयों ने निकाली शोभा यात्रा



**मेदिनीनगर।** खजूर पर्व पर कैथोलिक विश्वासियों ने रानी महा गिरिजाघर में खजूर एवं जैतून की डाली की पूजा अर्चना की। कैथोलिक धर्मप्रांत के भिकर जेनरल फादर संजय गिद्ध ने खजूर की डाली को आशीष दिया। मौके पर होसन्ना के गीत गाये गये। साथ ही प्रभु यीशु के जयकारे लगाये गये। तत्पश्चात महागिरिजा घर से खजूर की डाली के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। जो विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए पुन: महागिरिजाघर में समाप्त किया गया। मौके पर संजय गिद्ध, फादर अजय, पल्ली पुरोहित फादर अरबिंद मुंडा, जार्ज तिग्गा, अनिश, मार्टिन, रोशन, यसबीर, एंब्रोस शामिल थे।

### अगलगी के अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग

**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर निवासी सत्येंद्र तिवारी ने पलामू एसपी रीष्मा रमेसन को ज्ञापन सौंप उनके खलिहान में आग लगाने के अभियुक्त को गिरफ्तार करने की मांग की है। कहा है कि 10 मार्च को पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्त चिंता देवी पति विरेंद्र तिवारी ने उनके खलिहान में आग लगा दी थी। आवेदन नावा जयपुर थाना में दिया गया था। बावजूद थाना प्रभारी ने मामला दर्ज नहीं किया। बाद में 25 मार्च को मामला दर्ज हुआ। प्रभारी ने एएसआई दिनेश पाल को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। साक्ष्य के तौर पर खलिहान में आग लगाने का वीडियो भी है। वीडियो, उपस्थित लोगों का नाम, पता व मोबाईल नंबर भी मुहैया करा दिया गया है। उन्होंने एसपी से मामले की जांच कराकर खलिहान में आग लगानेवाले अभियुक्तो को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### दलितों की दशा-दिशा पर विचार गोष्ठी



**मेदिनीनगर।** डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यलय में दलितों की दशा एवं दिशा पर एक विचार गोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की व संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में दलितों की स्थिति काफी खराब है जबकि राज्य में दलितों की संख्या 14 प्रतिशत है। मौके पर जयपाल मोची, कृष्णा राम, उदेश कुमार राज, यशवंत कुमार उमेश पासवान, राजू राम, उपेंद्र रजक, संजय बैठा भी थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से सामाजिक समरसता बढ़ती है : जिप उपाध्यक्ष



**हरिहरगंज पलामू।** हिंदुत्व एकता मंच ने शनिवार की रात्रि पिपरा प्रखंड के खेल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। पिपरा प्रखंड के पुनपुन उद्गम स्थल के विकास को शीघ्र ही गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ओमप्रकाश अकेला व खुशी कक्कर ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर संदीप पासवान, गौतम राज, सीओ जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी बिमल कुमार, प्रिंस प्रताप सिंह, विकास तिवारी, राजन सिंह, रजनीश सिंह, मथुरा गुप्ता, अरुण मिश्रा, रणजीत गुप्ता, लाल बहादुर सिंह, सुनील सिंह, संजय सिंह, बिंदेश्वर पाठक, विजय मेहता, संजय मेहता, अंशु मिश्रा थे।

### सेवा श्रद्धा और संस्कार ही समाज की पहचान है : अभिषेक सिंह



**मेदिनीनगर।** हनुमान जन्मोत्सव पर न्यू सुरभि क्लब ने हमीदगंज के अग्रवाल कॉलोनी में बीती रात भव्य भंडारा किया। जिसका उद्घाटन झामुमो नेता अभिषेक सिंह, भाजपा नेता ज्योति पांडेय, शैलू चंद्रवंशी व संजय चंद्रवंशी ने किया। अभिषेक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में धार्मिक एकता व सेवा करने की भावना जागृत होती है। आयोजक को धन्यवाद देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र भक्तिमय होता है। वहीं छोटे बच्चों के बीच सनातन धर्म के प्रति अच्छी भावना जागृत होती है। मौके पर संजय चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, मिथिलेश मिश्रा, सोनू पाठक, शोभा दूबे, प्रियंका गुप्ता, सुभद्रा पांडेय, बबीता पाल, सुधीर सोनी भी थे।

### कस्तूरबा में मना पीएम श्री स्वच्छता पखवाड़ा



**पाटन पलामू।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को पीएम श्री स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। मौके पर छात्राओं ने स्वच्छता की शपथ ली। विद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने के साथ समाज में भी स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान शिक्षकों और छात्राओं ने विद्यालय की साफ सफाई की। वार्डेन सुषमा कुमारी ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा केवल अभियान नहीं बल्कि यह संस्कार है जिसे हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक लक्ष्मी कुमारी, रीना कुमारी, सरिता कुमारी, रुपा सिंह, रीना श्रीवास्तव, श्वेता कुमारी, कंचन कुमारी, रवीना, नाजनी खातुन, भास्कर पांडेय भी थे।

### वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड के तुकतुका देवी धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव सह हनुमान जन्मोत्सव पर कलश यात्रा निकली। इसके बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन धर्म जागरण समन्वय संस्कृति व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। मौके पर बालयोगी संत विभु सुमन जी ब्रह्मचारी के सान्निध्य में अखंड कीर्तन का जाप पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ किया गया। संत ने कहा कि चैत्र माह पवित्र होता है जिसमें राम जन्मोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। ऐसे में सभी सनातनियों को अपने घरों में विशेष पूजा अर्चना कर इनकी आराधना करनी चाहिए।

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना : वित्त मंत्री ने किया पथ निर्माण का शिलान्यास**

# सड़क बनने से सुलभ होगा लोगों का आवागमन: राधाकृष्ण किशोर

■ भाजपा नहीं चाहती राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें

मनीष दुबे

**पाटन पलामू।** झारखंड के वित मंत्री सह पाटन छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हिसरा बरवाडीह से शोले ग्राम तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया। यह पथ लगभग दो करोड़ नीनानबे लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा। मौके पर ग्रामीण कार्यपालक अभियंता विशाल खलको, एसडीओ पारितोष राज करकेटा, जेइ मनोज कुमार, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, एमओ पाटन ललन पासवान, भोला सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, निरंजन पासवान, गोपाल पासवान, लक्ष्मण, धनवंत चौधरी, रविन्द्र सिंह, हरि उपाध्याय, बीपीन पासवान, अशोक सोनी, सहजाद अली, पाटन थाना प्रभारी लालजी, राज कंस्ट्रक्शन के संवेदक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते वित्त मंत्री व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अपने विधायक कार्यकाल में हिसरा बरवाडीह में पुल का निर्माण कराया था यह संयोग है कि मेरे विधायक बनने के बाद इस सड़क का शिलान्यास किया गया। यह हमने पहले ही सोचा था जो आज पुरा हुआ है। वित मंत्री ने कहा कि यह सड़क बहुत ही खराब हो चुका था लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। अब सड़क का निर्माण हो जाने पर आवा गमन सुलभ हो जायेगा। यह सड़क दर्जनों गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ती है। अब लोग कम समय में आ जा सकेंगे। जहां रोड नहीं होता है वह क्षेत्र विकास से दूर रहता है।

# धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र में सुख समृद्धि आती है : विधायक

■ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ में शामिल हुए विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत गुरु ग्राम ईटहे में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर महायज्ञ में पांकी विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल थे। मौके पर कमिटी के सदस्यों ने फुल माला से विधायक का जोरदार स्वागत किया। वहीं विधायक डा मेहता ने कमेटी के लोगों को सहयोग राशि प्रदान किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति आती है। उन्होंने कमिटी द्वारा किये गये आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से लोगों को अदभूत शक्ति मिलती है। युवा शक्ति को समाज के बेहतर कार्यों में लगायें। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना से सभी मनोकामना पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने से लोगों को पूजा अर्चना करने में सहुलियत होगी। उन्होंने धार्मिक कार्यों में हमेशा साथ देने व सहयोग करने का आश्वासन पूजा कमिटी को दिया। मौके पर अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, अनुज जयसवाल, जुरु पंचायत के मुखिया कृष्णा पासवान, निजी सचिव सरोज चटर्जी, सेवानिवृत्त शिक्षक विश्वास गुरुजी, सेवानिवृत्त शिक्षक रामबच्चन मुंडा, सुधीर तिवारी, रमेश, जलज उरांव, भोला समेत कई लोग उपस्थित थे।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते पांकी विधायक।

# जल जीवन मिशन का हाल: करोड़ों खर्च के बावजूद एक किमी दूर से पानी ला रहे लोग, दो साल बाद भी आधा-अधूरा ही है काम

महेंद्र प्रजापति

**विश्रामपुर पलामू।** केंद्र सरकार द्वारा हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए शुरू किया गया जल जीवन मिशन फेल विश्रामपुर में फेल हो गया है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में 'हर घर नल से जल' देने की योजना में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा।

यह समस्या किसी एक पंचायत या किसी एक गांव की नहीं है, अधिकतर गांवों की है। विश्रामपुर प्रखंड के सभी दस पंचायतों में योजना की शुरूआत की गई। जो दो वर्ष बाद भी अधुरा पड़ा है। कई गांवों में केवल जलमीनार खड़ा तो कहीं पाइपलाइन का काम अधूरा है। अधिकारी अपनी कमी छुपाने के लिए कागजों में काम पूरा कर दिए हैं, लेकिन अभी कई गांवों मे पाईप लाईन बिछाना, जलमीनार खड़ा करना, नल लगाना बाकी है। जहां टोंटियां लगी हैं वहां पानी नहीं आ रहा है।





**क्या है हकीकत :** गौरा का गटियाही नौका टोला के के लोग पेय जल को लेकर पूरे दिन परेशान रहते हैं। उन्हें 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चियां जो पानी लेने के लिए सिर पर डेकची व हाथों में बाल्टी लिए जा रहे थे। जंगलों पहाड़ों में बच्चियां 1 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाती है, आने-जाने में हमेशा डर सा बना रहता है। गांव के लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में काफी समस्या बढ़ जाती है घर के बगल से गुजरने वाला नदी भी सूख जाता है। जिसके कारण काफी परेशानी होती है। नहाने के लिए चुआंड़ी का पानी उपयोग कर लेते हैं।

**जल संकट से जूझ रहे लोग**

विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवां पंचायत का गौरा गांव जहां पेय जल की समस्या है। लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। यहां कोई चापाकल या और कोई साधन नहीं। लोग बर्षों से एक किलोमीटर दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं। जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, बावजूद पाईप लाईन बिछाने का कोई काम नहीं किया गया। इसमें पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा भेदभाव की नीति अपनाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की टंकी बनाने और पाइप लाइन बिछाने के काम में करोड़ों रुपये खर्च कर दिये गये।

### पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस दलित मजदूर अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत मुरूमदार प्रखंड छतरपुर के राकेश शर्मा का घर 11 अप्रैल को आंधी तूफान में ध्वस्त हो गया। इसकी सूचना मिलते ही दलित कांग्रेस अध्यक्ष पलामू अशोक पासवान व मजदूर कांग्रेस पलामू अध्यक्ष अनिल सिंह पीड़ित व्यक्ति के घर पहुंच उनका हाल जाना। नेताओं ने तत्काल छतरपुर बीडीओ को आवेदन देते हुए आग्रह किया कि जल्द गरीब व्यक्ति को आवास आवंटित किया जाये। मौके पर पाटन प्रखंड दलित कांग्रेस अध्यक्ष संजय पासवान उपस्थित थे।

### कर्मठ व स्वच्छ छवि के पुलिस अधिकारी थे करूणा



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के पूर्व महासचिव व झारखंड सरकार के पूर्व वित्त मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के सचिव संजय दूबे के पिता पूर्व पुलिस अधिकारी स्वर्गीय करुणा शंकर दूबे के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने पलामू स्थित उनके पैतृक निवास पूर्वडीहा पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर रांची से आये वरिष्ठ नेता आलोक दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता, लातेहार से कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, पलामू से प्रदेश कांग्रेस सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी व रुद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। कहा कि स्व दूबे कर्मठ एवं स्वच्छ छवि के पुलिस अधिकारी थे। रांची में भी कई वर्षों तक पदस्थापित रहे थे और उनकी पहचान एक कुशल अधिकारी के रूप में थी। इनका असमय जाना दुखद है।

### सड़क पार कर रहे बालक को तेज रफ्तार हाइवा ने कुचला, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी स्वास्थ्य केंद्र के समीप एनएच 139 पर रविवार की शाम करीब 4 बजे छतरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हाइवा (सीजी 15 ई 9053) ने सड़क पार कर रहे अमीत कुमार (12) को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बालक का शरीर दो टुकड़े में विभक्त हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया है। मृतक अकौनी के सुशील यादव का पुत्र है। वह अपने परिजनों के साथ हरिहरगंज के बेलोदर मुहल्ला स्थित नाना के घर रहकर गुरुकृपा स्कूल में पढ़ता था। दुर्घटना की बात सुन मृतक की मां तथा अन्य परिजन शव से लिपट कर विलाप करने लगे। जिन्हें बड़ी मशक्कत से हटाया गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने शव को एनएच पर रख आवागमन रोक दिया।

# गुरुद्वारा में हर्षोल्लास से मनी वैसाखी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बैसाखी पर्व के अवसर पर बेलवाटिका गुरुद्वारा में एक विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया गया।इस मौके पर गुरु ग्रंथ साहब का दीवान सजाया गया। साथ ही स्थानीय रागी जत्था ने शब्द गायन व कीर्तन प्रस्तुत किया। समाज के महिला पुरुषों एवं बच्चों ने गुरु ग्रंथ पर माथा टेका और सुखमय जीवन की कामना की। स्थानीय रागी ज्ञानी सुंदर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अनिकेत, राजू कौर व अन्य ने शबद गायन व कीर्तन प्रस्तुत किया। गुरु सिंह सभा कमेटी के प्रधान सरदार सतवीर सिंह राजा ने वैशाखी पर्व पर कहा कि वैशाखी सिख समुदाय का प्रमुख त्योहार है। यह खालसा पंथ की स्थापना की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 1699 को गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना किया था। इसलिए सिख समुदाय के लिए आज का दिन बहुत ही खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना का उद्देश्य सिख धर्म में भेद भाव को समाप्त करना और धर्म व नेकी की राह पर चलना है। मानव समाज को धार्मिक उत्पीड़न व अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए गुरु गोविंद सिंह ने इसकी स्थापना की थी।



# पर्यावरणविद डॉ कौशल राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने गुजरात रवाना

■ बेकाबू हो रहे तापमान पर काबू पाने के लिए सभी को करना होगा पौधरोपण : डॉ कौशल, पूनम अरुण व अमित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू झारखंड।** शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर पर्यावरणविद डॉ कौशल ने अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ आकाश बाग में किचेन प्लांट लगाकर अपनी प्रथम पोती आराध्या की 12 वीं जन्मदिन मनाया। आराध्या पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर के बड़े पुत्र अरुण जायसवाल की प्रथम पुत्री है। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण करवाने के बाद सभी सदस्यों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलायी। कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचायें।



**बोहिता में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ का प्रखंडस्तरीय सम्मेलन आयोजित**

# समाज में फैले अंधविश्वास व बुराइयों को दूर करना ही महासंघ गठन का उद्देश्य : अवधेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के सतबरवा प्रखंड इकाई के द्वारा बोहिता गांव में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तथा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि राम सिंह चेरो, राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, जिप सदस्य बासो देवी, मुखिया गुड्डी देवी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से राजा मेदिनी राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा संचालन जपन सिंह ने किया।

मौके पर हरिराम सिंह चेरो ने कहा कि सामाजिक कुरीतियां को दूर करने के लिए समाज के सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति या समाज के विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा से ही हम समाज में परिवर्तन ला सकते हैं। राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने कहा राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के गठन का उद्देश्य समाज में फैले अंधविश्वास तथा बुराइयों को दूर करना है। गांव गांव में बैठक के माध्यम से समाज के लोगों को एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह ने कहा कि हमारे समाज में अशिक्षा, नशाखोरी, अंधविश्वास, दहेज प्रथा जैसे बुराइयां चरम पर है जिसे दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। इसके अलावा मुखिया गुड्डी देवी, जिप सदस्य बासो देवी, कमेश सिंह चेरो, हृदय सिंह समेत कई लोगों ने भी सभा को संबोधित किया।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित महासंघ के लोग।

# आनंद चौरसिया के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों का हुआ इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोशियारा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में दिन रविवार को युवा समाजसेवी आनंद चौरसिया के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सरोज कुमार, जेनरल फिजिशियन और डॉ नीलम स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के द्वारा शिविर में आए लोगों को निःशुल्क जांच व दवा दी गयी।

समाजसेवी आनंद चौरसिया ने कहा कि अपने स्तर से एक छोटा सा प्रयास जो बीमारियों से परेशान लोग जिन्हें ईलाज कराने के लिए भी बहुत कष्ट और गरीबी के कारण ईलाज कराने से वंचित रहते है वैसे लोग को निःशुल्क इलाज किया गया। इस कैंप में कुल 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर इलाज किया गया। मौके पर समोध चौरसिया, रामसुंदर प्रसाद, बृजनंदन प्रसाद, राज रौशन, दिनेश चौरसिया रंजीत कुमार, अनूप कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य विकास चौरसिया, संजय प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य पति, शिव प्रसाद सिंह, अरुण चौरसिया, नागेंद्र प्रसाद, आशुतोष कुमार, प्रभुनाथ प्रसाद, बलराम चौरसिया, संजय प्रसाद, (डॉक्टर) बिनोद प्रसाद, सक्षम कुमार सिंह एवं सैकड़ों लोग उपास्थित थे।




शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

# कमलापुरी वैश्य समाज के महासम्मेलन में समाज को मजबूत बनाने का निर्णय

### राजमणि प्रदेश अध्यक्ष व जितेंद्र बने महामंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



महासम्मेलन में मौजूद समाज के लोग

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में रविवार को अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज का प्रादेशिक महा सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस महासम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर विभिन्न मुद्दों पर व विचार-विमर्श करते हुए संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से राजमणि कमलापुरी को प्रदेश अध्यक्ष एवं जितेंद्र कमलापुरी को महामंत्री मनोनीत किया गया। मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने कहा कि कमलापुरी वैश्य समाज को देश की विकास धारा में सक्रिय भागीदारी निभाने की जरूरत है। ताकि समाज को एक मजबूत पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, तभी समाज में प्रेरणा और मिसाल कायम की जा सकेगी। जिला अध्यक्ष मनीष कमलापुरी ने शिक्षा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में समाज की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। साथ ही आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से समाज के प्रति समर्पण भाव रखने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव श्रवण कमलापुरी ने की। मौके पर मुख्य रूप से काशी प्रसाद 'हृदया' कमलापुरी, रमेश कमलापुरी, धीरज कमलापुरी, संरक्षक दिलीप कमलापुरी, मदन कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, शैलेंद्र कमलापुरी, रुपेश कमलापुरी, बीरेंद्र प्रसाद, सचिव प्रमोद प्रसाद, कमलेश कमलापुरी, संतोष कुमार कमलापुरी, अमित कुमार, अजीत कुमार, अविनाश कमलापुरी, अनिल कमलापुरी, रामकुमार कमलापुरी, रामाशंकर कमलापुरी, मनोज कमलापुरी, पंकज कुमार, शिवशंकर प्रसाद, मुकेश कमलापुरी, नीतीश कमलापुरी, रोशन कमलापुरी, पप्पू कमलापुरी, शिवम कमलापुरी सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ऑफर के नाम पर एक्सपायर खाद्य पदार्थ की बिक्री

खबर मन्त्र संवाददाता


एक्सपायर पदार्थ

**भवनाथपुर।** स्थानीय रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां ऑफर के नाम पर एक्सपायर हो चुके खाद्य पदार्थों को बेचा जा रहा है। रविवार को बुका निवासी अनिल रावत जब भवनाथपुर स्थित इस मार्ट में खरीदारी करने पहुंचे, तो उन्हें ऑफर जोन में रखे एक चिप्स पैकेट पर छूट का स्टीकर लगा दिखा। जब उन्होंने पैकेट की जांच की तो पाया कि वह चिप्स 10 अप्रैल को ही एक्सपायर हो चुका है, बावजूद इसके उस पर 60 रुपए की जगह 30 रुपए का स्टीकर चिपका कर बेचा जा रहा था। यह कोई पहला मामला नहीं है।

कुछ दिन पूर्व ही एक अन्य ग्राहक, प्रदीप विश्वकर्मा को भी एक्सपायरी डेट वाला प्रभुजी कंपनी का भुजिया बेचा गया था। प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा इसकी शिकायत रिलायंस प्वाइंट मॉल के शिकायत केयर में किया था बावजूद लगातार इस प्रकार की लापरवाहियों से ग्राहक परेशान हैं और खाद्य सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस विषय में जब स्टोर मैनेजर वीर कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो वे किसी भी तरह का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। ग्राहकों का कहना है कि यह साफ तौर पर उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है और संबंधित विभाग को इस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्हें फोन नहीं उठाया।

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता



अवैध बालू लदा जप्त ट्रैक्टर

**धुरकी।** गढ़वा जिला अंतर्गत धुरकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाई। देर रात की गई इस छापामारी में पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर ली है।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि अवैध बालू कारोबार के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हए दो ट्रैक्टर को जप्त कर ली है। इस मामले में ट्रैक्टरों के चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही अंचल अधिकारी को भी अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अवैध बालू उत्खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कनहर नदी से अवैध बालू निकालकर ट्रैक्टरों के माध्यम से कदवा उर्फ लिखनी धौरा मार्ग से होकर अन्यत्र भेजा जा रहा है। सूचना मिलते ही धुरकी थाना के सहायक अवर निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टरों के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के बावजूद चालक अंधेरे और जंगल के रास्ते का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर थाना ले आई।

पूछताछ के लिए आसपास के लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी ट्रैक्टरों के बारे में कोई सूचना नहीं दी। दोनों ट्रैक्टरों पर लदा बालू बिना किसी वैध कागजात का पाया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह बालू अवैध रूप से खनन कर लाया जा रहा था। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टरों की पहचान कर ली है। कई घंटों तक थाना परिसर में ट्रैक्टर खड़ा रहने के बावजूद कोई व्यक्ति कागजात लेकर नहीं आया।

# खजूर पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड के विभिन्न चर्चों में खजूर पर्व के मौके पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कंजिया चर्च में विशप खेदोर ने विशेष प्रार्थना कराई।

इसके पहले कंजिया मध्य विद्यालय से खजूर पर्व की जुलूस निकाली गई। जुलूस में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष अपने हाथों में खजूर की डाली लिये चर्च तक पहुंचे। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा किया गया।

सीएनआई भंडरिया, कंजिया ,खजूरी सहित चर्चों में फादर द्वारा विशेष प्रार्थना सभा कराई गई। मौके पर फादर वॉलटर हेंब्रम, फादर जुएल कुजूर, सुनिल टोप्पो, भंडरिया में जेम्स कुजूर, खजुरी में सुखलाल पन्ना सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भक्ति जागरण में झूमे कतरासवासी

**कतरास।** हनुमान जयंती के अवसर पर राजगंज रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समिति द्वारा आयोजित भक्ति जागरण में श्रोता रात भर नाचते झूमते रहे। गायिका पूजा प्रियंका, सरोज कुमार, शत्रुघ्न गुप्ता, स्नेहा ने अपने गीतों से लोगो को भाव विभोर कर दिया। नवीन गुप्ता ने झांकी निकाल कर लोगो का दिल जीत लिया। मौके पर समिति के सचिव श्यामकांत गुप्ता, बजरंग अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुनील पाठक, जगदीश भुवलका, जीतन दास, दिलीप केडिया, सुरेंद्र भदानी, विनोद बर्मन आदि मौजूद थे।

## वन हमारा अमूल्य संपति व प्राकृति धरोहर है: खेदु नायक

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत कोब्जा के ईको विकास समिति रमजा के द्वारा रविवार को रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर वन क्षेत्र के पेड़ पौधों की रक्षा के साथ वन्य जीव जन्तु की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र झारखण्ड के विभाग संगठन मंत्री खेदु नायक, विषिष्ट अतिथि जिला सत्संग प्रमुख सहःपुर्णकालिक कार्यकर्ता विश्व हिन्दु परिषद अशोक सिंह, जिला ग्राम विकास प्रमुख श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्त, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के अध्यक्ष श्री बिसु सोरेंग, मुखिया तारामणी सोरेंग आदि उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए खेदु नायक ने कहा कि वन हमारा अमुल्य सम्पति है। वन हमारी प्राकृतिक धरोहर है। वन को बखये रखने में हम सबकी भलाई है। अपनी एवं परिवार का किसी भी व्यक्ति का जन्म दिन पर केक काटकर जन्म दिन मनाना उतना जरुरी नहीं है, जितना पेड़ लगाकर जन्म दिन मनाना जरुरी है। दुर्भाग्य की बात है कि वन उजड़ते जा रहे हैं। अंधा धुंध पेड़ पौधों की कटाई से समय पर वर्षा नहीं हो रहा है। लोग तरह तरह के बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं।

# एक यूनिट रक्तदान हुआ


रक्तदान करते विशाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान कराया गया। संघत मुहल्ला निवासी विशाल कांस्यकार ने आधार हॉस्पिटल डालटनगंज में इलाजरात रंका निवासी सूरजमणि देवी उम्र 50 वर्ष के लिए रक्तदान किया।

मौके पर विनय कांस्यकार ने कहा कि हमारे छोटे भाई के द्वारा रक्तदान किया गया। हम सभी भाई हमेशा रक्तदान को लेकर हमेशा जगरूक रहते है।

जब किसी जरूरतमंद को जरूरत होती है हम रक्तदान करने को अगली पंगति मे खड़े होते है। संतोष केशरी ने कहा संस्था लगातार पीड़ितों को रक्त उपलब्ध करा रही है। मौके पर संस्था के आकाश केशरी, शुभम केशरी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड ओलंपिक संघ का चुनाव सम्पन्न, शैलेंद्र बने अवर सचिव, अलोक संयुक्त सचिव

**गढ़वा।** रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में रविवार को झारखंड ओलंपिक संघ की वार्षिक आम सभा में वर्ष 2025-29 तक के लिए संघ के पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से गढ़वा के शैलेन्द्र पाठक को अवर सचिव, आलोक मिश्रा को संयुक्त सचिव चुना गया। ज्ञात हो कि कई वर्षों के बाद यह पहली बार हुआ है जब झारखंड ओलंपिक संघ का चुनाव बिना किसी गुटबाजी के सर्वसम्मति से संपन्न हुआ है। क्योंकि कई चुनाव से तटस्थ चल रहे दूसरे गुट के भोलानाथ सिंह जब डॉ मधुकांत पाठक के ग्रुप में शामिल हो गए। इस चुनाव में झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आरके आनंद महासचिव के रूप में डॉ मधु कांत पाठक तथा अन्य के साथ वरीय उपाध्यक्ष के रूप में भोलानाथ सिंह चुने गए। श्री पाठक व मिश्रा को झारखण्ड ओलम्पिक संघ के चुनाव में निर्विरोध चुने जाने पर गढ़वा जिला के खेल संघ के सदस्यों खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने अपनी-अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है। बधाई देने वालों में ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, मदन प्रसाद केशरी, ओमप्रकाश तिवारी, विजय कुमार केशरी आदि का नाम शामिल है।

# भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाजपा पार्टी के द्वारा सम्मान अभियान चलाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा।संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सम्मान अभियान चलाया गया। इसके तहत नारायणपुर प्रखंड के कोलहरिया गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व भाजपा के मंडल प्रभारी सुजाता सिंह भैया ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि 14 मार्च को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। इस निमित इनके सम्मान में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शाम में प्रतिमा स्थल ओर चौराहों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सोमवार को उनके जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्र के प्रति बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। बाबा साहब का संपूर्ण जीवन शोषितों ओर वंचितों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा।

समाज को नई दिशा ओर दृष्टिकोण दिया। मौके पर नारायणपुर मंडल अध्यक्ष दीपक सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आनंद पोद्दार, प्रखंड मंत्री कालीचरण दास, जागेश्वर रजवार के अलावे ग्रामीण मौजूद थे।

# शहीद गुरुदास चटर्जी के 26 वें शहादत दिवस की सफलता को लेकर एमपीएल कामगार यूनियन ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** निरसा पार्टी कार्यालय गुरुदास भवन में शहीद गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस को सफल बनाने को लेकर एक बैठक की है। इस बैठक में मुख्य रूप से निरसा के विधायक अरूप चटर्जी उपस्थित थे। वक्ता में यूनियन के संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह ने बताया कि शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोग रैली की शक्ल में शहादत स्थल देवली पहुंचेंगे व गरीबों एवं मजदूरों के अपने प्रिय नेता शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी को श्रद्धांजलि देंगे। देवली के समारोह में निरसा विधानसभा क्षेत्र के अलावा गोविंदपुर, बलियापुर, सिंदरी, धनबाद, टुंडी, तोपचांची, गोमो, कतरास, बाघमारा, चास, बोकारो, रामगढ़ व हजारीबाग से भी भारी संख्या में लोग आएंगे।पार्टी के सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता शहादत दिवस समारोह की सफलता के लिए गांवों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता हर जगह बैठक कर लोगों से देवली चलने की अपील कर रहे हैं। समारोह में पूर्व विधायक आनंद महतो, बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह, सांसद सुदामा प्रसाद आदि नेता व गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। मन्नू सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल 2000 को धनबाद से निरसा लौटने के क्रम में विधायक गुरूदास चटर्जी को गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड देवली के समक्ष कोयला माफियाओं ने दिनदहाड़े गोली मार दी थी, इस बैठक में मुख्य रूप से एमपीएल कामगार यूनियन के सचिव महेश मंडल उपाध्यक्ष शमीम अथर संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह, मुन्ना यादव मनोज मंडल आनंद महतो चंदन मंडल बंकिम दास मन्नू सिंह नागेंद्र सिंह कैलाश मोदी हरहर आर्य अजहर खान रहमत बिशू इत्यादि उपस्थित थे।

# अमन साहू एनकाउंटर के नायक एटीएस इंस्पेक्टर डॉ. पीके सिंह का रामगढ़ तबादला

### झारखंड पुलिस की नई रणनीति का हिस्सा, एटीएस और विभिन्न जिलों से कुल 11 पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का हुआ है तबादला

अमित सिन्हा , ब्यूरो प्रमुख



**रामगढ़।** झारखंड पुलिस ने अपराध के खिलाफ अपनी जंग को और धार देते हुए एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। एटीएस और विभिन्न जिलों से कुल 11 पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का तबादला किया गया है। इस फेरबदल में सबसे ज्यादा चर्चा में हैं एटीएस रांची के जांबाज इंस्पेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, जिनका तबादला अब रामगढ़ जिला बल में किया गया है। डॉ. सिंह वही अधिकारी हैं जिन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में निर्णायक भूमिका निभाई थी और झारखंड पुलिस की छवि को नया आयाम दिया। डॉ. पीके सिंह का तबादला न केवल एक रूटीन प्रक्रिया है, बल्कि इसे राज्य की नई अपराध-विरोधी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राज्य सरकार अब उन अधिकारियों को फ्रंटलाइन पर ला रही है, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खतरनाक अपराधियों के खिलाफ साहसिक कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। अमन साहू, जो झारखंड ही नहीं, पड़ोसी राज्यों में भी अपराध का बड़ा नेटवर्क चला रहा था, उसके खिलाफ कार्रवाई में डॉ. सिंह की बहादुरी और रणनीतिक सोच ने पुलिस बल को नई ऊर्जा दी। यही वजह है कि अब उन्हें रामगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जिले की कमान सौंपी गई है। इस तबादले को राज्य की लॉ एंड ऑर्डर नीति में बदलाव और मजबूती के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। जिन अधिकारियों ने अपराधियों के अड्डों में घुसकर उन्हें नेस्तनाबूद किया, उन्हें अब उन जिलों में भेजा जा रहा है, जहां कानून की धार और अपराधियों की चुनौती दोनों तीखी हैं। झारखंड पुलिस का संदेश स्पष्ट है कि अब अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। रामगढ़ में स्थानांतरित किए गए एटीएस इंस्पेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह न केवल झारखंड पुलिस के सबसे कुशल और निडर अधिकारियों में गिने जाते हैं, बल्कि उन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और रणनीतिक क्षमताओं से राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. सिंह का नाम पहली बार सुर्खियों में तब आया जब उन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के नेटवर्क को ध्वस्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई। इस ऑपरेशन में उनकी नेतृत्व क्षमता, साहसिक निर्णय और तीव्र रणनीतिक सोच ने पुलिस बल को एक नई दिशा दी। अमन साहू के खिलाफ इस कार्रवाई ने न सिर्फ झारखंड बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी अपराधियों के मन में खौफ पैदा कर दिया। इसके अतिरिक्त, डॉ. सिंह ने एक बहुचर्चित डकैती कांड के दौरान भी अपनी सूझबूझ और जुझारूपन का परिचय देते हुए मौके पर ही एक खतरनाक अपराधी का एनकाउंटर कर जिले में अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# अनाज की बर्बादी

पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा बढ़ती ही जा रही है। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बबार्दी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है।

हरित क्रांति की सफलता का पंजाब सहित देश को भरपूर लाभ मिला। सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। किसान आज जो कई तरह के संकट उचित दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं।सिर्फ पंजाब में ही नहीं पूरे देश में लगभग 30 प्रतिशत अनाज बर्बाद हो रहा है। भंडारण की स्थिति दयनीय है। इससे अनाज के मूल्य भी बढ़ रहें हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस विषय पर स्वतः संज्ञान लेते हुए केन्द्र से कहा था कि रख नहीं सकते तो अनाज गरीबों को मुफ्त में दे दें।




**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

**e-mail**
**khabarmantra.city@gmail.com**

**R.N.I No.**
**JHAHIN/2013/51797**

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
**( R.N.I No. आवेदित )**

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# अंबेडकर और उनके अनुयायी



डॉ. अंबेडकर ऐसे महापुरुष हैं जिनका जन्मदिन, उनके जन्मदिन से पहले और सप्ताह और महीनों बाद तक मनाया जाता रहा है। संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका के बारे में कौन नहीं जानता? संविधान में बहुत सारे प्रावधान हैं लेकिन अभी भी उनको अमल में लाना रह गया है। संविधान में आरक्षण का प्रावधान तो है लेकिन सरकारी नौकरी हो या शिक्षा उसमें कोटा की सीमा का निर्धारण नहीं है। संविधान की धारा 16 (2) के अनुसार किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास या इनमें से किसी के आधार पर राज्य के अधीन किसी रोजगार या पद के लिए अपात्र नहीं ठहराया जाएगा या उसके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

अब भी संविधान वही है लेकिन जमीन-आसमान का फर्क.देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में दलितों और आदिवासियों को मुफ्त शिक्षा, वजीफा, हॉस्टल की सुविधा मिली और वे पढ़ गए। सरकारी विभाग बने और उनका विस्तार हुआ, जहाँ उन्हें नौकरी मिली। सार्वजनिक प्रतिष्ठान खड़े किए गए और लाखों-करोड़ों नौकरियां सृजित हुईं और रोजगार मिला। एयर इंडिया, एलआईसी, बैंक, कोयला, तेल की कंपनियां आदि के राष्ट्रीयकरण से लाखों रोजगार मिले। दलित-आदिवासी इसलिए पढ़ गए कि मुफ्त शिक्षा ही नहीं मिली, बल्कि वजीफा और हॉस्टल की सुविधा भी मिली। इस तरह से मध्यम वर्ग तैयार हुआ और वह सामाजिक न्याय को समझने लगा। कोटा-परमिट में भी आरक्षण के कारण लाखों लाभार्थी पैदा हुए जिससे उनकी आर्थिक व सामाजिक ताकत बढ़ी। आपातकाल में इनका सबसे ज्यादा उत्थान हुआ और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत कई लाभ मिले और उसमें भूमिहीनों को जमीन मिल सकी। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण के कारण एक मध्यम वर्ग खड़ा हो गया और फिर उसकी आकांक्षा बढ़ने लगी। इन्होंने ही डॉ. अंबेडकर के विचार को फैलाया और 1980 के दशक से इनका नाम व विचार गांवों तक पहुँचने लगा। लेखन और मीडिया की भूमिका के कारण ऐसा नहीं हुआ बल्कि उनके अनुयायियों ने प्रचार का कार्य किया। जब डॉ. अम्बेडकर के विचार फैलने लगे तो स्वाभाविक रूप से ज्योतिबा फूले, सावित्रीबाई फूले, शाहूजी महाराज, पेरियार, नारायण गुरु, संत गाड़गे, अय्यंकाली आदि के विचार का फैलाव स्वतः होना ही था।

जैसे ही हिस्सेदारी की रफ्तार बढ़ी, रुकावट आ गई। तथाकथित बहुजन मूवमेंट ने इन्हें हुक्मरान का सपना दिखा दिया और जो कुछ मिल रहा था उसके लिए भी लड़ना और माँगना छोड़ दिया। देने वाली कांग्रेस को भी छोड़ते गए।



**-डॉ उदित राज**

> क्या वास्तव में बात इतनी सीधी है, जो यहां असदुद्दीन ओवैसी समझा रहे हैं! आपके रसूलल्लाह की शान, शान है, उसकी वंदगी में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए गुस्ताखी माफ नहीं होगी, लेकिन इस्लाम के नाम पर आपके लोग जो करें सब जायज है फहीम खान का वे कोई दोष नहीं मानते यानी पुलिस झूठ बोल रही है कैमरे झूठ बोल रहे हैं जिन लोगों ने पुलिस के सामने गवाही दी है, वे सभी झूठ बोल रहे हैं

दलित समाज का मध्यम वर्ग परिपक्व होता,उसके पहले तथाकथित बहुजन मूवमेंट ने उसे भावनात्मक बनाकर झाड़ पर चढ़ा दिया। आरक्षण खत्म हो,जमीन का सवाल हो, निजीकरण का मुद्दा हो,उत्पीड़न,शिक्षा का निजीकरण और महंगी होना,संसद में सवाल उठाना,व्यक्तिगत समस्या या किसी तरह से भी अधिकार का हनन आदि सबका एक ही जवाब कि तुम्हें हुक्मरान बनना है और छोड़ो इन छोटी-छोटी बातों को। हमारी आबादी 85% है,हम देने वाले बनेंगे। इस तरह से बात रखी कि अब सत्ता आने वाली है और जैसे आदिवासी और पिछड़ा वर्ग इनसे कोई संधि या करार कर लिया हो। जोर-जोर से कहा कि अब बहुजन एक होने वाले हैं। किसी बात को बार-बार कहा जाए तो लोग सच मानने लगते हैं। दूसरी तरफ करीब 50% ओबीसी जिसे मण्डल कमीशन के साथ खड़ा होना था,वह जाकर कमंडल से जुड़ गया। मण्डल के विरुद्ध में कमंडल को जबरदस्त समर्थन के पीछे पिछड़े ही थे। ऐसे में कैसे आरक्षण,शिक्षा,जमीन जैसे सवाल को नजरअंदाज करके सत्ता प्राप्ति के सपने के लिए सारी ताकत झोंक दिया। जो पिछड़ा अपने विरोधी के साथ खड़ा होने में गर्व कर रहा था,उसका झूठा भरोसा दिखाकर दलित वर्ग के मध्यम वर्ग को मूर्ख बनाकर खूब समर्थन बटोरा। होना तो यह चाहिए था कि सत्ता प्राप्ति की लड़ाई चलती रहती लेकिन जो हिस्सेदारी मिल रही थी,उन मुद्दों को सड़क से संसद तक उठाया जाता रहता।

डॉ. अंबेडकर के विचार को सुविधानुसार ग्रहण किया, जातियों के संगठन खड़े करने लगे और सबको कहा कि अपनी-अपनी जाति को संगठित करो। डॉ.अंबेडकर ने जातिविहीन समाज की बात की थी और ये जाति की दीवार मजबूत करने में लगे रहे। बढ़ती हिस्सेदारी रुक गई और यह कहना ज्यादा उचित होगा कि खुद अपने विकास के रास्ते के अवरोधक बन गए। कल्याणकारी योजनाएं दम तोड़ती गईं और उसे बचाने में ताकत लगाने के बजाय सिर्फ राजनीतिक सत्ता हासिल करने में जुटे रहे। विशेष रूप से उत्तर भारत में कांग्रेस को प्रमुख विरोधी मान लिया और सारी ताकत, संसाधन और सोच एक ऐसे सपने के लिए लगाना शुरू कर दिया जो व्यावहारिक न थी। पिछड़ा साथ न हो, आदिवासी समाज सोया हो, अधिकारों के लिए संसद से लेकर सड़क तक कोई आवाज और संघर्ष न रहा हो तो कैसे बचते अधिकार? अधिकार देने वाली कांग्रेस को ही अंबेडकर विरोधी बताया। वोट भी देना बंद कर दिया तो ऐसे में कौन सी ताकत बची कि वह अधिकारों के लिए संघर्ष करती?

कांग्रेस और डॉ.अंबेडकर को आमने-सामने खड़ा करने के पीछे तथ्यहीन बातें रहीं। हिन्दू कोड बिल न पास होने से दुखी डॉ.अंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। ज्ञात रहे कि क्या बिना मंत्रिमंडल की मंशा के बिल पेश किया जा सकता था? यह बिल समस्त हिन्दू महिलाओं की समानता के लिए था और नेहरू जी भी उतने ही पास कराने के इच्छुक थे, जितना बाबा साहब डॉ. अंबेडकर। नेहरू जी ने ही इसको बाद में पास भी कराया था। तो इस तरह कांग्रेस को दोषी ठहराना कहाँ तक उचित है? एक भावनात्मक आरोप यह भी लगाया जाता है कि कांग्रेस ने उन्हें भारतरत्न नहीं दिया। तो इसको कैसे दलित विरोधी कहा जा सकता है, क्योंकि भारतरत्न तो सचिन तेंडुलकर जैसों को भी मिल गया है। संविधान निर्मात्री समिति का चेयरमैन और कानून मंत्री कांग्रेस ने बनाया तभी तो डॉ. बी.आर. अंबेडकर यह सब कर सके। एक निराधार आरोप और लगाया जाता है कि बाबा साहब को कांग्रेस ने चुनाव में हराया जबकि यह गलत है। दुनिया में कोई चुनाव हारने के लिए नहीं लड़ता। आजादी के बाद डॉ. अंबेडकर संविधान सभा के सदस्य नहीं थे, उन्हें कांग्रेस ही चुनवाकर फिर से लाई।

अनुयायी अपने गिरेबान में झाँककर देखें कि क्या वे जाति के बंधन से मुक्त हो गए हैं? क्या संगठित होकर संघर्ष कर रहे हैं? क्या दलित जातियों ने आपस में रोटी-बेटी का संबंध कायम करना शुरू कर दिया है? तर्क और तथ्य से परे हटकर जातीय मानसिकता से नहीं सोच रहे हैं? क्या पुरुष सत्ता की मानसिकता से मुक्त हो सके हैं? अनुयायियों को सोचने और समझने का समय ज्यादा नहीं रह गया है।

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

मैं आज तक कपड़ा के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला। ये बताया विक्की ने, एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्ट्री के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं - मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं!

बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह।

दुनिया को भारतीय युवाओं का असली हुनर दिखे - ये पता चले कि काबिल और मेहनती होते हुए भी ये युवा उपेक्षा और अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# गांवों में आज भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

**समाज**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

नाबार्ड की इस साल मार्च में जारी रिपोर्ट से जहां संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा है, वहीं यह चिंता की बात है कि जरूरत के समय गैर संस्थागत स्त्रोतों से कर्ज लेने वाले ग्रामीणों में करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याज दर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे साफ है कि एक बार गैर संस्थागत स्त्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत मुश्किल जरूर है।

नाबार्ड की रिपोर्ट को आधार मानकर चलें तो पिछले साल सितंबर में जुटाये गए आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी तात्कालिक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर हैं। हालांकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है। पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर थे। हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःख-दर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये धन पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की धन की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह तथ्य भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

चाहे ग्रामीण हों या शहरी ऐसी आवश्यकताएं आ ही जाती हैं, जिनके लिए तत्काल धन की जरूरत होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का ब्याज देना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर ऋण को चुकाना पड़ता है। साफ है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों का बोलबाला बना हुआ है। संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किस्त बकाया रह गई तो पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

एक बात और, शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ऋण देने का कार्य किया जाता है।

इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।

देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरूर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टि नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर हैं।

ये लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरूरत के समय एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालों पर सख्ती दिखानी होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# 3% तक घट सकता है ग्लोबल ट्रेड! भारत को फायदा

**टैरिफ वार**

**अर्थशास्त्री का दावा- भारत-ब्राजील जैसे देशों के लिए बड़ा मौका**

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अर्थशास्त्री पामेला कोक-हैमिल्टन ने चेतावनी दी है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में 3 प्रतिशत की कमी आ सकती है। इसके साथ ही निर्यात के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है, जिसमें अमेरिका और चीन जैसे बाजारों से व्यापार कम होकर भारत, कनाडा और ब्राजील जैसे देशों की ओर बढ़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी) की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने शुक्रवार को जिनेवा में ये बातें कहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने पिछले हफ्ते बड़े पैमाने पर टैरिफ योजना की घोषणा की थी। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस ने कहा कि ज्यादातर देशों के लिए 90 दिनों तक जवाबी टैरिफ पर रोक रहेगी, लेकिन चीन ने अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। कोक-हैमिल्टन ने बताया कि इन टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में लंबे समय तक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। उदाहरण के लिए, मैक्सिको का निर्यात, जो पहले अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे बाजारों पर निर्भर था, अब कनाडा, ब्राजील और कुछ हद तक भारत की ओर बढ़ रहा है। इन देशों के पास बड़ा मौका है। इसी तरह, वियतनाम का निर्यात भी अमेरिका और चीन से हटकर मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, यूरोप और कोरिया जैसे बाजारों की ओर जा रहा है।

**विकासशील देशों के लिए चुनौती और अवसर**

कोक-हैमिल्टन ने कपड़ा उद्योग का उदाहरण देते हुए बताया कि यह उद्योग विकासशील देशों के लिए आर्थिक गतिविधि और रोजगार का बड़ा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक देश है, को 37 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ झेलना पड़ सकता है। अगर यह टैरिफ लागू हुआ तो 2029 तक बांग्लादेश को अमेरिका में 3.3 अरब डॉलर के निर्यात का नुकसान हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विकासशील देशों को ऐसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधीकरण, मूल्यवर्धन और क्षेत्रीय एकीकरण पर ध्यान देना चाहिए। इससे न सिर्फ संकट से बचा जा सकता है, बल्कि भविष्य के लिए मजबूत आधार भी तैयार किया जा सकता है।

इसके अलावा, फ्रांस के अर्थशास्त्र अनुसंधान संस्थान उएढक्क के साथ मिलकर किए गए शुरूआती अनुमानों के अनुसार, 2040 तक इन टैरिफ और जवाबी कदमों से वैश्विक जीडीपी में 0.7 प्रतिशत की कमी आ सकती है। मैक्सिको, चीन, थाईलैंड और दक्षिणी अफ्रीका जैसे देशों के साथ-साथ अमेरिका को भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।


चीन के 125 प्रतिशत टैरिफ के फैसले पर एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की उपाध्यक्ष वेंडी कटलर ने कहा कि चीन इस व्यापार युद्ध में पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच टैरिफ–अमेरिका में चीनी आयात पर 145 प्रतिशत और अमेरिकी आयात पर चीन में 125 प्रतिशत–के कारण दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग ठप हो सकता है। वहीं, विशेषज्ञ डैनियल रसेल ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग न तो झुक रहे हैं और न ही स्थिति को और बिगाड़ रहे हैं। वे मानते हैं कि ट्रम्प की टैरिफ नीति अमेरिकी बाजार के दबाव में खुद ही कमजोर पड़ जाएगी।

चीन अब समान जवाबी टैरिफ से हटकर लंबी रणनीति पर काम कर रहा है। उसका लक्ष्य अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, कूटनीतिक प्रभाव बढ़ाना और अमेरिकी सहयोगियों पर दबाव बनाना है। रसेल ने बताया कि शी जिनपिंग का दक्षिण-पूर्व एशिया दौरा इस रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद क्षेत्र में चीन के आर्थिक रिश्तों को मजबूत करना है।





**अरुणाचल प्रदेश के जीरो स्थित कार्दो गांव में श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां स्थित शिवलिंग स्वयंभू है- अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### कुजू : सड़क हादसे में युवक घायल



कुजू। मुरपा फोरलेन सड़क पर रविवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के रेलिंग से जा टकराया। जिसमें सवार एक युवती पुल के नीचे गिर गयी। जबकि युवक को गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पहुंचे एम्बुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि चरही दासोखाप निवासी विकास कुमार व पूजा कुमारी पल्सर बाइक संख्या जेएच02बीपी– 4344 पर सवार होकर रामगढ़ से चरही घर लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा फोरलेन सड़क पुल के पास रेलिंग से जा टकराया। जिससे युवती पुल के नीचे जा गिरी। उसका पैर टूट गया। जबकि युवक को गंभीर चोट आई। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां पर युवक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### पतरातू के स्वर्णकार संघ रांची रवाना



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ भुरकुंडा के मतकमा चौक से रांची के विधानसभा परिसर में आयोजित स्वर्णकार महासम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। महासम्मेलन में देशभर से स्वर्णकार समाज के प्रमुख प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, पूर्व सांसद राज बब्बर, उत्तर प्रदेश विधायक विनय वर्मा, बिहार विधायक जीवन कुमार, उत्तराखंड विधायक प्रीतम सिंह पवार, लोकसभा सांसद राजेश वर्मा, झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान, मुख्य सलाहकार बहादुर सिंह वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष जयपाल लंबा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह कंडा भाग लेंगे। महासम्मेलन में भाग लेने वालों में पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष नरेश सोनी, प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, उपाध्यक्ष अनिल सोनी, प्रेम वर्मा, कैलाश प्रसाद स्वर्णकार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, क्षेत्रीय अध्यक्ष उदय स्वर्णकार, सचिव राजन वर्मा, कोषाध्यक्ष पप्पू वर्मा, विनोद सोनी समेत कई सदस्य शामिल हैं।

### कुजू : महायज्ञ को लेकर निकाला जुलूस



कुजू। श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी मुंडा टोला में रविवार को श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया। इससे पहले यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक ने कई धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। यज्ञ को सफल बनाने में राजू भुइयां, बसंती देवी, अमरदीप मुंडा, फुलासो देवी, अजय राम, मोहन भुइयां, अंजुला देवी, संजय राम, तेजलाल मुंडा, संदीप मुंडा, राजेंद्र भुइंया, अरुण भुइयां, संतोष भुइयां, महेश मुंडा, मनोज भुइयां, शंभु राम, अनोज भुइयां, ललिता देवी, शुक्रमणि देवी, साबो देवी, रीना देवी, रिंकी देवी, सुनीता देवी, बेबी कुमारी, रेखा देवी, पूनम देवी, उषा देवी, महेश भुइयां, संजय मुंडा, दिनेश मुंडा, टेपू मुंडा समेत पैंकी, मुंडा टोला, भुइयां टोला, पिपरा टोला के लोग लगे हुए हैं।

### बजरंग बली को कराया नगर भ्रमण



कुजू। पंच दिवसीय लक्ष्मीनारायण सह हनुमंत विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन तिलैया सांडी में रविवार को कई धामक अनुष्ठान काय का सपन्न कराया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, नवीन पांडेय, प्रमोद तिवारी, आयुष कुमार पांडेय ने यजमान बने अर्जुन महतो, भुनेश्वर करमाली, दहला बेदिया, नारायण बेदिया, रमेश महतो सपत्नीक के हाथों सर्वप्रथम वेदी पूजन कराया गया. जबकि बीर बजरंग बली की प्रतिमा को नए चौकी पर रखकर विधिवत स्नान कराया गया। जिसमें प्रधान यजमान के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कलश में जल भरकर भगवान को नहलाया। तत्पश्चात मंदिर के शुद्धीकरण के साथ भगवान को सुसज्जित वाहन पर बैठकर नगर भ्रमण किया गया। यज्ञ को सफल बनाने में संरक्षक भुनेश्वर महतो, निवर्तमान वार्ड पार्षद मंजू देवी, लाली बेदिया, रामसहाय बेदिया, नीरज झा, श्यामदेव बेदिया, बालेश्वर बेदिया, रमेश महतो, राजेश मांझी, पालो देवी, उषा देवी, अध्यक्ष सावन बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज विशेश्वर बेदिया, सचिव शंकर बेदिया, कोषाध्यक्ष प्रयाग बेदिया, उप कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष विकाश मुंडा समेत बड़ी संख्या में कार्यकारिणी के सदस्य लगे हुए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में उमड़ी भीड़

कुजू। श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ यज्ञ के चौथे दिन रविवार को करमा ग्राम के जतराटांड़ में आयोजित पश्चांग पूजन, मंडप पूजन, हवन, फलाधिवस,मिष्ठानाधिवस स्नान, नेत्रोन्मिलन, औषध्याधीवास, देव स्नान के साथ नगर भ्रमण का कार्य किया गया। साथ ही नगर भ्रमण के बाद भगवान हनुमान को शैय्याधिवास दिया गया। उक्त सभी अनुष्ठान यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक के हाथों संपन्न कराया। वहीं रात्रि में विदुषी अनुष्का पाठक ने अपनी कथा से श्रद्धालुओं को भक्ति का संचार किया। मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है।

# यहां विकास नहीं, भ्रष्टाचार पनपता है!

## हजारीबाग टूरिज्म: घोटाला देखने आइए, भ्रष्टाचार मुफ्त में मिलेगा

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** हजारीबाग झारखंड का एक ऐसा जिला जो हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में यह इलाका एक और पहचान के लिए बदनाम हो गया है, भ्रष्टाचार और लूटतंत्र का अड्डा। सरकारी योजनाएं हों या आम जनता की जेब, हर मोर्चे पर दलालों, फर्जीवाड़े व अफसरशाही की मिलीभगत से आम जनजीवन की नींव को खोखला किया जा रहा है। सबसे खतरनाक पहलू ये है कि न कोई जांच, न कोई जवाबदेही और न ही कोई ऐसा अधिकारी जो इस बर्बादी के खिलाफ आवाज बने। हर विभाग, हर दफ्तर, चाहे स्वास्थ्य हो या शिक्षा, पुलिस हो या प्रशासन हर जगह दलाली का बोलबाला है। नीचे कुछ केस स्टडीज हैं जो प्रशासनिक तंत्र की पोल खोलते हैं।

**केस स्टडी 1: अनाज घोटाला**

दिसंबर 2024 में अंशु महिला मंडल के जरिए चौपारण में सामने आया राशन घोटाला, 61 क्विंटल चावल और 30 क्विंटल गेहूं का गबन। ईपीओएस मशीन को मुंबई पहुंचाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया रोकी गई और सैकड़ों लाभुकों को राशन से वंचित कर दिया गया।

**केस स्टडी 2: नकली पनीर और मिलावटी मिठाइयाँ**

अक्टूबर 2024 त्योहारों के मौके पर नकली खाने-पीने की चीजों का खुला खेल। 50 किलो नकली पनीर और फंगस लगे पेड़े बरामद। जनता की जान से हुआ सीधा खिलवाड़।

**केस स्टडी 3: नौकरी के नाम पर महिलाओं से ठगी**

सितंबर 2022गोल वर्क लाइफ' नामक फर्जी एनजीओ ने 35 महिलाओं से लगभग 9 लाख रुपये ठगे। वादा किया गया रोजगार का, मिला धोखा। शिकायत लोहसिंघना थाना में, लेकिन अब तक न ठोस कार्रवाई न मुआवजा।

**केस स्टडी 4: पौधरोपण योजना में 10 करोड़ रुपये की ठगी**

फरवरी 2024ह्यप्रज्ञा सेवा संस्थानह्ल ने 200 किसानों को झांसे में लेकर हजारों पेड़ नहीं, बल्कि करोड़ों की ठगी बो दी। मुनाफे का सपना दिखाकर 8 से 10 करोड़ रुपये उड़ाए गए। निदेशक गिरफ्तार, लेकिन किसान आज भी न्याय की राह देख रहे हैं।

ऐसे-ऐसे हजारो मामले है। जिले की जमीनी हकीकत यही है कि जहाँ सिस्टम मौन है, और जनता छली जा रही है। सवाल यह नहीं कि भ्रष्टाचार है या नहीं, सवाल यह है कि क्या कोई बचेगा इससे? और सबसे बड़ा सवाल कि क्या हजारीबाग को कोई ईमानदार मसीहा मिलेगा, जो इन घोटालों का हिसाब लेकर आए? ये सिर्फ खबर नहीं, हजारीबाग की एक कड़वी सच्चाई है, जिसे अब नजरअंदाज करना खुद एक अपराध है।

# जनता की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : जायसवाल

## बरही चौक पर सांसद ने लगायी चौपाल, केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही चौक पर भाजपा के चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। चौपाल में सांसद को जनता ने अपनी समस्याएं व सुझाव साझा किया। जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आवास योजना, और स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है, खासकर गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। सांसद ने स्थानीय नागरिकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब धैर्यपूर्वक दिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर यथासंभव समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। चौपाल की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आम जनता को सरकार की योजनाओं और नीतियों को समझने में मदद मिलती है और लोगों को जागरूक किया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, नवल किशोर सिंह, संतोष निषाद, नागेश्वर रजक, विशेश्वर यादव , सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिरका कोलियरी में अपराधियों ने हाइवा में लगायी आग



रामगढ़। अपराधियों ने शनिवार रात सिरका कोलियरी में हाइवा पर गोली चलाई और फिर उसमें आग लगा दी। घटना की सूचना पाकर रविवार की सुबह रामगढ़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में शुरू कर दी है। अपराधियों ने कांटा घर के पास एक लोड हाइवा (जेएच 24 जे 6878) रुका हुआ था। शनिवार की रात करीब 11:30 बजे अपराधियों ने धावा बोला। अपराधियों ने वहां मौजूद लोगों को हथियार का भय दिखाकर धमकाया और फिर दो राउंड गोली चलाई। दोनों गोलियां हाईवा के बोनट पर ही लगी। इसके बाद अपने साथ पेट्रोल लेकर आए अपराधियों ने हाइवा पर छिड़का और उसमें आग लगा दी। इसके बाद फरार हो गए। राहुल दुबे ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जलता हुआ हाइंवा दिख रहा है।

# रंजीत पांडेय के सांसद प्रतिनिधि बनने पर कुजू में भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददता



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ अरगड्डा निवासी भाजपा नेता रंजीत पांडेय को सीसीएल क्षेत्र का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विशाल होटल में नगर परिषद का सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी के नेतृत्व में पांडेय का स्वागत किया गया।

गिरी ने रंजीत पांडेय से सीसीएल कामगारों के समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। श्री पांडेय ने कहा कि कहा कि उन्हें जिस उद्देश्य से प्रतिनिधि बनाया गया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। स्वागत करने वालों में मनोज गिरी,रोहन लाल, रवि कुशवाहा, राहुल गिरी, दिनेश कुशवाहा, प्यारेलाल कुशवाहा, राजेश प्रजापति, पिंटू कुशवाहा, लक्ष्मी पंडा ,अनिल यादव, प्रमोद यादव, दिलेश्वर कुशवाहा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें : राकेश प्रसाद



**कुजू।** झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनने पर झारखंड के लोगों को कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उक्त बातें भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्पलेक्स में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों संग भाजपा मांडू विस के तत्वावधान आयोजित वार्ता में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूद लाभार्थियों से केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा सिलेंडर, शौचालय, जविप्र राशन, पीएम आवास योजना, बिजली, आयुष्मान कार्ड से जुड़ी योजनाओ की जानकारी ली। जिस पर लाभार्थियों ने केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित होने की बात कही। राकेश प्रसाद ने मौजूद लोगों से केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की बात कही। इससे पूर्व, महिला सदस्यों ने राकेश प्रसाद को बुके भेंटकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन रांची महानगर प्रभारी (ओबीसी मोर्चा) जगेश्वर प्रजापति ने किया।

# सांसद की पहल से बिजली आपूर्ति शुरू

## भुरकुंडा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल क्षेत्रों के सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सीसीएल सौंदा, दत्तो, अरगड्डा और गिद्दी में बीते पिछले छह दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप थी। स्थानीय लोगों और श्रमिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही बच्चों का पठन-पाठन भी बाधित हो गया था। वहीं गर्मी के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भुरकुंडा मंडल के पदाधिकारियों ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को फोन कर इस मामले की जानकारी दी थी। सांसद मनीष जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत वरीय पदाधिकारियों से संपर्क साधा और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद महोदय ने सीसीएल प्रबंधन से कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। वार्ता में प्रबंधन ने कहा था कि सीसीएल प्रबंधन इस समस्या को लेकर गंभीर है। विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए जोरशोर से कार्य किया जा रहा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि पूरी उम्मीद है कि रविवार तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। रविवार को विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर क्षेत्रवासियों को इस गर्मी से राहत मिली। भुरकुंडा मंडल के भापाइयों ने अपने कर्मठ सांसद मनीष जायसवाल को बधाई देते हुए सीसीएल प्रबंधन के प्रति भी आभार प्रकट किया। सांसद को बधाई देनेवालों में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, जुगल नायक, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, संतोष शर्मा, योगेश दांगी, महेन्द्र सिंह, राजन पांडेय सहित दर्जनों भाजपाई शामिल हैं।

## एक नजर में

### बरही में महिला थाना भवन का उद्घाटन



बरही। रविवार को गया रोड स्थित पुलिस निरीक्षक कार्यालय परिसर में बरही महिला थाना एवं बाल संरक्षण थाना का उद्घाटन एसी अरविंद कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह में बरही थाना प्रभारी आभास कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, पदमा ओपी प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी और महिला पुलिसकर्मी उपस्थित थे। एसपी ने कहा कि नए थाना भवन से बरही, चौपारण और पदमा क्षेत्र की महिलाओं को सीधे न्याय और सहायता मिलेगी। महिला सुरक्षा, पारिवारिक विवाद और अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब बेहिचक अपनी बात रख सकेंगी और उन्हें त्वरित न्याय मिलेगा। थाना प्रभारी किरण कच्छप ने कहा कि यह थाना ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। पहले उन्हें लंबी दूरी तय कर अपनी शिकायत दर्ज करानी पड़ती थी, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही न्याय की प्रक्रिया सुगम होगी। मौके पर जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रिंकी विश्वकर्मा, पूनम कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दनुआ घाटी : हादसे में ट्रक चालक की मौत



**चौपारण।** खतरनाक मोड़ों और जर्जर सड़कों के लिए कुख्यात दनुआ घाटी ने शनिवार को एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बनी। उत्तर प्रदेश के रहने वाले ट्रक चालक मो. नूर आलम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोलकाता से यूपी की ओर जा रहा ट्रक तेज रफ्तार में नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मो. नूर आलम ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं राहत कार्य में जुट गए। उन्होंने फंसे चालक को बाहर निकालने में हाथ बंटाया और घायल को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एम्बुलेंस चालक शक्ति की सेवा भावना भी चर्चा में रही। उन्होंने न सिर्फ जोखिम उठाकर राहत कार्य में सहयोग किया, बल्कि शव को रात में अकेले ही पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी और एम्बुलेंस चालक की तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें असली नायक बताया।

### बड़कागांव व केरेडारी में बेटियों को मिला लहंगा

बड़कागांव। रविवार को बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू प्रखंड के कई गांवों में सांसद मनीष जायसवाल की पहल गरीब बेटियों को मिला लहंगा। बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह, हेंठगढ़ा, बड़कागांव गांव, केरेडारी प्रखंड के पाण्डेय पूरा, बरियातू, पत्राखुर्द, बेलतु, बेंगवरी, केरेडारी, हेवाई तथा पतरातू प्रखंड के दर्जनों गांवों में घर–घर जाकर बेटियों को लहंगा वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि हर जरूरतमंद बेटी तक सहायता पहुंचाई जा सके। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साहू, सह–प्रतिनिधि कृष्णा राम, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, केरेडारी मंडल सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, आजसू युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर कुमार, मीडिया प्रभारी नकुल साव सहित अन्य लोग शामिल थे।

### हजारीबाग में दलाली और पैरवी से थाना परेशान

**हजारीबाग।** पुलिस की वर्दी अब अपराधियों से नहीं, बल्कि रसूखदारों के नेटवर्क से जूझ रही है। हजारीबाग में अपराध को दबाना जितना मुश्किल नहीं, उतना मुश्किल हो गया है अपराधी के ह्यबैकअप टीमह्ल से निपटना, ये हैं पैरवी स्पेशलिस्ट, जिन्हें हर थानेदार पहचानता है, लेकिन नाम लेने से कतराता है। इन पैरवीबाजों का काम सिर्फ एक है कि अपराधियों के लिए थाने का दरवाजा खुलवाना। चोरी, ठगी, या मारपीट के मामले में पुलिस जैसे ही किसी को पकड़ती है, तुरंत राजनीतिक लिंक वाले दलाल सक्रिय हो जाते हैं। नेताओं के इशारे पर ये लोग थाने पहुँचते हैं, अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं, और कोशिश करते हैं कि अपराधी बेलगाम घूमते रहें। नाम नहीं छापने के शर्त पर एक पुलिसकर्मी ने बताया कि अब तो हम अपराधियों से ज्यादा पैरवीकारों से लड़ रहे हैं। मामला दर्ज करने से पहले ही फोन आ जाते हैं, कभी नेताजी का, कभी उनके आदमी का। समाजसेवी मनोज गुप्ता ने कहा कि अगर अपराधियों को बचाने के लिए पैरवी और दलाली का इस्तेमाल हो रहा है, तो ये भी अपराध ही है। ऐसे दलालों पर भी मामला दर्ज होनी चाहिए।

### 30 तक केवाइसी करायें लाभुक: संजय यादव



बरही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव की देखरेख में बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बसे आदिम जनजाति समूह के बिरहोर परिवारों के घर जाकर राशन कार्ड में ई–केवाईसी किया गया। करीब 50 लाभुकों का ई–केवाईसी किया गया। ई–केवाईसी के दौरान आदिम जनजातियों के पास आधार कार्ड नहीं होने, आधार कार्ड अपडेट नहीं होने जैसी कई समस्याएं सामने आईं। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि बिरहोर परिवार के लाभुकों का आधार अपडेट करने, नया आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर लाभुकों के ई–केवाईसी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज समय पर नहीं मिले तो राशन कार्ड से नाम हटाया जा सकता है।

### परसातरी में वज्रपात से एक की मौत

बरही। चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर पंचायत के परसातरी गांव निवासी गुल्ली महतो के पुत्र जगदीश प्रसाद ( 55 वर्ष) की वज्रपात से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक तिलैया डाकघर में उपडाकपाल के पद पर कार्यरत थे। मृतक शनिवार को अपनी ड्यूटी पूरी कर देर शाम अपने घर परसातरी लौटे थे और रविवार की सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

### चरही : भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न


चरही। रविवार को चुरचु मंडल के घरटी ऑफिसर ग्लव में मांडु विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन रामगढ़ जिला प्रभारी श्री प्रवीण मेहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सदस्यता प्रभारी श्री रामेश प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में मांडु विधानसभा क्षेत्र के सभी सक्रिय कार्यकताओं की भूमिका की सराहना की और पार्टी के नीति–सिद्धांतों के अनुरूप उनके कार्यों को दिशा प्रदान की। श्री प्रसाद ने कार्यकताओं को संगठन की जड़ों को मजबूत करने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और एकजुट होकर आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की ताकत उसकी निचले स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकताओं में होती है, और उनका योगदान अतुलनीय है। सम्मेलन में मंडल के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रेशर हॉर्न से कोडरमावासी परेशान, ऐसे वाहनों पर नहीं लग रहा है लगाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में कई बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों में प्रेशर हार्न लगा दिये जाने से लोगों को परेशानी हो रही है, खासकर शहरी क्षेत्र आबादी वाले इलाके में लोग इससे बहुत परेशान हैं। स्कूल-कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, हेल्थ क्लिनिक आदि क्षेत्र में ऐसे हार्न के उपयोग से लोगों की दिक्कतें बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसे वाहनों पर जिला परिवहन कार्यालय और सड़क सुरक्षा समिति ने अब तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की है, न ही अभियान चलाया है। ऐसे वाहनों के परिचालन से सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है। दरअसल कोई भी वाहन निर्माता कंपनी सरकार द्वारा निर्देशित-निर्धारित मानकों के अनुरूप ही वाहन तैयार करती है। वाहनों के निर्माण में वाहन चालक के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उपकरण लगाये जाते हैं। इनमें एक हार्न भी है। हार्न सभी वाहनों के लिए अलग-अलग होती है। ऐसे में मानक के अनुरूप पूर्व से लगे हार्न में कुछ भी परिवर्तन करना या मॉडिफाई करवाना गैरकानूनी माना जाता है, चाहे बस चालक हों या फर्राटा भरने वाले युवा मोटरसाइकिल अपनी गाड़ी को यूनिक बनाने के लिए उसके साथ छेड़छाड़ कर बैठते हैं, जिसका उन्हें आगे चलकर हर्जाना भरना पड़ता है। मोटर ह्वीलर एक्ट 2019 में जोड़े गये नये प्रावधानों के मुताबिक किसी भी वाहन में अलग से प्रेशर हॉर्न लगाना गैरकानूनी है। इस कारण आपके साथ-साथ आपके आसपास के लोगों को भी परेशानी होती है। ध्यान रखने योग्य बात यह है कि शहर के भीड़-भाड़ और शांत इलाकों में प्रेशर हॉर्न बजाने की मनाही होती है। शांत इलाकों में अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, समाहरणालय, सार्वजनिक मंदिर या अन्य पूजा स्थल आते हैं।

### प्रेशर हॉर्न लगाने पर क्या हो सकती है कार्रवाई



मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रेशर हॉर्न पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। अगर कोई व्यक्ति रेग्युलर रूप से प्रेशर हॉर्न लगाता है, तो उसका लाइसेंस भी सस्पेंड किया जा सकता है। बस, ट्रक, कार या मोटरसाइकिल को जब्त किया जा सकता है। मामला कोर्ट तक पहुंचने पर तीन महीने तक की जेल भी हो सकती है।

## आरपीएफ ने यात्री का सामान लौटाया

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ कोडरमा ने शनिवार को एक यात्री का ट्रेन में छूटा सामान लौटाया। मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ को सूचना मिली थी कि गाड़ी संख्या-22812 के कोच संख्या-एइ-एक, बर्थ नंबर 20 पर यात्रा कर रहे व्यक्ति का सामान छूट गया है। शिकायतकर्ता विवेक चौरसिया की सूचना पर गाड़ी के कोडरमा आगमन पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सामान की पहचान करायी। इसे बाद उक्त सामान को आरपीएफ पोस्ट लाया गया। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता ने आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पहुंच कर अपना सामान ले लिया।

## जब्त ट्रैक्टर ले भागे तस्कर

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला के टेकवा माइंस में अभ्रक के अवैध उत्खनन के खिलाफ वन विभाग की टीम ने छापामारी की। इस दौरान टीम मौके से कंप्रेसर युक्त ट्रैक्टर को जब्त कर वापस लौट रही थी, इसी दौरान अवैध उत्खनन में लगे लोग रास्ते में ही उक्त ट्रैक्टर लेकर फरार हो गये। इस संबंध में वन विभाग के पदाधिकारी कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं।

## ग्रिजली विद्यालय मना बैसाखी महोत्सव



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के प्रांगण में प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हें-मुन्नों ने पारंपरिक हर्षोल्लास और सांस्कृतिक जोश के साथ बैसाखी पर्व मनाया। वहीं यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सजीं परी कुमारी, अभ्या राज और आकांक्षा ने पंजाबी संस्कृति की झलक पेश की, वहीं कुंज रमन, अंधिका कुमारी और आयुष अजीकेट ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जो न केवल मनोरंजन से भरपूर थीं, बल्कि उन्होंने बैसाखी पर्व के महत्व और पंजाब की समृद्ध संस्कृति को भी उजागर किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बने छात्र अर्जित विश्वकर्मा, जिन्होंने दूधवाले की भूमिका निभाकर सभी को प्रभावित किया। वहीं यूकेजी की छात्रा ओजस्वी सिंह ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिक्षिकाएं श्वेता प्रकाश, एवेले बर्णवाल, काजल कुमारी, भावना, आरती और रिंकी भी उपस्थित रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर प्रीति जगनानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन बच्चों की मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सभी दर्शकों का मन जीत लिया। यह आयोजन नन्हें छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास रहा।

## ग्राम सभा के माध्यम से आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** जिला समाज कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रखंड स्तर पर ग्राम सभा के माध्यम से आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्तपदों पर चयन की प्रक्रिया हुई। जयनगर प्रखंड में 15 रिक्त पदों में से नौ पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित सहायिकाओं को शनिवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मौके पर चयनित सहायिकाओं को आंगनबाड़ी सेविका व पोषण सखी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करने को कहा गया। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि वे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं व छोटे बच्चों के पोषण, शिक्षा व अन्य विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभायें। मौके पर बीडीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं, प्रखंड सांख्यिकी सहायक, प्रधान सहायक व आकांक्षी प्रखंड फेलो आदि मौजूद थे।

## कृष्ण बल्लभ सहाय की प्रतिमा स्थल की सुरक्षा व रखरखाव के लिए बिहार के राज्यपाल को सौंपा मांग पत्र



**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने बिहार राज्य के पटना में पुराना सचिवालय रोड स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय जी की प्रतिमा स्थल की सुरक्षा एवं रखरखाव हेतु बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मो.खान साहब को मांग पत्र सौंपा। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पटना में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय संगठन सह सचिव के रूप में भाग लेने के लिए श्री सहाय पटना पहुंचे थे, जबकि रविवार अवकाश होने पर महामहीम से मुलाकात ना हो पाने के कारण राज्यपाल के बाहरी सुरक्षा कक्ष में प्रतिनिधि द्वारा यह मांग पत्र सुपुर्द किया गया। श्री सहाय ने महामहिम राज्यपाल बिहार को सौंप गए मांग पत्र की एक प्रतिलिपि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय को भी सौंप कर पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय जी के पटना सचिवालय पथ स्थित प्रतिमा के सौंदर्यकरण का मांग रखा। श्री सहाय ने विश्वास जताया कि जल्द ही महामहीम राज्यपाल के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा उक्त प्रतिमा स्थल को संजोने संवारने का कार्य किया जाएगा।

## नाबालिग लड़की की शादी कराने की चल रही थी तैयारी, प्रशासन ने रुकवाया

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती बेंदी पंचायत के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी कराने की तैयारी चल रही थी, मगर समय रहते प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर उक्त बाल विवाह को रुकवाया। वहीं बाल विवाह करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम को शुक्रवार शाम सूचना मिली कि बेंदी पंचायत के एक गांव में नाबालिग लड़की की शादी की तैयारी चल रही है, जबकि वह अभी शादी के लिए तैयार नहीं है, त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष ठाकुर, चंदवारा सीओ अशोक भारती, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मला कुमारी सहित अन्य लोग गांव पहुंचे एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद परिजनों ने शादी रद्द कर दी।

## बोकारो में दिनदहाड़े फल विक्रेता को अपराधियों ने मारी गोली

- भागने के दौरान तिलैया पुलिस ने गुमो चौक पर धर दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता





**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बोकारो जिले के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट में रविवार की दोपहर अज्ञात अपराधियों ने एक फल विक्रेता को गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधियों ने दुकानदार को घायल अवस्था में मेडिकल स्टोर के पास पहुंचाया और फरार हो गये। गोलीबारी की इस घटना में एक अपराधी भी घायल हो गया है, जिसे लेकर वे भाग निकले। भागने के दौरान कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना पर जाल बिछाकर 4-5 लोगों को तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो चौक के पास चाय पीते धर दबोचा। वहीं पुलिस ने अपराधियों के पास से दो गाड़ी बीआर01एचआर 7420 एवं बीआर01एचएच 0450 मारुति कंपनी की सफेद रंग का इर्टिगा भी बरामद किया है। घटना में घायल फल विक्रेता का नाम विजय कुमार साव बताया जा रहा है। वहीं फल विक्रेता की पत्नी रितु कुमारी ने बताया कि स्थानीय दुकानदारों ने चास स्थित केएम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां फिलहाल आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि वह रोज की तरह रविवार को भी लक्ष्मी मार्केट में फल की दुकान लगाए थे, तभी दोपहर दुकान के पास आये अज्ञात लोगों ने अचानक उन पर गोली चला दी। वहीं पूरे मामले की तिलैया पुलिस जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक बोकारो पुलिस पहुंच चुकी थी।

## 15 शिक्षकों के लिए एक साथ किया गया सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** प्रखंड में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में सेवानिवृत्त हुए 15 शिक्षकों को एक साथ सम्मानित किया गया। इनमें 10 सरकारी सहायक शिक्षक और पांच पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) शामिल हैं। वहीं मुख्य अतिथि सीएच उच्च विद्यालय के प्राचार्य केक्रे तिवारी ने सभी शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीइओ जगन्नाथ प्रसाद व संचालन अश्विनी तिवारी ने किया।

**सम्मानित हुए ये शिक्षक :** राधेश्याम मिश्रा, उपेंद्र वर्मा, सुधा कुमारी, रंजन कुमार, संध्या मेहता, मंजू कुमारी, कांति द्विवेदी, कांति कुमारी, रेखा कुमारी, रेखा मिश्रा, सुरेश कुमार, रामबालक राम, महेश पांडेय, भीखन नायक व बाबूलाल कुमार सम्मान पाकर भावुक और गौरवान्वित दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदीप सहाय, विनोद गुप्ता, मनोज चौरसिया, सुधा शर्मा, अजीत आजाद, विजय राम, रंजीत सिंह, शताब्दी बनर्जी, रजनी सिंहा, संगीता साहनी, गीता रजक, बालेश्वर साहू, बीपीओ उपेंद्र कुमार, जुलिता मिंज, निरंजन कुमार, अमित श्रीवास्तव, अभिषेक मंडल, विनोद गुप्ता ने सहयोग किया।

## चर्म रोग से ग्रसित हैं कई बिरहोर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थानांतर्गत डोमचांच प्रखंड के बिंडोमोह स्थित बिरहोर टोला (बच्छेडीह पंचायत) में रह रहे आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के कई लोग चर्म रोग से ग्रसित हैं। स्वास्थ्य विभाग के उदासीन रवैया के कारण बिरहोर परिवार के लोग तंत्र-मंत्र और जड़ी-बूटी से अपना इलाज करने का प्रयास कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिरहोर टोला के 40 वर्षीय प्रसाधी बिरहोर, 7 वर्षीय मनोज बिरहोर के अलावे कई बिरहोर परिवार चर्म रोग से पीड़ित हैं। समय रहते उनके उपचार की व्यवस्था नहीं की गयी, तो समस्या बढ़ सकती है।

## छह वर्षीय बच्चे की संदिग्ध अवस्था में मौत

- पिता ने सौतेली मां व अन्य पर मारने का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

### घटना के समय घर पर दादा, दादी, चाचा व चाची थे मौजूद

इधर मामले को लेकर बच्चे के मामा ने बताया कि जब यह घटना घटी उस वक्त घर पर बच्चे की मां जो पानी भरने गई हुई थी, जबकि मृतक का दो वर्षीय छोटा भाई वहीं था। उसके अलावे घर में उसके दादा, दादी, दो छोटे चाचा और एक चाची मौजूद थी।

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गझण्डी में बीती रात एक 6 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने का मामला सामने आया है। वहीं बताया जाता है कि मृतक 6 वर्षीय सौरव कुमार पिता अरविंद यादव ने शनिवार की रात अपनी मां से खाना मांगा। जिसपर मां ने घर से दूर कुएं से पानी लाने के पश्चात खाना देने की बात कहकर पानी भरने चली गई। वापस आई तो देखा कि सौरव जमीन पर लोट रहा था। जिसके पश्चात उसकी मां ने चिकित्सक को बुलाकर उसे देखने को कहा। वहीं चिकित्सक ने बच्चे के नब्ज पकड़ते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

बताते चलें कि मृतक के पिता एक ट्रक चालक हैं और वे घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। इधर इस मामले की सूचना मिलते ही अरविंद आनन फानन में घर पहुंचे, जिसके पश्चात् रविवार की सुबह बच्चे को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार घर से दूर मिट्टी में दफना दिया गया। बच्चे को दफनाने के पश्चात जब परिजन घर लौटे तो आसपास के लोगों ने परिजनों को बताया कि बच्चे के गले पर कुछ निशान था। जिसके पश्चात मृतक के पिता अरविंद ने इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी, जिसके पश्चात तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों की शिकायत के पश्चात शव को मिट्टी से बाहर निकालते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

वहीं मृतक के पिता अरविंद ने उसके बेटे को सौतेली मां और उसके छोटे भाइयों पर मिलकर मारने का संदेह जताया है। जिसके पश्चात पुलिस बच्चे के दादा मनोज यादव, चाचा पवन यादव, छोटू यादव व उसकी दादी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## खबर एक नजर में

### डॉ. सुशीला कुमारी ने चित्रकूट में किया चतरा का नाम रोशन



**इटखोरी।** इटखोरी की डॉ. सुशीला कुमारी ने एक बार फिर चतरा जिले को गौरवान्वित किया है। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में उनकी संपादित पुस्तक काव्य कुंभ, महाकुंभ का भव्य विमोचन किया गया। यह आयोजन चित्रकूट की पवित्र भूमि कामदगिरि पीठ पर हुआ। जिसमें देशभर से कई प्रसिद्ध साहित्यकार और संत शामिल हुए। पुस्तक का विमोचन पूज्य संत गुरुदेव महाराज के कर-कमलों से हुआ, जो सभी रचनाकारों के लिए गर्व की बात रही। डॉ. सुशीला कुमारी ने इस अवसर को अपने लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वालों डॉ. मार्तण्डेय त्रिपाठी और डॉ. कमलेश थापक का विशेष धन्यवाद किया। कार्यक्रम में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ भी किया।

### वज्रपात की चपेट में आने से चाचा की मौत, भतीजा गंभीर रूप से हुआ घायल, गांव में पसरा मातम



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत कल्याणपुर गांव स्थित प्रतापपुर टांड़ में महुआ चुनने के दौरान रविवार की अहले सुबह करीब 5 बजे वज्रपात की चपेट में आने से चाचा की मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसकी पहचान इसी गांव के स्व. दुर्योधन सिंह के 48 वर्षीय पुत्र अमरेश सिंह एवं भतीजा किरण सिंह के 22 वर्षीय पुत्र भतीजा महेश कुमार रूप में हुआ है। जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति अपने महुआ की रखवाली के लिए घर के बगल गांव प्रतापपुर टाड़ गए हुए थें ।इसी दौरान तेज बारिश एवं ठनका होने लगा दोनों व्यक्ति एक महुआ पेड़ के नीचे पानी से बचाव के लिए खड़ा हो गए हैं। इसी दौरान वज्रपात हो गया। जिसमें अमरेश सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई ।जबकि उनके चचेर भतीजे महेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के कुछ देर बाद मृतक के भाई प्रवेश की नजर पड़ी। जिसकी खबर गांव वालों को देते हुए थाना एवं अस्पताल में सूचित किया। मौके पर परिजनो ने घायल महेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।वही मृतक अमरेश कुमार सिंह को हंटरगंज थाना पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों से चीख चीत्कार से माहौल गमगीन बना हुआ है।

### राशनकार्ड धारियों को ई -केवाईसी कराना है जरूरी : एमओ



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार प्रसाद ने रविवार को अपने आवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि प्रखण्ड के सभी राशन कार्ड धारियों को बिना ई- केवाईसी के अब राशन कार्ड से नाम स्वतः हट जाएगा। प्रखण्ड के सभी राशनकार्ड धारियों से अपील है कि यदि कोई भी ऐसे राशन कार्ड धारियों ने अपना ई - केवाईसी नहीं करवा पाए हैं.ऐसे राशन कार्ड धारियों से अपील है कि 25 अप्रैल तक अपना -अपना ई-केवाईसी करवा लें. यदि कोई दूसरे राज्य या दूसरे जिला में काम करने गए हैं तो उनलोगों से भी अपील हैं कि इस दौरान नजदीकी राशन डीलर पास जाकर ई -केवाईसी करवा लें. इस दौरान जो भी राशनकार्डधारी ई -केवाईसी नहीं कराएंगे, उनका नाम राशन कार्ड से 30 अप्रैल के बाद हटा दिया जाएगा. वही उन्होंने प्रखण्ड के सभी राशन डीलरो को निर्देश दिए हैं कि डीलर घर- घर जाकर ई -केवाईसी कराएंगे 25 अप्रैल तक ई -केवाईसी शत प्रतिशत पूर्ण करें. भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 30 अप्रैल के बाद अवधि का विस्तार नहीं किया जाएगा। लोगों से अपील है कि अपना ई -केवाईसी करवा लें नहीं तो राशन कार्ड से स्वतः नाम हट जाएगा।

### गांवों में चलाया गया महिला जागरूकता अभियान, असामाजिक तत्वों से दूर रहने की दी गई जानकारी



**हंटरगंज /चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देश पर पीएलवी बिहारी कुमार ने हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांव में महिला जागरूकता अभियान रविवार को चलाया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के जानकारी बताए गए तथा उन्हें असामाजिक तत्वों से दूर रहने की जानकारी दी गई ।हंटरगंज प्रखण्ड के पंचायत करमा के सिलदाह सहित आदि गांवो में ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया गया। पीएलवी बिहारी कुमार ने कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक नहीं होंगी तब तक उनका शोषण होता रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक महिला जागरूक हो। अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें, तथा असामाजिक तत्वों से बचने के लिए तत्पर रहे। जागरूकता अभियान में बाल विवाह , बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडन, आदि से कैसे बचना है आदि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को नालसा का टोल फ्री हेल्प नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दिया गया।

### मध्यस्थता शिविर में कई मामले हुए निष्पादित



**हंटरगंज/चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर थाना परिसर में रविवार को कई मामलों का निष्पादन मध्यस्थता शिविर के माध्यम से किया गया। इस शिविर में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों जोलडीहा,घंघरी, दांतार, लेढों आदि गांव से आए ग्रामीणों ने अपना-अपना पक्ष रखा। सभी पक्षों के बातों को सुनने के बाद ग्रामीणों ने मध्यस्थता शिविर में निष्पादन सुलह के आधार पर करने की अपील की गई। निष्पादित मामले घरेलू विवाद, मारपीट, जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, पैसा लेनदेन मामले, में दोनों पक्षों ने अपना-अपना पक्ष रखा और पक्षों की बातों के सुनने के बाद सभी को समझा बूझकर मध्यस्थता शिविर में मामले का निष्पादन किया गया। मध्यस्थता शिविर को सफल बनाने में वशिष्ठ नगर थाना के एएसआई छोटन राम एवं प्रमोद प्रसाद सिंह, पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता, मध्यस्थता शिविर में आए सभी पक्षकार उपस्थित थे।

### गैरेज से ट्रैक्टर चोरी, थाना में मामला दर्ज

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बरियातु गांव में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने पवन विश्वकर्मा के घर के पास स्थित गैरेज से एक ट्रैक्टर चोरी कर ली। ट्रैक्टर में वेल्डिंग का सेटअप भी लगा हुआ था। पवन विश्वकर्मा को घटना की जानकारी तब हुई जब वह रात करीब दो बजे गैरेज में काम करने पहुंचे। वेल्डिंग मशीन चालू करने के लिए जैसे ही गैरेज में गए, ट्रैक्टर गायब मिला। उन्होंने तुरंत आसपास खोजबीन शुरू की और पास के पीतीज क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें ट्रैक्टर को ले जाते कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। बाद में ट्रैक्टर का वेल्डिंग सेटअप जमुआ जंगल में पड़ा मिला, जबकि चोर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। इस घटना को लेकर पवन विश्वकर्मा ने गिद्धौर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। आवेदन में बताया गया है कि यह ट्रैक्टर बरियातु निवासी भेखो यादव का पुत्र मनोज कुमार यादव द्वारा 31 जनवरी 2022 को चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल से नीलामी में खरीदा गया था ।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले में चोरों को पकड़ने में असफल रही है। ग्रामीणों ने पुलिस से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### बीडीओ के रवैया से लोगों में आक्रोश : भाकपा माले



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया में जिला कमेटी सदस्य शंभू नाथ वर्मा की अध्यक्षता में माले की बैठक की गयी। बैठक में मंइयां समान योजना के लाभ से पूर्णता वंचित लोगों का सवाल उठाया। वहीं मंइयां समान योजना में लाभुकों के नाम नहीं जोड़े जाने से अधिकारियों व प्रखंड कर्मियों पर भेदभाव के रवैया से महिलाओं में आक्रोश है। वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, आवेदनों का निपटारा नहीं किया जा रहा है। अबूवा आवास प्रधानमंत्री आवास, गाय शेड के नाम पर लोगों से उगाही किया जाता है, जो लोग पहले रुपया देते हैं उन्हीं लोगों को लाभ दिया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि बीडीओ अपने कार्यशैली में सुधार लाये। वहीं शंभू नाथ वर्मा ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर इन समस्याओं का हल नहीं निकाला गया तो प्रखंड मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा, जिसकी जवाबदेही बीडीओ होंगे। बैठक में अंजनी देवी, चांदनी देवी, लीलावती देवी, प्रमिला देवी, सुजाता देवी, गुड़िया कुमारी, चौना कुमारी, मंजू देवी, नेहा कुमारी, आशा कुमारी, सारो देवी, शिव शंकर दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरोन पंचायत के मतौनी निवासी संदीप कुमार पिता चंद्रदेव यादव एक सप्ताह पहले कोवाड-जयनगर मुख्य मार्ग के दशारो पुल के आगे बाइक और अज्ञात चारपहिए वाहन के बीच टक्कर हो गयी थी, जिसमें बाइक सवार युवक संदीप कुमार एवं उसके साथी राजेश राणा जख्मी हो गए और घटनास्थल पर ही संदीप कुमार बेहोश हो गया था, तत्पश्चात् जयनगर थाना की पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, जहां संदीप कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया था। वहीं धनबाद के अशर्फी हास्पीटल में संदीप कुमार की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## चतरा उपायुक्त ने जिले के सभी अधिकारियों के साथ किया बिरहोर कॉलोनी का दौरा

# आदिम जनजाति परिवारों को मिल रही सरकारी लाभ का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** चतरा उपायुक्त रमेश घोलप रविवार को जिले के सभी अधिकारियों के साथ प्रखंड के कोरी बिरहोर टोला पहुंचे। इस दौरान जेएसएलपीएस की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। मौके पर बिरहोर कॉलोनी के सभी परिवारों के साथ बैठ उनको मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं का बारी-बारी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी परिवारों के बीच शैक्षणिक स्थिति पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने बच्चों से लेकर बड़ों तक के शिक्षा स्तर को जाना। इस दौरान कई युवक युवती उच्च शिक्षा रत मिले। जिन्हें उन्होंने प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। वही विकलांग, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी का पेंशन सुचारू रूप से मिलता रहे। महिलाओं ने मईया सम्मान योजना की राशि उपलब्ध नहीं होने की शिकायत उपायुक्त से की जिस पर उन्होंने जल्द ही लाभ दिलवाने की बात कही। उपायुक्त ने वन अधिकार पट्टा से संबंधित चर्चा किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही शिविर लगाकर वन अधिकार पट्टा का वितरण किया जाएगा। रोजगार से संबंधित चर्चा की जिसमें मनरेगा के तहत बिरहोर परिवारों को रोजगार देने को लेकर जानकारी लिया। बिरहोरों ने बताया कि योजना कम रहने के कारण सभी को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पता है। वहीं उन्होंने आवास पर भी परिचर्चा किया उन्होंने कहा कि जिस परिवार को एक बार आवास मिल जाता है उसे दोबारा मिलना मुश्किल होता है इसलिए आवास को बेहतर ढंग से बनावे ताकि उन्हें लंबे समय तक उसमें निवास करने में कठिनाई ना हो। सभी लोगों का बैंक खाता का जानकारी लिया। बेरोजगार युवकों को रोजगार के प्रति प्रोत्साहित किया। किसानों को सिंचाई एवं पशुपालन से संबंधित सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही। बिरहोर परिवारों ने पानी की समस्या रखी इस पर वे खेती बाड़ी के लिए तालाब उपलब्ध करवाने एवं पेयजल के लिए सोमवार को ही डीप बोरिंग करने का निर्देश दिया। कई परिवारों ने पीला कार्ड नहीं रहने रहने की बात कही जिस पर उन्होंने जल्द ही परिवारों का पीला कार्ड उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। परिवारों ने पशुपालन से संबंधित मांग की जिस पर सूअर बकरी एवं गाय बैल उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि बिरहोर परिवारों से संबंधित जितने भी योजनाएं हैं शत प्रतिशत योजनाएं जल्द से जल्द धरातल पर लागू होनी चाहिए वह जल्द ही पुनः फिर गांव का दौरा कर जानकारी लेंगे । मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में 74 बिरहोर गांव है जिसमें करीब छ हजार पीवीजीटी परिवार निवास करते हैं । सभी परिवारों को सैचुरेशन मोड पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। तिन हजार से अधिक जाति और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। सैकड़ो लोगों को पेंशन से जोड़ा गया है। 54 वन अधिकार पट्टा को स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त बच्चों को विद्यालय भेजने अन्य रोजगार संबंधित योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में चल रही योजनाओं की वास्तविकता की जानकारी लेने आज सिमरिया के कोरी ग्राम पहुंचे थे। साथ ही उन लोगों के साथ बैठकर अन्य सभी समस्याओं पर चर्चा किया और उसे जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने बच्चों एवं परिवारों के बीच चॉकलेट, बिस्किट और केक का वितरण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी, थाना प्रभारी, गाँव के बुद्धु बिरहोर, कोमल बिरहोर, टिकुली बिरहोर, गौतम बिरहोर, अशोक बिरहोर, नारायण बिरहोर, सुदिप कुमार गुप्ता, आशीष गंझू, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आफत भरी बारिश से गुमला के पूर्वी भाग के किसानों की टूटी कमर

## कई एकड़ भूमि पर लगी फसल हुई बर्बाद, सबसे अधिक नुकसान तरबुज, खीरा व आम की फसलों को हुआ है

- ऋण लेकर व जमा पूंजी का निवेश कर किसानों ने की थी खेती, आपदा प्रबंधन से मुआवजा देने की किसान लगा रहे है गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता


टमाटर की बर्बाद फसल के साथ किसान


इन किसानों को हुआ सबसे अधिक नुकसान


बारिश से क्षतिग्रस्त मकई व तरबुज की मिश्रित फसल

**गुमला।** पिछले दो दिनों से अचानक हुई आफत भरी बारिश ने कई किसानों की कमर तोड़ कर रख दी। गुमला सदर प्रखंड के पूर्वी भाग में किसानों के द्वारा लगाये गये तरबूज, मकई, बोदी, भींडी, बैगन, टमाटर, गेंहू, खीरा की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। वहीं आम के फसल तेज बारिश व आंधी में टूटकर गिर गये और किसानों की आर्थिक आमदनी पर मानों ग्रहण लग गया। सबसे अधिक नुकसान तरबुज की खेती व आम की फसल को हुआ है। तेज बारिश व आंधी के कारण तरबुज की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गयी। खेतों में तरबुज के पौधे मर गये। छोटे-छोटे तरबुज खेत पर ही पड़े हैं जो किसानों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। प्रकृति की मार से किसान अपने को बेबस महसूस कर रहे हैं। जिस तरबुज की खेती से उन्हें अच्छी आमदनी की उम्मीद थी वह तेज बारिश ने चौपट कर दिया। यहां तक कि उनकी लागत व मेहनत पर भी पानी फिर गया। बारिश से गुमला के पूर्वी भाग के रघुनाथपुर, कोटेंगसेरा, करंजटोली, रेकमा, कलिगा, कुदासी, काना टोली, बेला, रकमसेरा, समसेरा आदि गांवों में सैकड़ों एकड़ में लगी सब्जी, तरबुज, आम व खीरा के खेती को बर्बाद कर दिया। कोटेंगसेरा रघुनाथपुर के मनोज भगत की दो एकड़ भूमि तरबुज, खीरा व मकई की मिश्रित खेती, रूपेश टाना भगत की एक एकड़ में लगी सब्जी की खेती, तुला उरांव की एक एकड़ में लगी मिश्रित खेती, मंगरा भगत, बाना उरांव, सुखा उरांव, अजीत टोप्पो, बंधनी देवी के प्याज, टमाटर, तरबुज, गेंहू की खेती लगभग बर्बाद हो गई। इन किसानों ने कहा कि वे अब अपने जीविकोपार्जन को लेकर चिंतित हैं। क्योंकि फसल लगाने में जमा पूंजी का निवेश कर दिया और बदले में उन्हें बर्बादी नसीब हुई। कई किसानों ने कहा कि उन्होंने ऋण लेकर खेती की थी। अब ऋण के पैसे कैसे चुकता होंगे और परिवार का पेट कैसे भरेगा इस बात की चिंता उन्हें खायी जा रही है। इधर किसानों के खेतों तक पहुंचकर उनके नुकसान का आकलन करने के बाद भाजपा नेता भोला चौधरी ने कहा कि सरकार तत्काल किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करे। बारिश से किसानों की कमर टूट चुकी है। जल्द उन्हें सहायता नहीं दी गयी तो वे हताशा भरी जीवन यापन करने को मजबूर हो जाएंगे।

### जिला प्रशासन तत्काल सर्वे कराकर किसानों को दे मुआवजा : जिप उपाध्यक्ष



जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने बारिश से हुए नुकसान पर कहा कि तत्काल जिला प्रशासन किसानों को मुआवजा देने के लिए सर्वे का कार्य कराये। ताकि किसानों को कुछ मदद सरकार की ओर से मिल सके। आपदा प्रबंधन से किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने की जरूरत है। क्योंकि वे अपनी सारी पूंजी खेती में लगा चुके थे। बारिश ने पूरी फसल को ही नुकसान पहुंचा दिया है। वहीं संयुक्ता देवी ने किसानों से बर्बाद हुए फसल की तस्वीर के साथ आवेदन अंचल कार्यालय में देने की अपील किसानों से की है ताकि उन्हें सरकारी सहायता मिलने में आसानी होगी।

## स्पीड न्यूज

### लक्ष्मणनगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन



**गुमला।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर लक्ष्मण नगर स्थित श्री महावीर मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव से मनाया गया। सुबह से ही श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना कर श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया और संध्या सात बजे से श्री महावीर कीर्तन मंडली के द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। जिसमें श्री हनुमान और विभिन्न देवी-देवताओं के भजनों की अमृत वर्षा हुई। इस अवसर पर रामजी तिवारी, रामाशीष शर्मा, भरत गिरी, बृजबिहारी पूरी, चंदन भगत, सुबोध यादव, संजय कुमार, सुरेश्वर शर्मा उर्फ लोहा बाबू, राजेश पंडित, बृजकिशोर पूरी, हरेंद्र गिरी, जोगेंद्र गोप, आनंद किशोर पंडा, रामनन्द पासवान, अमरनाथ राम, शिव दास गोस्वामी, शंतु बैठा, दिनेश साहू, दीपक कुमार, मोहन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रायडीह में धूमधाम से मना सरहुल पर्व



**रायडीह।** प्रकृति पर्व सरहुल रविवार को सरहुल पूजा समिति नवागढ़ रायडीह के तत्वावधान में हर्षोल्लास मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए। इस पर्व सांसद श्री भगत ने कहा कि हम आदिवासी प्रकृति की पूजा करते हैं। यह झारखंड का एक प्रमुख आदिवासी त्योहार है। यह वसंत ऋतु में मनाया जाता है। सरहुल आदिवासी नव वर्ष का प्रतीक है। इसे धरती की पूजा और नवजीवन का उत्सव भी कहा जाता है इसलिए इस पर्व को हमलोग को इसी तरह हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। वहीं पर्व को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जहां सभी लोग झूमते नजर आए और महिलाओं के द्वारा जगह जगह पर जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हांसदाक, थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, नवागढ़ मुखिया किरण डुंगडुंग, कमलेश कुमार झा, लालो राय, अनूप फ्रांसीस कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे।

### भ्रष्टाचार विरोधी मंच बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक आंदोलन की तैयारी होगी : विजय सिंह



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के प्रमुख नेताओं की बैठक वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद साहू की अध्यक्षता में कचहरी में हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि आम जनजीवन को तबाह कर रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भ्रष्टाचार विरोधी मंच का गठन कर आंदोलन की तैयारी की जाएगी। श्री सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार पर जन समस्याओं का हल नहीं करने व भ्रष्टाचार रोकने में पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाया। जिसके कारण मंत्री, अफसर, बिचौलिए मालामाल है और आम जनता परेशान है। उन्होंने जिला से लेकर ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून 2025 को रांची में आयोजित राजभवन मार्च की सफलता के लिए युद्ध स्तर पर लगने की अपील की। महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया व वीर कुंवर सिंह को नमन कर 23 अप्रैल को गुमला में विशाल धरना कार्यक्रम आयोजित कर जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध व प्रस्तावित समस्याओं को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज की जाएगी। बैठक में प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, शंकर उरांव, फब्बानुस सारस, बसंत बड़ाईक, सुखदेव कुमार, सहदेव बड़ाईक, रीमिस कुजूर, सुरेंद्र उरांव, पुष्पा उरांव, संध्या तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### संगठन सृजन अभियान के तहत गुजरात कांग्रेस की स्पोर्टिंग ऑब्जर्वर बनी बॉबी भगत



**गुमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी आदिवासी विभाग की राष्ट्रीय ज्वाइंट कॉर्डिनेटर बॉबी भगत को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का राष्ट्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। बॉबी भगत बहुत ही कम समय में अपनी विलक्षण प्रतिभा ईमानदारी मेहनत और लगन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह और पहचान बनाई है। जिससे उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत गुजरात कांग्रेस संगठन की मजबूती हेतु जिलाध्यक्ष चयन के लिए स्पोर्टिंग ऑब्जर्वर बनाया गया है। इससे पूर्व वह राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए कई राज्यों में काम कर चुकी है।

### चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य सोनू एवडी को चेंबर से आजीवन किया गया निष्कासित



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक बस स्टैंड रोड स्थित चेंबर कार्यालय में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित भी किया गया। सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व बैठक की सम्पुष्टि की गई और इस बैठक तक किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार (सोनू एवडी) जो की सत्र के शुरू से ही चेंबर के प्रति उनका रवैया नकारात्मक रहा। जिसे चेंबर के सम्मानित कुछ पदाधिकारियों के साथ आव्यवहारिक रूप से पेश आना अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना जिससे चेम्बर की गरिमा धूमिल हुई और शुरू से ही बिना कारण बताएं लगातार चार बैठक में अनुपस्थित रहना आदि विषय पर विचार विमर्श के उपरांत पूरे हाउस के निर्णय से सोनू एवडी को कार्यकारिणी सदस्य के साथ-साथ प्राथमिक सदस्यता से आजीवन के लिए निष्कासित किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रीयगान के साथ बैठक समाप्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोयल, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी इन्द्रेयाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सरजू प्रसाद, हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, बंटी महाराजा, मो. सब्बू, मुन्नीलाल साहू, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी, शंकर लाल साहू, बाबू गुडलक, रितेश गुप्ता, पंकज खण्डेलवाल, राहुल केशरी, ज्योति कुमारी, अनिकेत कुमार, गुन्नू शर्मा, संजीव शर्मा, बृज फोगला, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## संत जॉन कैथलिक चर्च चैनपुर में खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया

- प्रभु येशु येरूशलेम में प्रवेश कर रहे थे, तो उन्हें पता था कि यह उनका अंतिम प्रवेश है : फॉ जेफ्रियानुश किंडो

खबर मन्त्र संवाददाता





**चैनपुर।** जिले के विभिन्न पल्लियों सहित चैनपुर प्रखंड में रविवार को खीस्तीय विश्वासियों के द्वारा खजूर पर्व मनाया गया। चैनपुर के संत जॉन कैथलिक चर्च में खजूर पर्व पर मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें ईसाई धर्मावलंबी खजूर की डालियां लिए हुए, चर्च परिसर में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत फॉदर जेब्रियानुस कुजूर द्वारा खजूर डाली को आशीष देने के साथ हुई। इसके बाद ईसाई समाज के सदस्यों ने जुलूस निकाला और हाथों में खजूर की डालियां लिए हुए गाना गाते हुए संत कैथलिक चर्च में प्रवेश किया। प्रवेश के बाद प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फॉदर जेब्रियानुस किंडो ने इस अवसर पर कहा कि यह पर्व ईसा मसीह के येरूशलेम में प्रवेश की याद में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ईसा मसीह ने 40 दिन और 40 रात का उपवास और प्रार्थना करने के बाद जब येरूशलेम लौट रहे थे। तब शहरवासियों ने उनका स्वागत खजूर की डालियां काटकर सड़क पर बिछाकर किया था। फॉदर जेफ्रियानुश किंडो ने अपने संदेश में कहा कि जब प्रभु येशु येरूशलेम में प्रवेश कर रहे थे, तो उन्हें पता था कि यह उनका अंतिम प्रवेश है। फिर भी वह अपने ईश्वर पिता की आज्ञा का पालन करते हुए येरूशलेम में आए। उनका यह प्रवेश एक जोरदार राजा के स्वागत की तरह था। कार्यक्रम में फॉदर राजेंद्र तिर्की, फॉदर पवन कुजूर, फॉदर अगस्तुस सहित अनेक धर्म बहनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। फॉदर राजेंद्र ने भी इस अवसर पर प्रेरणादायक संदेश दिया जो उपस्थित सभी लोगों को छू गया। खजूर रविवार पर्व ने सभी को एक साथ ला दिया और ईसाई समुदाय में एकता और विश्वास के भाव को और भी मजबूत किया। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि लोगों के बीच प्रेम और सहयोग की भावना को भी प्रकट करता है।

### लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत राष्ट्रीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक बनाये गये



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक (एआईसीसी ऑब्जर्वर) बनाया गया है। जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव सह सांसद केसी वेणुगोपाल ने दी। सुखदेव भगत ने सांसद के रूप में अपनी प्रतिभा, अपनी मेहनत और अपने परफॉर्मेंस से बहुत कम समय में ही राष्ट्रीय नेता एवं अच्छे वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली है। श्री भगत संसद के अंदर, संसद के बाहर एवं टीवी डिबेटों में प्रभावी रूप से अपनी जो बातें रखते हैं तथा तार्किक एवं मर्यादित ढंग से जो जवाब देते हैं उसके कारण सुखदेव भगत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को प्रभावित किया है इसलिए इससे पहले भी पार्टी ने सुखदेव भगत को पांच राज्यों का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) के राज्य कमेटी का संयोजक बनाया था और अब सांसद सुखदेव भगत को पार्टी ने राष्ट्रीय कांग्रेस का पर्यवेक्षक (एआईसीसीऑब्जर्वर) बनाया है जो जिले एवं राज्यवासियों के लिए गौरवान्वित होने की बात है। सांसद सुखदेव भगत अपनी प्रतिभा एवं अच्छे वक्ता के कारण देशवासियों के बीच बहुत कम समय में अपनी अमिट छाप छोड़ने का काम किया है।

### इंटक अध्यक्ष आलोक साहू ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**लोहरदगा।** लोहरदगा सांसद के निजी सचिव सह लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, सदर प्रखंड के ग्राम कुजी में आयोजित एक सादे समारोह में 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि कुजी ग्राम में पहले 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था। घनी बस्ती होने के कारण हमेशा 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाता था जिससे जनता परेशान रहती थी। यहां के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सांसद सुखदेव भगत से की और सांसद से 25 केवी के स्थान पर 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर दिलाने की मांग की। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला से 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर यहां के ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराया। श्री साहू ने कहा कि सांसद जन समस्याओं के निदान के लिए कृत संकल्पित है। अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं का निदान त्वरित गति से कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत को 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर रफीक अंसारी, उस्मान अंसारी, राजेंद्र यादव, सुरेश उरांव, अजीम अंसारी, सुल्तान अंसारी, रमेश उरांव, सुधर उरांव, बल्कू यादव, तिवारी उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### अकाशी रेलवे स्टेशन परिसर में जल जमाव से यात्री परेशान



**भंडरा।** भंडरा अकाशी रेलवे स्टेशन में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में हल्की बारिश में ही अकाशी रेलवे स्टेशन परिसर में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। इससे यात्रियों को ट्रेन से उतर कर ऑटो तक आने में भी काफी फजीहत उठानी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि टिकट काउंटर को जोड़ने वाले मुख्य पथ में जल निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं है। इससे हल्की बारिश में भी सड़क पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। ऐसी स्थिति के बावजूद ट्रेन मेल के सभी ऑटो जलजमाव में ही ऑटो खड़ा कर देते हैं। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में पांच वर्ष पूर्व बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहद खराब हो गई है। सार्वजनिक शौचालय में पानी के अभाव में ताला लटका हुआ है।

## आदिवासी संगठनों ने फ्लाईओवर रैंप मामले को लेकर विधायक आवास का किया घेराव

- सिरम टोली बचाओ मोर्चा गुमला के बैनर तले विधायक को सौंपा गया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** रांची के सीरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के समीप फ्लाईओवर रैंप विवाद मामला का असर पूरे झारखंड में देखा जा रहा है। कई आदिवासी संगठनों के लोग इसके विरोध में उतर गये हैं। वहीं गुमला जिला के विभिन्न आदिवासियों संगठनों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा गुमला के बैनर तले आदिवासी समाज के लोग रविवार को विधायक भूषण तिर्की के आवास का घेराव किया। घेराव कर रहे लोग विधायक से इस मामले पर हस्तक्षेप करते हुए रैंप को जल्द से जल्द हटाने की मांग की। आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि राज्य में आदिवासी की सरकार और सबसे ज्यादा आदिवासी विधायक व सांसद हैं। उसके बावजूद भी आदिवासियों के आस्था के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। यही आदिवासियों की बदौलत आज राज्य में सरकार बनी है। अगर सरकार इस विवाद को जल्द नहीं सुलझाएगी तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करेंगे। इससे पूर्व के.ओ कॉलेज के पास से एक रैली निकाली गई। जिसमें हाथों में तख्तियां लेकर आदिवासी समाज के लोग चल रहे थे। रैली पालकोट रोड से होते हुए विभिन्न मार्गो से विधायक आवास पहुंची। मौके पर देवेंद्र लाल उरांव, नेलसन भगत, सोना मिंज, रामावतार भगत, फुल मनी उरांव, सुबोध उरांव, रामचंद्र उरांव, विनोद मिंज, अजय उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय महावीर मंडल ने किया अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

- रामनवमी को लेकर अखाड़ों को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** केंद्रीय महावीर मंडल समिति के द्वारा शनिवार की रात हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महावीर चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही रामनवमी में हुए प्रदर्शन के लिए सभी अखाड़ों को सम्मानित किया गया। जिसमें रामनवमी के दिन निकाली गई झांकी के लिए प्रथम पुरस्कार मोना क्लब चेटर, द्वितीय पुरस्कार आदि शक्ति मंडल महावीर चौक एवं तृतीय हनुमत मंडल शांति नगर को दिया गया। डंका बाजा में प्रथम पुरस्कार जय बजरंगबली संघ हरिजन मुहल्ला, द्वितीय श्री राम भक्त संघ बरटोली एवं तृतीय राणा संघ को दिया गया एवं उत्कृष्ट अनुशासन में प्रथम पुरस्कार पवन संघ करौंदी, द्वितीय जय श्री राम क्लब श्री गोपाल मंदिर गुमला एवं तृतीय वीर शिवाजी संघ शास्त्री नगर को दिया गया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, सत्यनारायण प्रसाद थे। खेल में प्रथम एवं द्वितीय एवं तृतीय को नगद राशि पुरस्कार के रूप में दिया गया। साथ ही राणा संघ की 7 साल की बच्ची शिवानी को भी सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल के मुख्य संरक्षक निर्मल गोयल, रविंद्र सिंह, अध्यक्ष अरुण साहू, दामोदर कसेरा, लालचंद फोगला, बृजकिशोर फोगला, राजेश सिंह, राजेश गुप्ता, संजय वर्मा, विपिन सिंह, पवन अग्रवाल, विकास सिंह, अमन आनंद, रंजीत सोनी, अमित, गोपाल शर्मा उपस्थित थे।

## मॉर्निंग स्टार, महाराजास और सरंगो सुपरस्टार की टीम ने अपने-अपने मैच जीते

- गेट टू गेदर सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को 4 मुकाबले हुए। पहला मुकाबला मॉर्निंग स्टार और एजी 25 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एजी 25 की टीम ने 71 रन बनाए। जिसमें सुनील उरांव ने नाबाद 25 रनों की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी मॉर्निंग स्टार की टीम ने 7.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें राज किशोर ने नाबाद 30 रनों की पारी खेली। दूसरा मुकाबला दार्जिलिंग चिराग और महाराजास के बीच खेला गया। जिसमें दार्जिलिंग चिराग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए। इस मैच में मोहम्मद आसिफ अंसारी ने 58 रनों की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी महाराजास की टीम ने 6.5 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। महाराजास की टीम की ओर से आलोक लकड़ा ने 21 गेंद में 91 रनों की पारी खेली। तीसरा मुकाबला हिंदुस्तान हीरोज और महाराजास की बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान हीरोज की टीम ने निर्धारित ओवर में 6 विकेट होकर 126 रन बनाए। जिसमें प्रवीण तिर्की ने 50 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी महाराजास की टीम ने 7.5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें आलोक लकड़ा ने पुनः शानदार बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद पर 79 रन बनाए। चौथा और अंतिम मुकाबला सेवन 11 और सरंगो सुपरस्टार के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सरंगो सुपरस्टार की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में 120 रन बनाए। जिसमें यमुना झा ने 76 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी सेवन 11 की पूरी टीम 105 रन ही बना सकी। सेवन 11 की ओर से शेखर ने 46 और संतोष ने 41 रनों की पारी खेली। मौके पर आयोजन समिति के जितेंद्र सिंह, ओमशंकर सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, लाल शेखरनाथ शाहदेव, सिद्धेश्वर सिंह, सौरभ कुमार, अंकित, शशि रंजन, पुनीत सोनी, विनीत नाग, मधुसूदन उरांव, प्रबल सिंह, जय सिंह, झुन्नू सिंह, शुभम सिंह, आनंद भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस व बिजली विभाग से नाराज ग्रामीण महिलाओं ने किया सड़क जाम



**लोहरदगा।** बक्सीडीपा में ग्रामीणों के बीच तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से अंधेरे में रहने को मजबूर बच्चों की पढ़ाई बाधित होने से गुस्साए ग्रामीण महिलाओं ने बिजली विभाग सहित पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाया। गौरतलब हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के बदला रोड में बीते शुक्रवार को शॉर्टसर्किट के कारण टेलर एवं पोकलेन में आग लग गई। जिसे दमकल दल के द्वारा पूर्ण से काबू पाया गया। परंतु घटना स्थल से क्षतिग्रस्त टेलर एवं पोकलेन मशीन प्रशासन द्वारा नहीं हटाने तथा बिजली विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति ठप करने के कारण स्थानीय लोगों के बीच बिजली बाधित होने से समस्या बनी हुई थी जो लगातार तीसरे दिन तक कायम रहा। जिससे ग्रामीण महिलाओं ने बिजली विभाग को सूचना देते हुए बिजली आपूर्ति की मांग की लेकिन ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद भी पहल नहीं हुई तो रविवार को स्थानीय महिलाएं गोलबंद हो लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ एनएच 143 ए को घंटों जाम कर अपनी मांगों पर सभी महिलाएं डटी रहीं। सड़क जाम की सूचना पर सेन्हा पुलिस ने पहुंच कर जाम हटाने की दिशा में पहल की। पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद महिलाओं ने सड़क जाम को वापस लिया। साथ ही सभी महिलाओं ने कहा अगर आश्वासन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र रूप धारण किया जाएगा।

### भाजपा ने किया भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान : मनीर उरांव



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की बैठक पार्टी कार्यालय बक्सीडीपा में आहूत की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम गीत के साथ की गयी। बैठक में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह तथा आगामी पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जिला स्तरीय तथा मंडल स्तरीय कार्यक्रम संयोजक एवं सह संयोजक का चयन किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ हमेशा अन्याय किया है। कांग्रेस पार्टी ने 1952 और 1954 के चुनावों में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को हराने के लिए कम्युनिस्टों के साथ मिलकर रणनीति बनाई, यहां तक कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने खुद उनके खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। राजीव गांधी ने मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया और आरक्षण के खिलाफ प्रचार किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, बाल कृष्णा सिंह, अजय पंकज, जिला महामंत्री संजय कुमार, पशुपतिनाथ पारस, मिथुन तमेडा, विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, राजेंद्र महतो, राजकुमार मुंडा, सचिन साहू, सत्यम कुमार, जगनन्दन पौराणिक सहित पार्टी के कई लोग मौजूद थे।

## जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में महावीर जयंती पर 108 दीपों से हुई भव्य महाआरती

- कुंवारी कन्याओं ने की आरती, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता





**लोहरदगा।** लोहरदगा तिवारी दुरा स्थित श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन भाजपा नगर मंडल एवं तिवारी दुरा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर प्रांगण में गणेश वंदना के मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कुंवारी कन्याओं द्वारा 108 पवित्र दीपों से जगन्नाथ महाप्रभु की आरती की गई। दीपों की उस लौ में श्रद्धा, समर्पण और आस्था की चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। दीपक जलाने की यह पावन क्रिया केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि अंधकार से प्रकाश की यात्रा का जीवंत दर्शन था। भजनों की धुन, शंखनाद की गर्जना और चारों दिशाओं में गूंजते जयकारों ने पूरे नगर को भक्ति में डुबो दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार ने कहा कि महावीर स्वामी के आदर्श हमें आज भी सत्य, अहिंसा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और युवा पीढ़ी संस्कृति से जुड़ती है। वहीं गुंजन अग्रवाल ने भावुक होते हुए कहा कि जब दीपों की रोशनी में कन्याओं ने आरती की, तो वह क्षण केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों को छूने वाला अनुभव था। पूरे आयोजन में कुंवारी कन्याओं की सहभागिता विशेष रूप से सराहनीय रही। पारंपरिक परिधान में सजी कुंवारी कन्याएं मंदिर परिसर में मंगलगीतों के साथ उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं। इस पूरे आयोजन में लोहरदगा नगर के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पुजारी देवनारायण पांडे, राजेंद्र खत्री, अनिल गुप्ता, शैलेश कुमार कुशवाहा, विवेक कुमार अग्रवाल, सत्यम कुमार, विजय चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक कसकर, ओम गुप्ता, आकाश वर्मा, चंदन गोप, कमलेश कुशवाहा, रवि सिंह, शंकर कुशवाहा, विकास कुमार, अजय महतो, पंकज महतो, संजय महतो, संतोष महतो, नवल अग्रवाल, प्रमोद प्रजापति, विजय खत्री, मिथुन तमेडा, सुनील अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आर्ची गोयल, भूमि गोयल, अंतरा कुमारी, स्वाति कुमारी, कोमल कुमारी, स्मृति महतो, दीपक अग्रवाल, हसमुख रंजन, अनुभव कसकर सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक कर्तव्य का निर्वहन किया, बल्कि सामूहिकता, सौहार्द और संस्कृति के संरक्षण की मिसाल भी पेश की।

# निजी विद्यालय द्वारा री एडमिशन व बुक के नाम पर की जा रही वसूली के खिलाफ अभिभावक शीघ्र मिलेंगे, डीसी से

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ऑक्सफोर्ड विद्यालय, किड्स जूनियर स्कूल, बीएस मेमोरियल समेत कई विद्यालयों में इन दिनों री-एडमिशन एवं बुक के नाम पर की जा रही वसूली के खिलाफ अभिभावक ने शीघ्र ही लातेहार उपायुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। अभिभावक संतोष गुप्ता, अमित कुमार, बबलू चौरसिया, पंकज केसरी ,रणजीत सिंह, अखिलेश भोगता, पंकज सिन्हा, दिलीप कुमार, सुरेंद्र यादव, परमानंद ठाकुर, उपेंद्र रंगीला, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, मनोज गुप्ता, अनूप प्रसाद समेत कई अभिभावकों ने कहा कि इन विद्यालयों में री-एडमिशन के नाम पर ली जा रही वसूली पर रोक नहीं लगाया जाता है। और जिन अभिभावकों से पैसे की वसूली कर ली गई है उन्हें वापस नहीं कराया जाता है तो शीघ्र ही अभिभावकों का एक शिष्टमंडल लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। अभिभावकों ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री री-एडमिशन एवं बुक पर वसूली को रोक लगाने का निर्देश दिया है। लेकिन बालूमाथ के अधिकांश निजी विद्यालय सरकार के आदेश को अवहेलना करते हुए धड़ल्ले से राशि की वसूली कर रहे हैं।

वही विद्यालय प्रबंधन स्कूल में ही रखकर पुस्तक बेच रहे हैं। जबकि कई विद्यालय एक ही दुकानदार को चिन्हित कर पुस्तक लेने का दबाव बनाया जा रहा है। इसके बदले में दुकानदारों से मोटी कमीशन विद्यालय प्रबंधन द्वारा ली जा रही है।

## विद्यालय संचालक ने कहा कि सभी जगह लेते है पैसा, मैं ले रहा तो गलत क्या



नीजि विद्यालय का लगा बोर्ड।

वही विद्यालय संचालक का मनोबल इतना बड़ा हुआ है कि अभिभावकों को देख लेने की धमकी दी जा रही है। ऑक्सफोर्ड विद्यालय के संचालक मो. फिरोज ने कहा कि री-एडमिशन एवं बुक का पैसा पूरे झारखंड में लिया जा रहा है फिर भी यहां के कुछ लोग इसे बेवजह तूल दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सिर्फ बालूमाथ के निजी विद्यालय लूट रहे हैं क्या यह लूट तो पूरे झारखंड में मची हुई है ।

## जमीन पर फर्जी खाता खुलने का मामला, जांच की मांग

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचल में भूदान यज्ञ समिति, बिहार सरकार की जमीन पर फर्जी तरीके से खाता खुलने का मामला सामने आया है। रैयत हिमांशु गुप्ता, पिता विनय गुप्ता ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। हिमांशु गुप्ता के अनुसार, खाता संख्या 74, प्लॉट संख्या 493, रकबा एक एकड़ का नामांतरण मुकदमा संख्या 7/2019-20 के रजिस्टर-2 में आनंद कुमार, पिता चंद्रशेखर प्रसाद के नाम दर्ज कर दिया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि उक्त प्लॉट खाता संख्या 187 में दर्ज है और उसका खतियान भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि खाता संख्या 74 में प्लॉट संख्या 819 और 820 का ही उल्लेख है, ऐसे में प्लॉट संख्या 493 का इसमें दर्ज होना संदेहास्पद है। हिमांशु गुप्ता ने अंचलाधिकारी से मांग की है कि भूदान समिति की जमीन की रक्षा हेतु इस नामांतरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही एलपीसी निर्गत न किया जाए और यदि निर्गत किया जा चुका है तो तत्काल रद्द कर संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाए।

## खजूर पर्व पाम संडे उल्लास के साथ मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


खजूर पर्व मनाते ईसाई धर्मावलंबी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ के विभिन्न चर्चों में ईसाई धर्मावलंबियों ने ईसा की मृत्यु-पूर्व उनके अंतिम बार यरूशलेम प्रवेश करने की ऐतिहासिक घटना का स्मरणोत्सव खजूर-पर्व (पाम-संडे) के रूप में परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। ईसा के इस विजय प्रवेश पर्व के साथ पवित्र सप्ताह का आगाज हो गया। इस अवसर पर गिरजाघर को खजूर की कोमल नई पत्तियों और डालियों से खूबसूरत ढंग से सजाया गया था। सभी श्रद्धालुओं के हाथ में खजूर की डालियां थी। पर्व की शुरूआत जोगीयाडीह स्थित संत जॉन रोमन कैथोलिक चर्च में पल्ली पुरोहित फादर सिल्वेरियस केरकेट्टा और फादर ज्ञान प्रसाद ने खजूर की डालियों पर आशीष जल के छिड़काव की शुद्धीकरण धर्मविधि तथा बाइबल-पाठ के साथ की। इस अवसर पर चर्च परिसर में खजूर-डालियों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा चर्च परिसर से प्रारंभ होकर अगल बगल घूमते हुवे खजूर पर्व के भक्ति गीत, भजन और प्रार्थना के साथ चर्च में प्रवेश की। मसीही विश्वासियों ने 'दाऊद के पुत्र को होसन्ना', के गगनभेदी नारों से खजूर की डालियों को लहरा कर ईसा के येरूशलम प्रवेश को याद किया और जय जयकार की। इसके उपरान्त पवित्र मिस्सा अनुष्ठान की धर्मविधि फादर सिल्वेरियस के करकमलों से संपन्न हुई। उन्होंने अपने प्रवचन में खजूर-पर्व की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईसा कालीन तत्कालीन मध्य पूर्व देशों घोड़े पर बैठना सत्ता के भूखे युद्ध के लिए प्रयुक्त होता था जबकि गदहे में सवारी करना प्रतिद्वंद्वी राजा के साथ संधि करना माना जाता था। ईसा का गदहे की सवारी कर येरूशलम प्रवेश करना प्रेम और शांति का द्योतक है । वे इस संसार में प्रेम और शांति का शहजादा बनकर आए। बालूमाथ के अन्य चर्चों जैसे सीएनआई चर्च, मेनोनाइट चर्च, सीजेएम चर्च, जीईएल चर्च, एएलएफ चर्च, सेंट जेम्स चर्च , विश्व वाणी चर्च आदि में भी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया । इस पर्व में फादर ज्ञान, सिस्टर पूनम, सिस्टर पूनम, सिस्टर सुमानी, माईकेल कुजूर, आभा तिग्गा, जीवनधर लकड़ा, रेजिना कुजूर, थॉमस कुजूर, अनिल लकड़ा आदि गण मान्य व्यक्ति शामिल थे।

## अपने दायित्वों को लेकर कंपनी है प्रतिबद्ध : बलराम



➲ दुर्घटना में मृत युवक के परिवार वाले को कंपनी की ओर से दी गई मुआवजा राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अपने सामुदायिक दायित्वों को निभाने को लेकर तुबेद कोल माइंस संचालित कर रही डीवीसी की आउटसोर्सिंग कंपनी मां अंबे माइनिंग दृढ़संकल्पित व प्रतिबद्ध है। उक्त बातें डेवलेक्टो कंपनी के लायजन पदाधिकारी बलराम पांडेय ने कही। श्री पांडेय बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में दुर्घटना में मृत युवक के परिवार वालों के लिए कंपनी की ओर से घोषित मुआवजा राशि प्रदान करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कंपनी सामुदायिक विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य माध्यमों से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। श्री पांडेय ने कहा कि मानवीय आधार पर अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के बावजूद कंपनी ने दुख के इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े होकर अपनी सहृदयता का परिचय दिया है। ज्ञात हो कि शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृत लावागडा खपराटोली निवासी रमेश उरांव के मृत्यु के उपरांत उनके परिवार के लिए शनिवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं अंचल अधिकारी विजय कुमार की उपस्थिति में कंपनी की ओर से घोषित मुआवजा राशि मृतक की पत्नी को दिया गया था। शेष राशि भी रविवार को मृतक के परिवार को उपलब्ध कराया गया है। कंपनी के इस पहल से मृतक के परिवार वालों के लिए मरहम का काम किया है।

## दो दोस्तो के खूनी संघर्ष व चाकूबाजी, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** शहर से सेट तिलैयाटांड़ मोहल्ला में रविवार की शाम दो दोस्तों के बीच खूनी संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल की पहचान मोहम्मद कैफ उर्फ भोलू पिता स्वर्गीय गुड्डू अंसारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद कैफ एवं मंजर कुरैशी दोनों तिलैयाटांड़ रविवार की शाम साथ थे, ग्रामीणों की माने तो दोनों नशे में थे, किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहां सुनी हो गई। इसके बाद मंजर कुरैशी ने धारदार हथियार से मोहम्मद कैफ पर हमला कर दिया, इससे मोहम्मद कैफ के बाएं हाथ एवं गर्दन पर गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद मंजर कुरैशी मौके से फरार हो गया, मोहल्ला वासियों ने घायल की हालत देखकर तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया, यहां प्रभारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी की देखरेख में घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सा ने बताया कि उसके हाथ व गर्दन में गंभीर चोट है, उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को मिल चुकी थी, पुलिस घायल के परिजनों का फर्ज बयान दर्ज कर रही थी। पूरे मोहल्ले में उक्त घटना चर्चा का विषय बना है यह बताते चले कि इन दिनों तिलैयाटांड़ जगराहा डैम, खेल स्टेडियम, मोदी मैदान समेत के ऐसे चिन्हित जगह है जहां मादक पदार्थ का सेवन विशेषसी कर युवा पीढ़ी के लोग करते हैं, बड़ी मात्रा में इन दिनों गांजा व अफीम की चपेट में युवा वर्ग आ रहे हैं ऐसी घटनाएं इन्हीं नशा का कारण बन रही है।

## मसीही धर्मावलंबियों ने मनाया खजूर रविवार पर्व


शोभा यात्रा में शामिल मसीही धर्मावलंबि।

**चंदवा।** चंदवा पल्ली में रविवार को मसीही धर्मावलंबियों के द्वारा खजूर रविवार पर्व मनाया गया। इस मौके पर खीस्तीय विश्वासियों ने खजूर डाल लेकर संत अन्ना कान्वेंट से खजूर पर्व की शोभायात्रा निकाली जो कैथोलिक आश्रम गिरजाघर जाकर समाप्त हुई। यहां फादर अल्फोंस की अगुवाई में पवित्र मिस्सा की गई। मिस्सा अनुष्ठान में फादर फेबियानुस सिंदुरिया, फादर मार्शल, फादर अलफोंस, फादर प्रदीप पन्ना ने पल्ली पुरोहित को सहयोग दिया। वहीं कोयल दल गाना संचालन कर रहा था। इस मौके पर फादर जोसेफ एक्का ने बताया कि खजूर पर्व के साथ ही पुण्य काल शुरू हो गया है, जो गुड फ्राइडे एवं ईस्टर संडे (पास्का) पर्व के बाद समाप्त होगा। शोभायात्रा और मिस्सा अनुष्ठान में उपस्थित मसीही समुदाय के लोगों को बताया गया कि इसी दिन से पुण्य काल एवं प्रभु यीशु खीस्त का दु:ख भोग शुरू हुआ था। जो ईस्टर पर्व के साथ समाप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा के सुमन सुनील सोरेन, स्टेफन मिंज, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, जगदीश एक्का, राजेश लकड़ा, सुधीर लकड़ा, धवल कुजूर, प्रशांत बाड़ा समेत महिला संघ की बसंती लकड़ा, सुषमा तिर्की, इलिसबा नाग, कवित्री नगेसिया, कमीला कुजूर, किरण लकड़ा, अनूपा मिंज, सिस्टर नीलिमा, संत अन्ना कॉन्वेंट की सिस्टर एवं युवा संघ ने अहम योगदान दिया।

## सुनील साहू बने तेली साहू समाज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोगो में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता


सुनील साहू।

**लातेहार।** तेली साहू समाज संघर्ष समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड के सुनील साहू को बनाया गया है। श्री साहू को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर तेली समाज एवं अन्य लोगों में हर्ष है। लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देते हुए जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजू रंजन प्रसाद ने कहा कि श्री साहू ने समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठायी है। समाज के लोगों को उन्हें उनका अधिकार व हक दिलाने के लिए हमेशा संघर्षरत हैं. श्री साहू ने प्रदेश के किसी भी जिला में तेली समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अगर अन्याय या अत्याचार हुआ हो तो उसके खिलाफ मुखर हो कर आवाज उठायी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके. समाज के किसी व्यक्ति की हत्या हो जाने पर किसी भी सामाजिक संगठनों के द्वारा आवाज नहीं उठायी जाती है, लेकिन पूर्व के दिनो में श्री साहू ने इन घटनाओं के खिलाफ न सिर्फ आवाज उठाया वरन धरना प्रदर्शन तक किया। लेकिन दिल्ली और मुंबई मे बैठे राष्ट्रीय नेतृत्व पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता था। इसलिए तेली साहू समाज में सामाजिक चेतना और राजनीतिक जागरूकता लाने के लिए समाजसेवियों ने सुनील साहू को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में स्वीकार किया है। कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद, बलराम प्रसाद साहू ने कहा कि अब झारखंड समेत दूसरे राज्यों के भी समाज के पीड़ित परिवारों के पक्ष में तेली साहू समाज संघर्ष समिति अपनी आवाज बुलंद करेगा। बधाई देने वालों में शम्भु प्रसाद गुप्ता, पलामु जिला के अशोक प्रसाद साहू, चुनमुन साहू और गढ़वा जिला के प्रदीप कुमार गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

## बैसाखी पर्व पर सीआरपीएफ कैंप गुरुद्वारा में लंगर का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता


बैसाखी के मौके पर सीआरपीएफ के गुरूद्वारा में मौजूद लोग।

**लातेहार।** बैशाखी पर्व पर सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के द्वारा रविवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे लोगों ने लंगर मे पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया.मौके पर सरदार गुरमीत सिंह ने बैसाखी पर्व के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि वैसाखी के दिन ही दशम गुरु गोविंद सिंह ने आनंदपुर साहिब में वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख धर्म में बैसाखी का अध्यात्मिक महत्व है। जीवन में हमेशा नेकी एवं बदी की लड़ाई चलती रहती है। बैसाखी के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने अपने शिष्यों को बुराई से दूर रह कर नेकी के रास्ते पर चलने की शिक्षा दी थी। खालसा पंथ की स्थापना के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने पहले अपने शिष्यों को अमृत छकाया और फिर स्वयं उनके हाथों से अमृत छका। इसलिए कहा गया है कि प्रगट्यो मर्द अगमन विरयाम अकेला, वाह वाह गुरु गोबिंद आपे गुरु आपे चेला। इससे पहले श्री सिंह ने गुरुवाणी एवं पूज अर्चना किया। मौके पर सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमाडेंट यादराम बुनकर, गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य प्रकाश मलान, बाबा हरपाल सिंह, बाबा सुरजीत सिंह, सरदार सुरिंदर सिंह गौरवदीप मलान, सरदार गुरमीत सिंह, पीतावस पांडा, सोमनाथ यादव, मुकेश कुमार सिंह, विश्वकर्मा सूबेदार साहब समेत काफी संख्या मे लोग शामिल थे।

## बरवाडीह : बाइक की टक्कर से एक घायल

**बरवाडीह।** रविवार शाम 6:40 बजे बरवाडीह बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने सैलून संचालक संजय कुमार ठाकुर को टक्कर मार दी। सड़क किनारे जा रहे संजय ठाकुर हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद बाइक सवार भागने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में अन्यत्र रेफर किए जाने की तैयारी है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## चंदवा: भाजयुमो की बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर हुई चर्चा



**चंदवा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक रविवार को इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ विभाग विश्रामागर में विनय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार पाठक, श्रवण गुप्ता, आशीष सिंह और शिवकेश्वर यादव मौजूद थे। युवाओं की बैठक वर्तमान समय में क्षेत्र की ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं ने अपनी समस्याओं को रखा, जिसके समाधान का आश्वासन भी नेताओं के द्वारा दिया गया। अंचल और थाना संबंधित मामले भी आये। थाना संबंधित मामले पर राजकुमार पाठक के नेतृत्व में युवाओं का समूह चंदवा के इंस्पेक्टर रणधीर कुमार सिंह से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अगली बैठक में अंचल से सबंधित मामलों को लेकर होगी जिसकी रणनीति भी तैयार किया गया। श्री पाठक ने किसी भी जनहित की समस्या के लिए संपर्क साधने की भी बातें कही, वही आशीष सिंह ने कहा कि एकजुटता आवश्यक है। वर्तमान समय में विधायक और सांसद हमारे हैं, हम लोगों का काम और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में होनी चाहिए। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

## चंदवा: झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए मतदान संपन्न


मतदान में शामिल समाज के लोग।

➲ लातेहार जिले के 240 मतदाताओं ने किया मतदान, 95 फीसदी हुई वोटिंग

➲ रांची में 15 को होगी वोटो की गिनती, दो प्रत्याशी है मैदान में

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** अरुण ऑटोमोबाइल के समीप स्थित होटल तनिष्क परिसर में रविवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन प्रांतीय अध्यक्ष 2025-27 के लिए निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान को लेकर मारवाड़ी समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। बतौर चुनाव पदाधिकारी सुशील अग्रवाल, विनोद कुमार महलका, संदीप कानोड़िया व शशिकांत गिनोड़िया ने मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया की जानकारी साझा की व लातेहार जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से समाज के 240 मतदाताओं मतदान कराया। मतदान की जानकारी देते हुए सुशील अग्रवाल ने बताया कि पूरी निष्पक्षता के साथ वैलेट पेपर के जरिए मतदान कराया गया है। समाज के लोगों में चुनाव प्रक्रिया में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया है व निष्पक्ष होकर मतदान किए हैं, जिले का मतदान प्रतिशत 95 फीसदी के करीब रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल व सुरेश चंद्र अग्रवाल मैदान में है, 15 अप्रैल को रांची में मतगणना के बाद प्रांतिय अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। मौके पर झारखंड प्रणीति मारवाड़ी समाज के दर्जनों प्रबुद्धजन व अन्य मौजूद थे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारी पूर्ण, आज निकलेगा शोभा यात्रा

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारीखाप जतराटांड में भारत के शिल्पकार संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वां जयंती मनाने को लेकर सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जयंती स्थल मे गेट टेंट की सजावट व कार्यक्रम मे वक्ता मंच संचालक सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। अम्बेडकर जागरण मंच के अध्यक्ष कैलाश राम उपाध्यक्ष रीगन कुमार ने सभी कमिटी के सम्मानित महा सचिव विजय भुइयां, अरुण कुमार गणेश राम, सचिव श्रवण ठाकुर, पुरण राम, कुलदीप राम,अजय कुमार राम,कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, सकीन्दर राम, मुख्य संरक्षक रामनाथ सिंह भोक्ता, राजीव भगत, राजु रामवृक्ष लोहरा, भीम प्रजापति, बहादुर गंझु, संजय दास, मिडिया प्रभारी संजय राम, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा, उमेश लोहरा, दशरथ राम, सतेंद्र कुमार, विकास रंजन, बिहारी राम, बासुदेव राम, मनोज राम, संतोष कुमार रवि जितेंद्र राम, विशेषश्वर राम, रामशंकर रविदास, भोला राम, बिजुली भुइयां, बब्लू राम, अनिल राम, दिनेश भुइयां, राजदेव भुइयां सहित प्रखंड वासियों को 14 अप्रैल 10 बजे परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप शोभा यात्रा मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। वहीं लोगों से आग्रह करते हुए कहा की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे नौ पंचायत है। यह कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय किया जा रहा है। ज्ञात हो की 14 अप्रैल को सरकारी गैर सरकारी संस्थानों मे भी अम्बेडकर जयंती मनाया जायेगा।

## जरूरतमंदों के बीच किया भोजन वितरण

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के अंतर्गत निरंतर चल रहे समृद्धि की रोटी अभियान शनि मन्दिर परिसर एवं उसके आसपास तथा अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरण किया गया। आज रोटी सब्जी की जगह पूरी सब्जी लड्डू का पैकेट का वितरण किया गया। भोजन का वितरण गढ़वा से आये डॉ अखिलेश कुमार और डॉ रीना ने अपने बच्चों जीवा और युवांश के हाथों करवाया। मिशन समृद्धि टीम डॉ दम्पति के लिए आभार प्रकट किया कि उन्होंने गढ़वा से मेदिनीनगर आकर हम सबके साथ जरूरतमंदों के बीच भोजन दिया। मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि आप इसी तरह मिशन के शिक्षा संबंधित कार्य में भी शामिल होने की कोशिश करेंगे।

## 20 साल से शर्मसार बरवाडीह : बाजार का शौचालय बना प्रशासन की नाक कटाई का स्मारक

# महिलाओं की तकलीफ देख भी सो रहे है जिम्मेदार, शौचालय बना शर्म की दीवार

➲ दो साल से सेप्टिक टैंक न बना सके, और कहते है विकास हो रहा है

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के सबसे व्यस्त बाजार में खड़ा सामुदायिक शौचालय अब विकास की नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की बेफिक्री की मिसाल बन गया है। 20 वर्षों से सिर्फ नाम के लिए खड़े इस शौचालय की मरम्मती की योजना बनी, पैसा भी स्वीकृत हुआ। लेकिन दो साल बीतने के बाद भी न तो इसका सेप्टिक टैंक बना, न ही ये जनता के किसी काम आया।


प्रशासन की नाक कटाई का स्मारक बना शौचालय।

### महिला दुकानदार व ग्राहकों की हालत सबसे खराब

इस शौचालय की मरम्मती के नाम पर दरवाजे लगा दिए गए, रंग-रोगन कर दिया गया, लेकिन सेप्टिक टैंक न होने से ये ढांचा सिर्फ दिखावे की चीज बनकर रह गया। बाजार के दुकानदार, ग्राहक और खासकर महिलाएं बेहद परेशान हैं। महिला ग्राहकों और दुकानदारों का कहना है कि सार्वजनिक जगह पर ये एकमात्र शौचालय है, जो अब मजाक बनकर रह गया है। घंटों बाजार में रहना मुश्किल हो जाता है, पर अफसरों और जनप्रतिनिधियों को कोई परवाह नहीं।

### जनता में उबाल, प्रशासन चुप

कई बार शिकायतें, आवेदन और मांगें की गईं, लेकिन हर बार फाइलें सरकीं नतीजा ढाक के तीन पात। अब दुकानदारों का गुस्सा उबाल पर है। चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द इसे चालू नहीं किया गया, तो बाजार बंद कर जोरदार विरोध किया जाएगा।

### सवाल जिम्मेदारों से

आखिर कब तक जनता की बुनियादी जरूरतों का मजाक उड़ाया जाएगा? कब तक जनता के पैसों से ऐसे अधूरे ढांचे खड़े कर खानापूर्ति होगी? क्या अफसर और नेता तभी जागेंगे, जब जनता सड़क पर उतर आएगी? बरवाडीह पूछ रहा है, शर्म आती है या नहीं?

## 30 खिलाड़ी गतका शिविर में भाग लेने हेतू रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य गतका संघ द्वारा राज्य स्तरीय गतका शिविर का अयोजन बोकारो स्टील सिटी, एम. जी. एम हाई सेकेंडरी स्कूल में किया जा रहा है। पलामू गतका संघ के 30 खिलाड़ियों ने इस शिविर में भाग लिए इन खिलाड़ियों को सुरक्षित रवाना करने के लिए पलामू गतका संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप नारायण, बब्लू चावला, सनत चटर्जी, सह सचिव दिपेंद्र सिंह, स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षक सुनील कुमार डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए मौके पर प्रदीप नारायण ने कहा कि गतका पलामू जिला के लिए एक चर्चित खेल बन चुका है। यहां के खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन के बदौलत खेलो इंडिया, एस. जी.एफ. आई जैसे प्रतियोगिता में जाकर पलामू जिला को गौरवान्वित कर रहे है। बब्लू चावला ने कहा कि पलामू में गतकबाजो की संख्या धीरे धीरे बढ़ रही है। इस खेल को पलामू जिला में आगे बढ़ता देख मुझे बेहद खुशी हो रही है। मौके पर सनत चटर्जी ने कहा कि आप सभी प्यारे बच्चो के चहरे की खुशी देख कर यह पता चलता है कि आप इस शिविर में जानें के लिए कितना ललायित है। मौके पर सुमित बर्मन ने कहा की पलामू गतका संघ के जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी के नेतृत्व में पलामू जिला गतका संघ आगे बढ़ रहा है। इस शिविर में जानें के लिए पलामू गतका संघ की ओर से विभिन्न विद्यालयों से खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में द कराटे एकेडमी से काजल कुमारी, स्नेहा कुमारी, सत्यम ठाकुर, अर्पित राज, आकर्ष प्रताप, सौभाग्य सिद्धार्थ, धनंजय कुमार, गौतम कुमार, ओरिएंट पब्लिक स्कूल से अनामिका मेहता, उमंग दुबे, ब्राइट लैंड स्कूल से जीत तिवारी, सौरभ कुमार, शौर्य सौरभ, शौर्य अविनाश, आदित्या अविनाश, अंश कुमार, अंशु कुमार का नाम शामिल है।

# सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विधिक शिविर का है उद्देश्य : न्यायाधीश

- विधिक सेवा सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का डालसा ने किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान रविवार को जिले के सभी दस प्रखंडो में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता मेला का आयोजन हुआ। शिविर का आयोजन प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार आयोजित हुई। आयोजित कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायाधीश अलग-अलग सभी दस प्रखंडो में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्राधिकार के तहत मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इस दौरान दुमका, मसलिया, रानेश्वर, जरमुंडी, जामा, सरैयाहाट, शिकारीपाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर एवं रामगढ़ प्रखंड मे करोड़ों रुपए का परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया।

इधर दुमका प्रखंड में जिला जज-पंचम, शत्रुंजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा लाभुकों के बीच परिसम्पति एवं अन्य योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रखंड द्वारा स्वीकृति में से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेशंन, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन, मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आबुवा आवास योजना, मईया सम्मान योजना, छात्रवृति सहित अन्य योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर न्यायधीश शत्रुंजय कुमार सिंह ने कहा कि आज के समाज में महिलाओ की भागीदारी जरुरी है। इसके लिए महिलाओ को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाए चलाती है। इसका लाभ उठाने पर जोर दिया। न्यायाधीश ने शिक्षा, रोजगार पर बल देते हुए कहा कि आज के दौर में शिक्षा का होना जरुरी है। इसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने डालसा द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताते हुए लाभ उठाने की अपील की।

इस मौके पर बीडीओ उमेश मंडल, चीफ एलएडीसी सिकंदर मंडल, सीओ अमर कुमार सहित पीएलवी कैलाश रामदास, बबलू मुर्मू, रोहित राय, नितिन कुमार एवं संजय कुमार पांडे के साथ जेएसपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीँ शिकारीपाड़ा प्रखंड में जिला जज तृतीय, राजेश सिन्हा, जामा एवं जरमुंडी प्रखंड में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की, मसलिया प्रखंड में जिला जज प्रथम रमेश चंद्र, सरैयाहाट प्रखंड में जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामगढ़ प्रखंड में वॉटर भोगरा, अवर न्यायाधीश द्वितीय, रानेश्वर प्रखंड में डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, गोपीकंदर प्रखंड में न्यायिक दंडाधिकारी आदित्य एवं काठीकुंड प्रखंड में न्यायिक दंडाधिकारी नेहा झा शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक एवं अंचल, स्वास्थ्य और बाल विकास परियोजना, कार्यालय के कर्मी सहित जेएसपीएल की महिलाएं एवं लाभुक उपस्थित थे।

# कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी

- दो वर्षो से धरना पर बैठ कर रहे आंदोलन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक से होने वाले प्रदूषण से की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोग लगातार आंदोलनरत है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन व स्थानीय प्रशासन शिथिल है। प्रदूषण से रसिकपुर, सोनवाडंगाल, नेतुर पहाड़ी, कुल्हड़िया, श्रीअमड़ा सहित आस पास के लोग प्रभावित है। इस बावत रविवार को स्टेशन परिसर पर धरना पर बैठे आंदोलनकारियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से दो वर्षों से लगातार धरना प्रदर्शन करते आ रहे है। लेकिन जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हैं। इसलिए अब स्थानीय लोगों ने उग्र आंदोलन करने का मन बना लिया है। आंदोलनकारियों ने कहा कि उग्र आंदोलन के तहत कोयला की ढुलाई कर रहे ट्रकों और मालगाड़ियों को रोका जाएगा। प्रदूषण से यहां के लोग तरह-तरह की बिमारियां के शिकार हो रहे है। गौरतलब है कि रसिकपुर, नेतुरपहाड़ी, सोनवाडंगाल, कुम्हारपाड़ा, शिवपहाड़, श्रीअमड़ा, कुल्हड़िया सहित दर्जनों मुहल्ले को कोयला से उड़ने वाला डस्ट प्रभावित कर रहा है। प्रदूषण का जाल अब शहरी इलाकों तक फैल चुका है। यहां बताते चलें कि खासकर रसिकपुर, सोनवाडंगाल, नेतुर पहाड़ी तो पुरी तरह से प्रदूषण की जद में हैं। आंदोलनकारियों ने कहा कि आम जनता विधायक और सांसद हो या वार्ड पार्षद के रूप में प्रतिनिधि समस्याओं के समाधान की आवाज उठाने के लिए चुनते है। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस मामले में अब तक सामने नहीं आया है। कोल डस्ट से रेलवे स्टेशन के आस-पास बने दर्जनों शिक्षण संस्थान प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण से आमजन, नवजात, महिला और पुरूषों, बीमार लोगों पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। रेलवे स्टेशन से चंद गज की दूरी पर दर्जनों शिक्षण संस्थाने है। कोल डस्ट से नौनिहालों और छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। उल्लेखनीय है कि दुमका रेलवे स्टेशन पर ही कोयला रैक बना दिया गया है। कोयला रैक से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। पूरा रेलवे स्टेशन परिसर कोयला डस्ट से पटा पड़ा है। जिसका असर यात्रियों पर पड़ रहा है। धरना देने वालों में संजय मंडल, हेमंत श्रीवास्तव, रविशंकर मंडल, मधुर सिंह, संतोष मंडल, मनोज पंडित, एनएन पंडित, विष्णु यादव, महेश्वर हेंब्रम, गोवर्धन मंडल, ध्रुव मंडल, शैलेश कापरी, मनोज भगत, आशीष नायक, निरंजन यादव, लक्ष्मण पंडित, उपेंद्र चौधरी, अभय गुप्ता, आकाश यादव,संजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ईसाई धर्मावलंबियों ने उत्साह से मनाया पाम संडे, चर्चो में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



दुमका। ईसाई धर्मावलंवियों ने उत्साह के साथ पाम संडे खजूर रविवार मनाया। ईसाइ धर्मावलंबी इसे त्योहार के रूप में मनाते हैं। ईसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के येरुशेलम में विजयी प्रवेश के रूप में पाम संडे त्येहार मनाते हैं। शहर के दुधानी, बंदरजोरी सहित अन्य गिरिजाघरों में इस अवसर पर प्रार्थना सभाएं हुई। जिसमें धर्मगुरुओं ने बाइबल का पाठ किया और प्रभु यीशु के पवित्र संदेश सुनाया। गिरिजाघरों में विशिष प्रार्थना सभाओं के बाद ईसाई धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ शहर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस में स्त्री-पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। यह दिन ईसाई समुदाय के लोगों में प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश के रूप में मनाया जाता हैं। पाम संडे के बारे में पवित्र बाइबल में कहा गया है कि प्रभु यीशु जब य?शलम पहुंचे, तो उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग पाम यानी खजूर की डालिया अपने हाथों में लहराते हुए एकत्रित हो गए थे। लोगों ने प्रभु यीशु की शिक्षा और चमत्कारों को शिरोधार्य कर उनका जोरदार स्वागत किया था। उस दिन के बाद पाम संडे मनाया जाता हैं। पवित्र बाइबल में कहा गया है कि प्रभु यीशु जब यरुशेलम पहुंचे तो उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग अपने हाथों में खजूर की डालियों को हुए एकत्रित हो गए थे और प्रभु यीशु की शिक्षा को ग्रहण किया था। काठीकुंड, गोपीकांदर, शिकारीपाड़ा सहित जिले के कई स्थानों पर उत्साह के साथ पाप संडें मनाया गया। लोग प्रभु यीशु के स्वागत में गीत भी गा रहे थे।

## अंबेडकर शोभा यात्रा निकाल छात्रों ने किया नगर भ्रमण, अंबेडकर मेला आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर पूर्व संध्या हर साल की भाति रविवार को मोटरसाइकिल रैली सह अंबेडकर शोभा यात्रा निकाली गई। रैली एसपी कॉलेज अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास के अधीक्षक प्रोफेसर ह्लडॉ सत्यम कुमार मेहराह्ल के नेतृत्व में निकाली गई। रैली एसपी कॉलेज मैदान से निकाल शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सोनवाडंगाल, रसिकपुर दासपाड़ा, कुम्हारपाड़ा चौक होते हुए शिव पहाड़ गांधीनगर से होकर टीन बाजार चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंची। जहां छात्रों ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। साथी शोभा यात्रा आगे की ओर बढ़ते हुए नगर थाना दुमका के सामने से गुजरते हुए अंबेडकर चौक में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा के सामने पहुंची। जहां माल्यार्पण एवं पुष्प बर्षा कर छात्रों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसक बाद पुनः शोभा यात्रा बस स्टैंड होते हुए विवेकानंद चौक पर पहुंची। जहां पर छात्रों ने पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण करके स्वामी विवेकानंद को याद किया। शोभा यात्रा आगे बढ़ते हुए पोखरा चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो, कान्हू के प्रतिमा स्थल पर पहुंच हुल नायकों को माल्यार्पण कर छात्रों ने नमन किया। इसके बाद शोभा यात्रा शिवपहाड़, मुफ्फसिल थाना से होते हुए एसपी कॉलेज मैदान में पहुंच संपन्न हुई। इस अवसर डॉ सत्यम मेहरा ने कहा कि आंबेडकर होने का मतलब निर्भय होना है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में बहुआयामी योगदान दिया। वे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, और सभी के लिए अधिकारों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दलितों और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष करते हुए उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए प्रयास किया। आज हम सभी लोगों को उनके दिखाये हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर एसपी कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर रजक, अनुचित जाति कल्याण छात्रावास के मिथुन कुमार दास, शंभू रजक, अजीत दास, विवेक कुमार, प्रभारी छात्रनायक हरीश दास, गोल्डन मेहरा, बबलू दास, सचिन मेहरा, अमर कुमार तुरी, पिंकू दास, विकास रजक आदि शामिल रहे।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है : मंत्री योगेंद्र महतो



**बोकारो/कसमार।** प्रखंड स्थित चंद्र नारायण शिशु विद्या मंदिर के स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में शनिवार को रजत जयंती समारोह सह दादा-दादी, नाना-नानी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने विद्यालय के रजत जयंती पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ने 25 वर्षों का सफर, शिक्षा संस्कार समर्पण और परिश्रम का सफल परिणाम है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कसमार एवं पेटरवार प्रखंड में संयुक्त रूप से डिग्री कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोती कुमारी ने भी विद्यालय के रजत जयंती पर ढेर सारी बधाईयां दी और कहा कि शिशु मंदिर ने सीमित संसाधनों में ही क्षेत्र में शिक्षा की रोशनी फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इस वर्ष विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं गीत की प्रस्तुति की गयी। संचालन विद्यालय की शिक्षिका रंजना ने किया। मौके पर वरीय झामुमो नेता सिकंदर कपरदार फारूक अंसारी कसमार पंचायत समिति सदस्य मंजू डे प्राचार्य कपिल कुमार चौबे अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद प्रजापति भोलानाथ दत्ता महेंद्र प्रसाद नंदकिशोर सिंह केदार रजवार रंजना चौबे पूजा कुमारी काजल कुमारी सोनी पांडेय आदि थे।

## चास में पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत कार्यशाला सह-पंजीकरण शिविर का आयोजन



**बोकारो।** चास नगर नगर निगम के सभागार में प्रशासक सह- अपर नगर आयुक्त के निर्देशन में आयोजित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की कार्यशाला सह- पंजीकरण कार्यक्रम में मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के नोडल ऑफिसर डॉ अभिषेक कुमार (असिस्टेंट रजिस्टार कंपनीज, झारखंड सह- असिस्टेंट ऑफिशल लिक्विडेटर हाई कोर्ट झारखंड) द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर योजना से लाभार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 युवक/युवतियों एवं उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। डॉ अभिषेक कुमार ने युवाओं को बताया कि इस योजना के माध्यम से वे कॉरपोरेट सेक्टर में इंटर्नशिप का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने आवेदन की प्रक्रिया पात्रता मानदंड एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान दीन दयाल जन आजीविका मिशन के नगर मिशन प्रबंधकों मधु कुमारी प्रशांत कुमार महेंद्र महतो तथा सुषमा बाला उरांव ने भी लाभार्थियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान 85 युवक/युवतियों द्वारा ऑन-स्पॉट पंजीकरण भी कराया गया। कार्यक्रम में चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त जयपाल मुंडा सहित सभी पदाधिकारी व कर्मी एवं एनयूएलएम कोषांग से सीओ एवं सीआरपी भी सक्रिय रहे।

## जारंगडीह में बाहा बोंगा महोत्सव धूमधाम से संपन्न

- महोत्सव में पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो /जारंगडीह /कथारा।** जारंगडीह मे स्थित जुग जाहेर धोरोम गढ़ सरना स्थल में 13 अप्रैल को बाहा बोंगा महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पेयजल स्वच्छता सह उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक आदिवासी रिति रिवाज से प्रकृति की पूजा आराधना के साथ हुई, जबकि पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के बीच सखुवा का फूल वितरण किया गया। वहीं चढ़ावा चढ़ाये गये बकरे की बली के पश्चात खिचड़ी-मीट प्रसाद के रूप में बांटे गये। इसके बाद आदिवासी महिलाओं और पुरुषों द्वारा मनमोहक आदिवासी नृत्य ने पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

महोत्सव को सफल बनाने में सरना पूजा समिति का मुख्य योगदान देखने को मिला। जबकि यहां की मुख्य व्यवस्था का भार समिति के अध्यक्ष फीनीराम मुर्मू ने संभाल रखा था। जारंगडीह बंद भूमिगत खदान के समीप काली मंदिर के पीछे मैदान में मुख्य सभा स्थल के लिए पंडाल और श्रद्धालुओं के बैठने का इंतजाम किया गया था। जबकि विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बोकारो थर्मल थाना व कथारा ओपी पुलिस पूरे समय तक कार्यक्रम स्थल पर डटी रही। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह स्वंय कमान संभाले थे। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लगे समिति के अध्यक्ष फिंज राम सोरेन तथा सचिव करमचंद मांझी, कोषाध्यक्ष आनंद टुडू तथा इस पूजा को संपन्न करवाने में मुख्य पूजारी पाहन अर्जुन हेम्ब्रम, बद्री मुंडा, चांपी के पूर्व मुखिया श्रीराम हेम्ब्रम, मुखिया पति सीताराम मुर्मू, सुखनाथ मुर्मू, नरेश टुडू, सुदेश भुईंयां, मो. इम्तियाज अंसारी, सुखदेव मुर्मू, दिलीप मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू, हिरालाल मांझी, जयनारायण महतो, मदन मोहन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, इकबाल अहमद, रमेश बेसरा, सुरेश किस्कू, मनोहर मुर्मू, काशीनाथ केवट, शमशुल हक, इकबाल अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिलाध्यक्ष डॉ रतनलाल मांझी, जिला सचिव मुकेश राम महतो, जिप सदस्य अशोक मुर्मू, सुरेश किस्कू, आदि लोग अहम भूमिका निभाए।

## पेज 1 का शेष

### बलिदान व्यर्थ नहीं...

**नम आंखों से पैतृक गांव में दी गयी मिट्टी :** शहीद सुनील धान का पार्थिव शरीर को रविवार को जैसे ही उनके पैतृक गांव कर्रा के कांटी पोहरा टोली पहुंचा, पूरा गांव बिलख उठा। पूरा इलाका बलिदानी सुनील धान अमर रहे, जब तक सूरज चंद रहेगा, सुनील तेरा नाम रहेगा के नारों से गूंज उठा। पूर्व विधायक सुदीप गुड़िया ने सुनील धान की कब्र पर मिट्टी दी और मोमबत्ती एवं अगरबत्ती जलाये तथा फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। एसपी, डीडीसी, एसडीपीओ समेत तमाम अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिया। एसपी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में उनका अदम्य साहस सदा स्मरणीय रहेगा।

### गुजरात तक पार्टी विस्तार...

**पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव आयेगा :** इधर महाधिवेशन के मद्देनजर राजधानी रांची के चौक-चौराहों और सड़कों को झामुमो के झंडे, बैनर और बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर से पाट दिया गया है। श्री भट्टाचार्य ने बताया कि पहले दिन के पहले सत्र में सांगठनिक रिपोर्ट पेश की जायेगी। दूसरे सत्र में पार्टी की ओर से राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया जायेगा और चर्चा के बाद उसे पारित किया जायेगा। इससे पूर्व पार्टी का झंडा फहराया जायेगा। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और फिर कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का स्वागत भाषण होगा।

### राष्ट्र सेवा की पहली सीढ़ी...

**चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं :** मीडिया से बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि झारखंड के चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। झारखंड में 1 लाख से भी अधिक चुनाव से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं। पहला चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, दूसरा मतदाता सूची और तीसरा मतदान एवं मतगणना। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, जिसमें चुनाव के समय केवल 500 लोगों की संस्था वाला चुनाव आयोग डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाती है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान सम्पन्न कराती है। उन्होंने कहा कि मतदान के साथ साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

**राष्ट्र सेवा की प्रथम सीढ़ी है मतदान :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने पूरे देश के मतदाताओं से अपील की कि मतदान में जरूर भाग लें। राष्ट्र सेवा की प्रथम सीढ़ी ही मतदान है। मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वायें। जो 18 वर्ष से अधिक का हो चुका है, छूटे नहीं। इससे पूर्व बीएलओ से संवाद कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनावों में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ ने बहुत मेहनत से काम किया है एवं बारीकी से मतदाता सूची के निर्माण का कार्य किया है। रांची डीसी सह डीईओ मंजू नाथ भजंत्री ने बीएलओ के कार्यों को सराहा एवं मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उप सचिव देव दास दत्ता ने किया। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित निर्वाचन एवं रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं दुर्गम क्षेत्र दशम जलप्रपात के बीएलओ उपस्थित थे।

# आयात पर न्यूनतम निर्भरता के साथ आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति प्रदान करने को अग्रसर है, बोकारो स्टील प्लांट

**अखिलेश कुमार सिंह**





**बोकारो।** विगत छह दशकों से पूर्व प्रबंध निदेशक मंतोष सोंधी के कार्यकाल से बोकारो इस्पात संयंत्र अब देश-विदेश में एक प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठान के रूप में अपनी सशक्त व अमिट पहचान बना चुका है। भारत सरकार के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के इस उपक्रम ने न केवल देश को वैश्विक मंच पर एक सशक्त इस्पात उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई है बल्कि क्षेत्रीय विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी प्रगति को भी निरंतर गति दी है। बीच के विभिन्न कालखंडों में तमाम तरह के उतार चढाव के बावजूद आज बोकारो स्टील प्लांट भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत और ह्यविकसित भारत 2047 जैसी दूरदर्शी पहलों के अनुरूप कार्य करते हुए देश के लिए रणनीतिक महत्व के अनेक स्टील ग्रेड का स्वदेशी विकास कर रहा है जिन्हें पूर्व में विदेशों से आयात किया जाता था। ऐसा ही एक स्पेशल इस्पात है- कौरटन स्टील जो पहले विदेशों से आयात किया जाता था। अब बोकारो स्टील प्लांट ने इसका स्वदेशी विकल्प- वेदर रेसिस्टेंट स्टील (आईएस 11587) का निर्माण किया है जिसे सेलकोर के नाम से जाना जाता है। यह उच्च गुणवत्ता का इस्पात भारतीय रेल के वैगनों और ढांचागत संरचनाओं में व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। देश में ही इसका निर्माण अब आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान कर रहा है। इसी प्रकार जहां कभी शिपिंग कंटेनरों के लिए भारत को अन्य देशों विशेषकर चीन पर निर्भर रहना पड़ता था- आज बोकारो संयंत्र द्वारा विकसित डब्लयू आर-एफई 490 एच ग्रेड स्टील के माध्यम से भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा चुका है। इसके अतिरिक्त संयंत्र ने उच्च तन्यता शक्ति वाले गैल्वनाइज्ड स्टील का विकास किया है जो फूड ग्रेन साइलो निर्माण में प्रयुक्त होता है। 450 जीएसएम जिंक कोटिंग और 350 एमपीए से अधिक यील्ड स्ट्रेंथ से युक्त यह स्टील कृषि भंडारण के लिए तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त एवं टिकाऊ समाधान प्रदान करता है जो सेव ग्रेन कैंपेन और खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करता है। राष्ट्र की सामरिक शक्ति को सशक्त बनाने हेतु बोकारो स्टील प्लांट द्वारा विकसित स्वदेशी डीएमआर 249 ए मरीन ग्रेड स्टील का उपयोग भारतीय नौसेना के अग्रणी युद्धपोतों- आईएनएस विक्रांत आईएनएस महेन्द्रगिरि आईएनएस विंध्यगिरी एवं हाल ही में राष्ट्र को समर्पित आईएनएस नीलगिरि के निर्माण में किया गया है। यह योगदान भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करता है। नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में संयंत्र ने आईएस 277 जीपी 350 ग्रेड के अनुरूप 600 जीएसएम जिंक परत वाले विशेष गैल्वनाइज्ड स्टील का सफल विकास किया है। इसकी उच्च संक्षारण प्रतिरोधक क्षमता और यांत्रिक मजबूती इसे सोलर पैनल माउंटिंग स्ट्रक्चर के लिए आदर्श बनाती है।

इस श्रृंखला में देश की आवश्यकताओं के अनुरूप कई और स्पेशल इस्पात ग्रेड विकसित किए जाने की प्रक्रिया जारी है ताकि विदेशों से आयात पर हमारी निर्भरता न्यूनतम हो सके। बोकारो स्टील सिटी केवल मात्र एक औद्योगिक शहर ही नहीं बल्कि यहाँ विविधता में एकता का प्रतिरूप परिलक्षित होता है। देश के कोने-कोने से आए लोग यहां एक साथ रहकर संयंत्र की सफलता में योगदान दे रहे हैं जिससे यह स्थान राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। स्टील सिटी और परिक्षेत्रीय इलाके का व्यापक जन समुदाय भी बोकारो स्टील की इस गौरवशाली और समृद्ध परम्परा को आगे ले जाने में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है। इस भौगोलिक क्षेत्र के विकास का अग्रदूत रहा बोकारो स्टील प्लांट अब आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यदा- कदा निजी स्वार्थगत मंशा के पोषक तत्वों की विरोधाभासी गतिविधियां भी पांव पसारने का असफल प्रयास करती रही हैं परन्तु तात्क्षणिक व्यवधान, अभी तक संयंत्र के राष्ट्रीय उद्देश्य के दूरगामी सोच को बाधित नहीं कर सका है।

स्पीड न्यूज


# एक झटके में ध्वस्त हो जायेंगी दुश्मन की मिशाइल और ड्रोन

एजेंसी

- भारत ने लेजर से पांच किमी तक हवाई लक्ष्य मार गिराने की दिखायी क्षमता
- अमेरिका, चीन और रूस सहित चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हुआ भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने रविवार को 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली का उपयोग करके फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को मार गिराने की अपनी क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

भारत इसके साथ ही अमेरिका, चीन और रूस सहित उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ऐसी क्षमता दिखाई है। 30 किलोवाट की लेजर हथियार प्रणाली को 5 किलोमीटर की सीमा के भीतर ड्रोन और हेलीकॉप्टर जैसे हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस सफल परीक्षण के बाद कहा कि इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने इस तरह की क्षमता का प्रदर्शन किया है। इजरायल भी इसी तरह की क्षमताओं पर काम कर रहा है। हम इस प्रणाली का प्रदर्शन करने वाले दुनिया के चौथे या पांचवें देश हैं। इसमें संचार और उपग्रह संकेतों को जाम करने सहित उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताएं हैं। इस बहुमुखी हथियार प्रणाली ?से जमीन और जहाज आधारित ?मिशन को अंजाम दिया जा सकता है, जिससे कई क्षेत्रों में भारत की रक्षा तत्परता बढ़ती है। यह प्रणाली सटीक लक्ष्यीकरण के लिए 360 डिग्री इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड सेंसर से लैस है और इसे हवाई, रेल, सड़क या समुद्र के माध्यम से तेजी से तैनात किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ 300 किलोवाट? 'सूर्य?' लेजर हथियार जैसे अधिक शक्तिशाली सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिसकी परिचालन सीमा 20 किलोमीटर है। यह सिस्टम मिसाइलों और मानव रहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) जैसे उच्च गति वाले हवाई खतरों को लक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आधुनिक युद्ध में भारत की स्थिति को और मजबूत? करेगा। ये प्रगति मिसाइल रक्षा और ड्रोन विरोधी अभियानों के लिए उच्च शक्ति वाले लेजर पर जोर देने वाले वैश्विक रुझानों के अनुरूप है।



## पीएम को आतंकी कहने पर कन्हैया के खिलाफ केस दर्ज

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने रविवार को पटना के कोतवाली थाना में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कन्हैया कुमार के द्वारा हिंदी में एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा और आरएसएस के कार्यकर्ताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इकबाल ने कहा, ह्लदेश के लोकतांत्रिक ढांचे में चुने हुए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना न केवल एक शर्मनाक बयान है बल्कि यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। आरएसएस जैसे राष्ट्रवादी संगठन को बदनाम करने की कोशिश करने वाले ऐसे नेताओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## पंजाब में आइएसआइ के दो आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने जर्मनी से संचालित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद क्षेत्र से इसके दो प्रमुख गुर्गों को पकड़ा है। इनके पास से 1.6 किलोग्राम आरडीएक्स युक्त 2.8 किलोग्राम आईईडी और एक रिमोट कंट्रोल बरामद किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर और स्टेट स्पेशल ऑपरेटिंग सेल, एसएएस नगर की संयुक्त पुलिस टीमों ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार किये गए आतंकी की पहचान फतेहगढ़ साहिब निवासी जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है।

## भतीजे आकाश आनंद ने मायावती से मांगी माफी

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पार्टी अध्यक्ष मायावती ने माफी मांगते हुये उन्हे बसपा में फिर से मौका देने की गुहार लगायी है। आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये बसपा सुप्रीमो को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुये उनके प्रति प्रति सम्मान का इजहार किया और अपने कृत्य पर माफी मांगी।

## बिहार में चार आइएएस अधिकारी का तबादला

पटना। बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के चार अधिकारियों का आज तबादला कर दिया तथा दो को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग की रविवार को जारी अधिसूचना केअनुसार, समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) एवं वर्ष 1992 बैच की आईएएस हरजोत कौर बम्हरा को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव एवं 2003 बैच कीआईएएस बन्दना प्रेयषी को समाज कल्याण विभाग के सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला, 30 से अधिक मरे

## सुमी शहर के मेयर की हमले में बाल बाल बची जान

एजेंसी

- सुमी में मनाया जा रहा था पाम संडे, रूस की सेना ने मिसाइल से किया हमला 50 से अधिक लोगघायल
- अंतरराष्ट्रीय युद्ध कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रूस

**कीव।** यूक्रेन के सुमी शहर पाम संडे पर चर्चों में प्रार्थना और श्रद्धा में डूबा था, तभी रूस की तरफ से किए गये भीषण मिसाइल हमले 30 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कम से कम 30 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों की संख्या 50 से अधिक है। सुमी शहर के कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबजार की इस भयानक हमले में बाल बाल जान बच गई है। उन्होंने इस हमले की पुष्टि करते हुए इसे भयानक त्रासदी करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने यूक्रेन के ऊपर ये भयानक हमला उस वक्त किया है, जब दोनों देशों के बीच ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोकने के लिए अमेरिका की तरफ से की जा रही मध्यस्थता के बीच शर्तों को लेकर गंभीर विवाद चल रहा है। दावा किया गया है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर इस समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के प्रमुख स्टाफ एंड्री यरमक ने इस हमले की निंदा की है और इसे नागरिकों के खिलाफ किया गया हमला करार दिया है। यूक्रेनी सुरक्षा अधिकारी एंड्री कोवालेंको ने इस हमले को अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की रूस यात्रा से जोड़ा है जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संभावित शांति समझौते पर चर्चा की है। सुमी



शहर, जो यूक्रेन-रूस सीमा से ज्यादा दूर नहीं है, वो हमेशा से रूसी हमलों की जद में रहा है। लेकिन इस बार हमला बेहद क्रूर और सुनियोजित नजर आता है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला सीधे नागरिक इलाकों पर हुआ, जिसमें इंसानों को निशाना बनाया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस हमले की तीव्र निंदा करते हुए कहा है कि रूस अब सीधे नागरिकों को निशाना बना रहा है।

उन्होंने रूस पर अंतरराष्ट्रीय युद्ध कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रमुख सलाहकार एंड्री यरमक ने भी इसे निहत्थे इंसानों पर जंग की साजिश करार दिया है।

## राम मंदिर के शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर : नपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में परकोटा और परिसर के अंदर भगवान साधु संतों और महापुरुषों की मूर्तियों कि अप्रैल और मई माह में स्थापना की जानी है। सप्त मंदिर की सातों प्रतिमाएं आज पहुंच जाएंगी। उक्त जानकारी रविवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नपेंद्र मिश्र ने दिया। उन्होंने समीक्षा के बाद चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के पूरब मुख्य प्रवेश द्वार पर 500 वर्षों के मंदिर के इतिहास को प्रदर्शित किया गया था। लोगों के सुविधा के लिए यात्री सुविधा केंद्र पर भी मंदिर का इतिहास लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में लाइटिंग को लेकर के भी मंथन चल रहा है। पिकनिक स्पॉट के तर्ज पर राम मंदिर में लाइटिंग नहीं की जाएगी। राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर छाजन की व्यवस्था की गई है, कैनोपी बनाई गई है। एलएनटी ने एक मार्ग पर कैनोपी का निर्माण किया है। दूसरे मार्ग पर राजीकीय निर्माण निगम कैनोपी का निर्माण कर रहा है, जिससे गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत मिले।

## पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में मप्र देश में प्रथम : शाह

**भोपाल।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने मध्य प्रदेश में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में साढे.पांच करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का नौ प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है। प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक नीति निर्माण और प्लानिंग भी करनी होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को दुग्ध उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित करनी होंगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कृषि, पशुपालन और सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साढे. तीन साल में सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पैक्स के सशक्तीकरण, डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहन, उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता, गतिविधियों के विस्तार, नगरीय सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंकों के सुचारू संचालन की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया गया।

## आंध्र प्रदेश के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ लोगों की मौत

एजेंसी

**अनकापल्ली।** जिले में कोटावुराटला मंडल के कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में रविवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घटना पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया है। जिलाधिकारी ने पूरी घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। कोटावुराटला मंडल केंद्र से तीन किमी दूर कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में दिवाली के लिए पटाखे बनाने का काम चल रहा था। आज आतिशबाजी बनाते समय अचानक भीषण विस्फोट हो गया और कारखाने की बिल्डिंग का एक हिस्सा ढह गया और आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। जिनकी पहचान निर्मला, रामालक्ष्मी, वेणुबाबु, बाबूराव, मनोहर, टाटाबाबू, पापा और गोविंद के रूप में हुई है। इसके अलावा छह लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित काकीनाडा जिले के सांभर लखोटा मंडल के निवासी बताए जा रहे हैं। इस हादसा पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री नायडू ने कोटावुराटला मंडल में हुई इस दुर्घटना के संबंध में गृहमंत्री अनिता, कलेक्टर और एसपी से फोन पर बात की। उन्होंने पीड़ितों की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछताछ की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घायलों की स्वास्थ्य के बारे में बताया। मुख्यमंत्री मृतकों के परिजनों के संपर्क में हैं।

## कोयंबटूर में यौन शोषण के आरोप में पादरी गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर पुलिस ने एक ईसाई पादरी जॉन जेबराज (32) को दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह कोयंबटूर के क्रॉसकट रोड स्थित किंग जेनरेशन चर्च में पादरी के रूप में कार्यरत था और केरल में भी धर्मोपदेश देता था। पुलिस के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब पीड़ित लड़कियों के माता-पिता ने कोयंबटूर सेंट्रल ऑल विमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। शिकायत में कहा गया कि जॉन ने लगभग 11 महीनेपहले कोयंबटूर के जी.एन. मिल्स इलाके में अपने घर पर आयोजित एक समारोह के दौरान 17 वर्षीय और 14 वर्षीय दो लड़कियों का यौन शोषण किया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और जॉन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। विशेष पुलिस बल ने रविवार सुबह उसे मुन्नार से गिरफ्तार कर लिया।

# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 13,801 करोड़ बढ़ा

एजेंसी

**रिलायंस का पूंजीकरण 19,757 करोड़ से बढ़कर 16,50, 002 पहुंची अन्य के मुकाबले यह शीर्ष पर**

मुंबई। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन को छोड़कर अन्य साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ को तीन महीने के लिए अस्थाई रूप से स्थगित करने के निर्णय से बीते सप्ताह शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 04 अप्रैल को शीर्ष दस कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का कुल बाजार पूंजीकरण 9020576.61 करोड़ रुपए रहा। वहीं, एक सप्ताह बाद



11 अप्रैल को यह 9034378.29 करोड़ रुपए हो गया। इस तरह इन शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। आलोच्य अवधि में पांच शीर्ष कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा जबकि पांच के कम हो गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार पूंजी 19,757.27 करोड़ रुपए बढ़कर 16, 50,002.23 करोड़ रुपए पर पहुंच गई और अन्य कंपनियों के मुकाबले यह शीर्ष पर बना रहा। साथ ही भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 8,011.46 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी लेकर 1002030.97 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 12,760.23 करोड़ रुपए उछलकर 553348.28 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 28,700.26 करोड़ रुपए उठकर 556054.27 करोड़ रुपए और आईटीसी का 15,329.79 करोड़ की बढ़त के साथ 527845.57 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक की बाजार पूंजी 7,958.31 प्रतिशत घटकर 1382450.37 करोड़ रुपए, टीसीएस की 24,295.46 करोड़ रुपए गिरकर 1169474.43 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की 8,913.09 करोड़ रुपए कम होकर 934351.86 करोड़ रुपए, एसबीआई की 12,271.36 प्रतिशत टूटकर 672960.97 करोड़ रुपए और इंफोसिस की 17,319.11 करोड़ रुपयेकी गिरावट लेकर 585859.34 करोड़ रुपए पर आ गई। इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 28,700.26 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई जबकि टीसीएस में सबसे अधिक 24,295.46 करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस अवधि में बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर तथा एचडीएफसी बैंक दूसरे, टीसीएस तीसरे, भारती एयरटेल चौथे, आईसीआईसीआई बैंक पांचवें, एसबीआई छठे, इंफोसिस सातवें, बजाज फाइनेंस आठवें, हिंदुस्तान यूनिलीवर नौवें और आईटीसी दसवें स्थान पर रही।






संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल 2025 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a Fire Safe India" ("एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें") निर्धारित की गई है।

अग्निकांड एक भयावह आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जनसेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के वीर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार !

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2025 तक पूरे राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a fire safe India" "एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परता पूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार !

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

PRNO 350297 (Jharkhand Fire Service) IPRD 25-26